
अधिकतम :32°C
न्यूनतम : 19°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 30 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 71 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper










## संक्षिप्त समाचार

### विमान लैंडिंग के समय दरवाजा खोलने का प्रयास

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार रात बेंगलुरु से आ रही इंडिगो विमान का दरवाजा एक युवक द्वारा खोलने का प्रयास किया गया। क्रू मेंबर्स ने तत्काल उसे रोक लिया। पायलट ने इसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को दी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा युवक से पूछताछ के बाद उसे फूलपुर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। आरोपी युवक मोहम्मद अदनान मऊ जिले का रहने वाला है। इंडिगो की फ्लाइट 6ई-185 बेंगलुरु से रात्रि 8 बजे उड़ी थी। बताया जा रहा है कि अदनान ने सफर शुरू होते ही एक बार दरवाजा खोलने का प्रयास किया था। क्रू मेंबर्स ने उसे समझा-बुझाकर बैठा दिया था। विमान के वाराणसी पहुंचने और लैंडिग की सूचना मिलते ही अदनान एक बार फिर सीट से उठकर गेट के पास पहुंच गया।

### यूपी में 3574 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद आज से

**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद सोमवार यानी 30 मार्च से शुरू होगी। गेंहू खरीद की प्रक्रिया इस बार 15 जून तक चलेगी। इस बार प्रदेश में खरीद शुरू होने से पहले ही 2.24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। प्रदेश में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अब तक 3574 क्रय केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि कुल 6500 केंद्रों पर खरीद की व्यवस्था की जाएगी। ये केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि सभी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### आजमगढ़ निवासी महिला की याचिका पर अदालत का रुख सख्त

# भरण-पोषण मामले में आदेशों का कितना पालन हुआ

शाह टाइम्स ब्यूरो



- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक माह के भीतर उप्र के सभी परिवार न्यायालयों से मांगी विस्तृत रिपोर्ट
- उम्रकैद काट रहे पूर्व मंत्री अंगद यादव की पैरोल याचिका खारिज, सरकार के फैसले को माना सही

**प्रयागराज/लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूछा कि भरण-पोषण मामलों में आदेशों का कितना पालन किया गया है। कोर्ट ने इसकी एक माह के भीतर प्रदेश के सभी परिवार न्यायालयों से रिपोर्ट मांगी है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि की एकल पीठ ने आजमगढ़ निवासी महिला की याचिका पर दिया है।

याचिका में आरोप है कि आजमगढ़ के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने 11 जुलाई 2025 को पति को सीआरपीसी की धारा-125 (अब बीएनएसएस की धारा 144) के तहत 4000 रुपए प्रतिमाह भरण-पोषण देने का आदेश दिया था। पति ने अब तक केवल 5000 रुपए ही जमा किए, जबकि बकाया राशि एक लाख रुपए से अधिक हो गई है। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रधान न्यायाधीश ने आवेदन की तिथि से भुगतान करने का आदेश दिया था पर पति ने अब तक केवल पांच हजार रुपए दिए हैं। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने दलील दी कि पति बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा करने के लिए तैयार है। साथ ही नियमित भरण-पोषण की राशि का भुगतान करेगा। कोर्ट ने पति को एक माह में 50 प्रतिशत बकाया जमा करने का आदेश दिया। साथ ही शेष राशि अगले एक माह में जमा करने का आदेश दिया। चेतावनी भी दी है कि आदेश का पालन न करने पर पति को सिविल जेल जाना पड़ सकता है। संपत्ति कुर्क कर नीलामी की जाएगी। साथ ही बकाया राशि छह प्रतिशत ब्याज के साथ वसूल होगी। कोर्ट ने आदेशों को लेकर आजमगढ़ के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के साथ ही प्रदेश के सभी परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों से विवरण एक माह में मांगा है। 27 अप्रैल को मामले की सुनवाई होगी। वहीं यूपी में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अंगद यादव की पैरोल याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने साफ कहा कि केवल बच्चों की शादी तय करने या रिश्ते खोजने के लिए किसी कैदी को पैरोल नहीं दी जा सकती।

### मुख्तार पर हमले के आरोपी बृजेश सिंह समेत पांच आरोपी बरी, कोर्ट में आरोप नहीं हुए साबित

**लखनऊ।** यूपी के मऊ से माफिया विधायक मुखतार अंसारी पर 22 वर्ष पहले जानलेवा हमले के मामले में राजधानी लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, आनंद राय, सुनील राय और अजय सिंह को दोषमुक्त कर दिया है। कोर्ट ने देर शाम करीब 6रू30 बजे आरो. पियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन आरोपियों के खिलाफ आरोपों को साबित नहीं कर पाए। ऐसे में आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया जाता है। इसके पहले बृजेश सिंह, आनंद राय और सुनील राय कोर्ट में हाजिर हुए। जबकि, अन्य मामले में मिर्जापुर जेल में बंद त्रिभुवन सिंह और वाराणसी जेल में बंद अजय सिंह को पुलिस सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया।

# सीएम योगी ने 665 नर्सिंग अफसरों को सौंपे नियुक्ति पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बोले- कोई एक भी नियुक्ति पर सवाल नहीं उठा सकता, पिछले 9 वर्ष में हम लोगों ने 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्ष में हम लोगों ने 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी। एक भी नौकरी की पारदर्शिता व चयन प्रक्रिया पर विरोध का एक भी प्रश्न नहीं उठा सकता है। ये नियुक्ति की प्रक्रिया जो सफलता पूर्वक सफल हो रही है।

मेरिट के आधार पर आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए जिन नौजवानों का चयन हो रहा है परिणाम क्या है, एक नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी, सुचिता पूर्वक होने से न्यायालय का हस्तक्षेप नहीं है। एक पक्ष वह है 2017 से पहले की सभी नियुक्तियां बाधित थी दूसरा पक्ष जो 9 लाख मैनपावर यूपी से जुड़ा, ए प्रतिभाशाली है, यंग ऊर्जा से भरपूर है। इसका लाभ है कि जो राज्य बीमारू था आज हमने उसे भारत की इकानमी का ग्रोथ इंजन बना दिया। जिस राज्य में वेतन देने के लिए पैसे नहीं थे आज वो रेवेन्यू सरप्लस हो गया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य की आमदनी प्रतिव्यक्ति आय, देश के अंदर आबादी में सबसे ऊपर लेकिन आमदनी में सबसे नीचे के पायदान पर गिना जाता था। बाटम 6 में गिना जाता था, आज वह राज्य देश के अंदर टाप अर्थव्यवस्था में एक है। अपनी प्रतिव्यक्ति आय को 16 की तुलना में 3 गुना करने में सफलता मिली है। जीरो टालरेंस सिर्फ अपराध व अपराधियों के प्रति ही नहीं है। जीरो टालरेंस करप्शन के प्रति भी है। जीरो करप्शन के लक्ष्य को लेकर सरकार पहले दिन से चल रही है। इसी लिए इस पूरी प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी हो, किसी भी प्रकार से ह्यूमन इंटरफेयरस न हो इस बात को ध्यान में रख कर इस पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। इसी का परिणाम है कि हर हफ्ता हम किसी न किसी नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम से जुड़ते है।

# बहुजन भाईचारा महारैली में गरजे चंद्रशेखर

- आजाद समाज पार्टी सांसद ने आरक्षण और हक की लड़ाई को बताया सबसे बड़ा हथियार

**लखीमपुर।** यूपी के लखीमपुर खीरी स्थित शहीद नसीरुद्दीन मेमोरियल मैदान में आजाद समाज पार्टी की ओर से सम्राट अशोक की जयंती पर आयोजित बहुजन भाईचारा संवाद महारैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि यह तानाशाही सोच वाली सरकार है और अब इसके पतन का समय शुरू हो चुका है। उन्होंने भीमराव आंबेडकर के संविधान की ताकत को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए कहा कि हमारे अधिकार हमें किसी सरकार ने नहीं, बल्कि बाबा साहब के संविधान ने दिए हैं। इन्हें कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने कहा कि जब-जब बहुजन समाज एकजुट हुआ है, तब-तब सत्ता को झुकना पड़ा है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा हम डरने वाले नहीं, लड़ने वाले लोग हैं। अगर हमारे हक पर चोट होगी तो हम सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और संगठन के रास्ते पर चलें और अपने अधिक. ारों के लिए सजग रहें। तिकुनिया कांड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे मोटर साइकिल से पीड़ितों तक पहुंचे। उन्होंने कहा हम अन्याय के खिलाफ हर हाल में खड़े रहेंगे, चाहे कितनी भी बाधाएं आएं। उन्होंने यह भी कहा कि वोट की ताकत से ही तिकुनिया कांड से जुड़े लोगों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया गया, जो लोकतंत्र की असली ताकत है।

# यूपी में नोएडा एयरपोर्ट पर सियासी जंग शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बसपा सरकार में पूरे हुए जेवर एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम बसपा की सरकार में पूरे हो गए थे। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अगर केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस पर रोड़े न अटकाए होते तो इसका निर्माण काफी पहले ही पूरा हो जाता।

उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि काफी लम्बे इंतजार के बाद जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल हवाई अड्डा के प्रथम चरण का कल उद्घाटन हुआ, जबकि इसकी रूपरेखा ही नहीं, बल्कि इसके सभी जरूरी बुनियादी कार्य बीएसपी की मेरी सरकार में ही शुरू हो गए थे। उन्होंने आगे कहा कि इतना ही नहीं बल्कि उस समय केन्द्र में रही कांग्रेस पार्टी की सरकार अगर रोड़ा नहीं अटकाती तो विकास का यह कार्य, यमुना एक्सप्रेसवे आदि की तरह, काफी पहले मेरी सरकार में ही पूरा हो गया होता। जहां तक सपा सरकार का सवाल है, तो इनका ज्यादातर समय उत्तर प्रदेश की ग़रीबी व पिछड़ेपन आदि को दूर करने हेतु विकास के ठोस कार्य करने के बजाय, खासकर बीएसपी सरकार द्वारा समाज के कमजोर तबकों के हित, कल्याण व उनके उत्थान हेतु लिए गए ऐतिहासिक फैसलों व किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को निष्क्रिय बनाने के साथ-साथ बहुजन समाज में जन्में महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आदर-सम्मान में निर्मित शिक्षण व मेडिकल संस्थानों व जिला आदि का नाम बदलने व उनके नाम पर बने स्थलों, स्मारकों, एवं पार्कों आदि की अनदेखी व उपेक्षा करने के नकारात्मक, जातिवादी व राजनीतिक द्वेष में ही ज्यादातर समय लगी रही, जो किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। अतः इन सबके मद्देनजर यूपी की जनता से अपील है कि वे विरोधी पार्टियों की छलावापूर्ण राजनीति व बहकावे में ना आकर बी.एस.पी. के 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति व सिद्धान्त में विश्वास रखते हुए अपने व प्रदेश के विकास हेतु बीएसपी के आयरन नेतृत्व पर ही भरोसा करें। इसके साथ ही, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की अलग से बेंच व उनके लिए अलग से प्रदेश बनाने का सपना ना जाने कब पूरा होगा?

### सास और ससुर को बहू से भरण-पोषण पाने का कानूनी अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सास-ससुर को अपनी बहू से भरण-पोषण पाने का कानूनी अधिकार नहीं हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता या पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण पाने वालों की सूची में ससुर या सास शामिल नहीं किया गया है। यह फैसला न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की पीठ ने आगरा के राकेश कुमार और एक अन्य की आपराधिक पुनरीक्षण अर्जी पर दिया है। आगरा निवासी याचियों ने परिवार न्यायालय में बहू से भरण पोषण की मांग करते हुए अर्जी दायर की, जिसे खारिज कर दिया। इस फैसले को याचियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची अधिवद्रा ने दलील दी कि याची वृद्ध, अनपढ़ और निर्धन हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 73583.22
निफ्टी 22819.60



सोना 141000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 225000
प्रति किलो



# ईरान युद्ध और घरेलू आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले कुछ सप्ताह से जारी गिरावट के बीच आने वाले सप्ताह में एक बार फिर निवेशकों की नजर ईरान युद्ध की स्थिति पर रहेगी। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में कुछ प्रमुख आंकड़े भी आने वाले हैं। सोमवार 30 मार्च को फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने हैं। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद की तस्वीर बताने वाला मार्च का पहला वृहत आंकड़ा विनिर्माण पीएमआई का होगा, जो 02 अप्रैल को जारी होगा।

वाहनों की बिक्री के कंपनियों के अलग-अलग आंकड़े भी 1 और 2 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। इन सभी कारकों का असर शेयर बाजारों पर दिखेगा। बीते सप्ताह गुरुवार को रामनवमी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। सोमवार और शुक्रवार को बड़ी गिरावट रही, जबकि मंगलवार और बुधवार को लिवाली को जोर रहा। बीएसई का संसेक्स पिछले सप्ताह 949.74 अंक (1.27 प्रतिशत) लुढ़ककर शुक्रवार को 73,583.22 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी इस दौरान 294.90 अंक यानी 1.27 प्रतिशत टूटकर 22,819.60 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 1.13 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। संसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयरों में साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। बीईएल का शेयर सबसे अधिक पांच फीसदी टूटा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का 4.69 प्रतिशत, ट्रेंट का 4.64, भारतीय स्टेट बैंक का 3.62, एचडीएफसी बैंक का 3.10, टाइटन का 3.09 और अडानी पोर्ट्स का 2.01 प्रतिशत फिसल गया। टाटा स्टील का शेयर 1.75 प्रतिशत, आईटीसी का 1.72, मारुति सुजुकी का 1.70, एनटीपीसी का 1.29 और इंडिगो का 1.16 प्रतिशत गिर गया।

### इंडिगो नवी मुंबई से 30 से अधिक नए मार्गों पर शुरू करेगी उड़ानें

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख विमान सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो ने 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नए मार्गों पर उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने रविवार को बताया कि नए मार्गों में नवी मुंबई से आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, बेलगांव, चंडीगढ़, दीव, कन्नूर, कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम के लिए उड़ानें शामिल होंगी। इन उड़ानों के साथ नवी मुंबई से और नवी मुंबई के लिए इंडिगो की सप्ताह में 400 से अधिक उड़ानें हो जाएंगी। विमान सेवा कंपनी ने आज ही गुजरात के भावनगर और महाराष्ट्र के नवी मुंबई के बीच भी उड़ान शुरू की है। इस मार्ग पर एटीआर विमान का परिचालन किया जा रहा है।

# चावल मजबूत, गेहूं, चीनी में साप्ताहिक गिरावट, दाल, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और चीनी की कीमतों में नरमी रही जबकि खाद्य तेल और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 45 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,852 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 22 रुपए टूटकर 2,797 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव दो रुपए बढ़कर 3,296 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 72 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल 68 रुपए और चना दाल पांच रुपए सस्ती हुई। मूंग दाल में 19 रुपए की गिरावट रही। मसूर दाल का भाव चार रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा। बीते सप्ताह पाम ऑयल में औसतन 219 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। मूंगफली तेल 74 रुपए और सरसों तेल 48 रुपए फिसल गया। सूरजमुखी तेल की कीमत 30 रुपए और वनस्पति की 29 रुपए टूट गई। सोया तेल भी 145 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 44 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी भी 19 रुपए सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहनः दाल चना 7708.92 रुपए, मसूर काली 8050.33 रुपए, मूंग दाल 10173.12 रुपए, उड़द दाल 10787.15 रुपए, तुअर दाल 11168.69 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2796.99 रुपए और चावल 3852.10 रुपए प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3295.55 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4298.78 रुपए और गुड़ 4991.02 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 17656.22 रुपए, मूंगफली तेल 18698.00 रुपए, सूरजमुखी तेल 17257.92 रुपए, सोया तेल 14527.26 रुपए, पाम ऑयल 13241.65 रुपए और वनस्पति 14690.16 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोंहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पान मसाला उद्योग से तीन गुना अधिक स्क्रैप में की गई टैक्स चोरी

लखनऊ, वार्ता

स्क्रैप सेक्टर में टैक्स चोरी का दायरा पान मसाला उद्योग की तुलना में तीन गुना से भी अधिक सामने आया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार, लोहा, तांबा और स्क्रैप से जुड़े मामलों में करीब 20 हजार करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। जबकि, पान मसाला और तंबाकू सेक्टर में यह आंकड़ा लगभग 6000 करोड़ रुपये है।

उत्तर प्रदेश में भी स्थिति कुछ इसी तरह की है। जांच एजेंसियां अब इस बात की भी पड़ताल कर रही हैं कि क्या पान मसाला उद्योग में टैक्स चोरी का भय दिखाकर जांच टीमों का फोकस वहां केंद्रित किया गया। जबकि, दूसरी ओर स्क्रैप से भरे ट्रक हाईवे पर बिना रोक-टोक गुजरते रहे। इस दौरान संगठित तरीके से बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी को अंजाम दिया गया। डायरेक्टोरेट जनरल आफ जीएसटी इंटेलिजेंस द्धडीजीजीआईक्त्र के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में स्क्रैप सेक्टर से जुड़े 1976 मामलों में 16,806 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। वहीं, पान मसाला और तंबाकू से जुड़े 212 मामलों में 5,794 करोड़ रुपये की चोरी सामने आई। वर्ष 2025-26 में इन मामलों में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि स्क्रैप नेटवर्क में प्रदेश की कुछ बड़ी इस्पात कंपनियों की संलिप्तता हो सकती है। प्रदेश में जीएसटी चोरी के खिलाफ जारी कार्रवाई में स्क्रैप माफिया के बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ है। हाल ही में यूपी एसटीएफ ने गाजियाबाद में 100 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी। नोएडा पुलिस ने भी फर्जी कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। इस नेटवर्क में करीब 2,600 फर्जी फर्मों के शामिल होने की बात सामने आई है। मेरठ और गाजियाबाद को केंद्र बनाकर चल रहे 500 करोड़ रुपये के फर्जी इनवाइस रैकेट का भी भंडाफोड़ किया गया है। स्क्रैप सेक्टर में टैक्स चोरी मुख्यतः फर्जी इनवाइसिंग और सर्कुलर ट्रेडिंग के जरिए की जाती है। इसके लिए प्रवासी मजदूरों या आम लोगों के आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर कागजी कंपनियां बनाई जाती हैं। ये फर्में आपस में केवल कागजों पर लेनदेन दिखाती हैं, जबकि वास्तविक रूप से कोई माल सप्लाई नहीं होता। छोटे कबाड़ियों से नकद में स्क्रैप खरीदकर व्यापारी उस पर मिलने वाले इनपुट टैक्स क्रेडिट द्धआईटीसीक्त्र की कमी को फर्जी बिलों के जरिए पूरा करते हैं। एक ही स्क्रैप के बिलों को कई कंपनियों के बीच बार-बार घुमाया जाता है, जिससे नकली टर्नओवर बढ़ाया जाता है। इस प्रक्रिया के जरिए बिना वास्तविक व्यापार के करोड़ों रुपये का टैक्स क्रेडिट या रिफंड हासिल कर लिया जाता है।

### अगले तीन दिन में कई बार करवट लेगा यूपी का मौसम

**लखनऊ।** मौसम का मिजाज हर दिन करवट बदल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव की वजह से एक बार फिर से 29 मार्च से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होने की संभावना बढ़ गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह दौर एक अप्रैल तक जारी रहने की संभावना जताई जा रही है, जो 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अपना प्रभाव डालेगा। मौसम विभाग के अनुसार 29 मार्च को 3 से 5 डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है और देर शाम या रात को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बारिश का यह क्रम 30 व 31 मार्च को तीव्र हो सकता है और लखनऊ समेत बाकी हिस्सों में भी प्रभाव डाल सकता है। इस वजह से कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो सकती है। बारिश की वजह से 31 मार्च तक तापमान में 3 से 5 डिग्री की ही गिरावट के बाद फिर से अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं।

# दर्दनाक हादसे- दो मां और दो बच्चों की मौत, चारों को ट्रकों ने कुचला

लखीमपुर खीरी, वार्ता

- इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल

यूपी के लखीमपुर खीरी में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं में कुल चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। पहले हादसे में लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर बाइक और डीसीएम में टक्कर हो गई। जिसमें छह माह की बच्ची और 28 वर्षीय मां शाहमीन की दर्दनाक मौत हो गई।

डीसीएम लेकर भागने के प्रयास में ईरिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया है। पठान पुरवा निवासी इसराइल अपनी पत्नी शाहमीन और तीन बेटियों के साथ बाइक से नीमगांव अपने मामा के यहां शादी समारोह में जा रहे थे। इसराइल ने बताया वह लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग स्थिति राजेपुर गांव का पास पहुंचे थे। उसी समय सामने से डीसीएम आ गई। बाइक चालक ने बताया डीसीएम चालक ने बाइक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी शाहमीन और रशीदा बाइक से उछलकर डीसीएम के नीचे आ गई। पहिए के नीचे आए से छह माह की बच्ची रशीदा के दो टुकड़े हो गए और 28 वर्षीय शाहमीन के सीने के ऊपर हिस्सा कुचलकर अलग हो गया। जबकि बाइक चला रहे इसराइल द्ध29क्त्र आफरीन छह वर्ष और पलक तीन वर्ष उछलकर दूसरी तरफ गिरने से बाल बाल बच गए। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से भागने के प्रयास में आगे जा रहे रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा उछलकर सड़क किनारे पलट गया। ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांचों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी फरधान लाया गया। जहां से ई रिक्शा चालक राजकुमार को छोड़कर चार लोगों को जिला अस्पताल ओयल के लिए रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने आकर डीसीएम मौके पर रोक लिया और चालक को पकड़ लिया।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 17° C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 30 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 71 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 10 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बसपा सरकार में पूरे हुए जेवर एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम: मायावती पेज 2



जब भी खेलने आता हूं, 120 प्रतिशत के साथ आता हूं: कोहली खेल टाइम्स



ट्रम्प की हठधर्मिता से धराशायी हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा सम्पादकीय



किम जोंग उन ने बढ़ाई ट्रम्प की टेंशन पेज 12

# ईरानी मिसाइलों से थर्राया सऊदी स्थित अमेरिकी एयरबेस

## ईरान ने किया कई एयरक्राफ्ट मार गिराने का दावा, कबाड़ बना दिखा अवाक्स

तेहरान, वार्ता

**पश्चिम एशिया** से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पिछले एक महीने से जारी भीषण जंग के बीच ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाया है। ईरान ने दावा किया है कि इस हमले में अमेरिका के कई विमान तबाह हुए हैं।

ईरानी मीडिया के मुताबिक, इस हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। सबसे हैरत की बात यह है कि इस हमले में वहां तैनात अमेरिका का सबसे आधुनिक कमांड एंड कंट्रोल विमान 'ई-3 अवाक्स' मलबे के ढेर में तब्दील हो गया है। दावा करते हुए ईरान ने कुछ तस्वीरें भी जारी की हैं। तस्वीरों में दिख रहा है कि विशालकाय विमान का बीच का पूरा हिस्सा उड़ चुका है। इसके अलावा, विमानों में ईंधन भरने वाले रिफ्यूलिंग विमानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान का दावा है कि बदले की इस कार्रवाई में कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। वहीं, दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।



■ ईरान ने हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का किया इस्तेमाल

### जो भी ईरान आएगा, ताबूत में लौटेगा

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य बलों की बढ़ती तैनाती के बीच, ईरानी अंग्रेजी अखबार तेहरान टाइम्स ने वाशिंगटन को चेतावनी भरा संदेश दिया है। अखबार ने शनिवार के अंक के पहले पृष्ठ पर बड़े अक्षरों में लिखा 'वेलकम टू हेल' और चेताया कि जो भी अमेरिकी सैनिक इरानी क्षेत्र में प्रवेश करेंगे, वे सिर्फ ताबूत में लौटेंगे। अखबार की चेतावनी के ठीक समय पर लगभग 3,500 अमेरिकी मरीन सैनिक पश्चिम एशिया में अमेरिका के सेंट्रल कमांड क्षेत्र में तैनात किए गए। मरीन सैनिक यूएसएस त्रिपोली के जरिये जापान से रवाना किए गए, जो अमेरिका के सबसे बड़े अम्फीबियस असाल्ट जहाजों में से एक है। यह कदम पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तैनाती खर्ग द्वीप को कब्जे में लेने के लिए अमेरिकी ऑपरेशन की तैयारी हो सकती है।

**अमेरिकी सैनिकों की तैनाती पर ईरानी मीडिया की चेतावनी, लिखा वेलकम टू हेल**



वाशिंगटन: 'नो किंग्स' (डोनाल्ड ट्रम्प) के विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल मॉल में आयोजित एक रैली में नकली खून से लथपथ एक प्रदर्शनकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### भर्ती के लिए रिश्वत लेने में सीआरपीफ के डीआईजी को तीन साल की सजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीआरपीएफ में सिपाही (जीडी) भर्ती में रिश्वत लेने के मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने तत्कालीन डीआईजी विनोद कुमार शर्मा, सीआरपीएफ कर्मी सत्यवीर सिंह व तीरथ पाल चतुर्वेदी को तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीनों पर 1.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बताते चलें कि वर्ष 2009 में सिपाही (जीडी) भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों से नौकरी दिलाने के बदले रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। डीआईजी विनोद कुमार शर्मा पर अन्य आरोपियों के साथ मिलकर इसकी साजिश रचने के आरोप लगे थे। जांच में इसकी पुष्टि हुई थी। जांच में पता चला था कि पैसे लेने के बाद उम्मीदवारों को भर्ती से जुड़ी जानकारियां पहले से मुहैया कराकर भर्ती में मदद की जाती थी। शिकायत पर सीबीआई ने 23 फरवरी 2009 को मामला दर्ज किया गया था।

### मेरठ में प्रतिमा से जाट शब्द हटाने पर हंगामा

**मेरठ।** मेरठ में सूरजमल की प्रतिमा अनावरण समारोह में हंगामा हो गया। महाराज सूरजमल की प्रतिमा की फाउंडेशन वॉल से जाट शब्द हटाने पर लोग भड़क गए। बिरादरी के लोग धरने पर बैठकर हंगामा करने लगे। मौके पर एसडीएम सरधना उदित नारायण पहुंचे। उन्होंने 10 दिन का समय मांगा। एसडीएम ने कहा कि जाट शब्द वाली प्लेट कहीं खो गई। उसे खोजकर 10 दिनों में लगा दी जाएगी। इस पर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक ने प्रशासन को 15 दिन का समय दिया। उन्होंने कहा कि अगर 15 दिन में जाट शब्द नहीं लगा, तो 16वें दिन पंचायत होगी। इसके बाद धरना खत्म कर दिया गया। इस दौरान करीब 45 मिनट तक धरना प्रदर्शन होता रहा। वहीं इस मामले पर नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल ने सीएम योगी पर निशाना साधा। उन्होंने मंच से कहा कि पुलिस ने जाट शब्द हटा दिया। वो तो बालियान जी अपने आप बात करेंगे, नहीं तो आपके योगी जी को ही हटवा देंगे। लोगों का कहना है कि पुलिस-प्रशासन जान बूझकर हमारे समाज को नकार रहा है। हमारे महाराजा श्री का अपमान किया जा रहा है।

# जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट: मोदी

## कहा: भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं, सरकार पर भरोसा करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं।

सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि जंग के चलते ऊर्जा संकट: साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं, सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे। मार्च का ये महीना, वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरी दुनिया इससे पहले कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजर चुकी है। हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी, लेकिन दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियां बनती चली गईं। वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे-संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं खाड़ी देशों का बहुत आभारी हूं, वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं। पीएम ने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला, इस मुकाबले को जीतकर जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्राफी को अपने नाम कर लिया। सबसे खुशी की बात है कि करीब 7 दशकों के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया।



■ मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया

## पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार से केरल में भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरुआत की है। पलक्कड़ में रैली के बाद पीएम त्रिशूर पहुंचे हैं। यहां उनका रोड शो 34 मिनट तक चला।

सड़क के दोनों और लोगों की भीड़ मौजूद रही। इससे पहले पलक्कड़ में रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा था कि दशकों से केरल मतलबी पॉलिटिक्स के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ एलडीएफ, दूसरी तरफ यूडीएफ एक तरफ कम्युनिस्ट, दूसरी कांग्रेस। एक करप्ट, दूसरा महा-करप्ट। एक कम्युनल, दूसरा महा-कम्युनल। एलडीएफ और यूडीएफ की सारी पॉलिसी सिर्फ वोट-बैंक पॉलिटिक्स के लिए हैं। पीएम ने कहा कि इन भ्रष्टाचारी पार्टियों को बीजेपी से डर लगता है।

■ पलक्कड़ में बोले: केरल स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों में फंसा
■ एलडीएफ-यूडीएफ दोनों भ्रष्टाचारी

# अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ 80 लाख लोगों का मार्च

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका में** राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए।

आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ट्रम्प के खिलाफ अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 3 बार नो किंग्स प्रदर्शन हो चुके हैं। पहला बड़ा प्रदर्शन जून 2025 में आयोजित किया गया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में दूसरा प्रोटेस्ट हुआ। जबकि तीसरा प्रोटेस्ट 28 मार्च को हुआ था। अमेरिका के लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारी मार्च करते हुए। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर और मैनहट्टन इलाके में भी बड़ी संख्या में लोग जुटे। कई प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प की फोटो के साथ एपस्टीन लिखे हुए पोस्टर लहराए। मिनेसोटा के मिनियापोलिस और सेंट पाल में करीब 2 लाख लोगों ने ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। मिनेसोटा के मिनियापोलिस और सेंट पाल में करीब 2 लाख लोगों ने ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में प्रदर्शन के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी (आईसीई) के दफ्तर के बाहर अमेरिकी झंडा जला दिया। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लास एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लॉस एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में 'नो किंग्स' प्रदर्शन के दौरान लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पुतले के जरिये अपना विरोध जताया। ग्रीस की राजधानी एथेंस में अमेरिकी दूतावास के बाहर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यह अमेरिका में चल रहे 'नो किंग्स' आंदोलन के समर्थन में था। इटली की राजधानी रोम में 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कई बड़े नेताओं के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू, इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मिलोनी और डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किए। मिनेसोटा राज्य में डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने लोगों को संबोधित किया। ट्रम्प और नेतन्याहू ने अमेरिका को ईरान के साथ एक ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।



■ 50 राज्यों में 3,300 जगह प्रदर्शन
■ ईरान वॉर और महंगाई मुद्दे को लेकर पद से हटाने की मांग
■ प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों से नाराज

# बेंगलुरु में प्रोफेसर ने स्टूडेंट को आतंकी कहा, सस्पेंड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में निजी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के खिलाफ स्टूडेंट को आतंकी कहने पर शनिवार को केस दर्ज हुआ। यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है। घटना का 58 सेकेंड का वीडियो वायरल है। पुलिस ने मामले पर खुद से नोटिस लिया।

घटना 24 मार्च की है। एफआईआर के मुताबिक, विशेष समुदाय के छात्र ने प्रोफेसर से क्लास से बाहर जाने की परमिशन मांगी। इस पर प्रोफेसर को गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा कि शर्म नहीं आती तुमको आतंकी। प्रोफेसर यहां नहीं रुके, उन्होंने कहा कि मैंने सोचा था कि मैं आज बहुत शांत रहूंगा। ईरान युद्ध तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से हुआ। ट्रम्प तुम्हें ले जाएगा। तुम बेवकूफ हो, तुम नरक में जाओगे।' पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर ने क्लास में पीड़ित छात्र को बार-बार आतंकी कहा और उसके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। घटना के वक्त क्लास में 60 स्टूडेंट मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि छात्र की ओर से औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन प्रोफेसर के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 (धार्मिक भावनाएं आहत करने का प्रयास) और 352 (जानबूझकर अपमान) में केस दर्ज किया है।

■ आरोप- यूनिवर्सिटी ने क्लास में पीड़ित का सपोर्ट करने पर अन्य छात्रों को सस्पेंड किया

# होर्मुज स्ट्रेट संकट के बीच भारत को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट में युद्ध जैसे हालात के बीच भारत के लिए राहत की खबर आई है। देश के दो और एलपीजी टैंकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। ये टैंकर देश की एक दिन की रसोई गैस की जरूरत पूरी करने जितनी गैस लेकर आ रहे हैं।

सरकारी जानकारी के मुताबिक, बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम नाम के दो एलपीजी जहाज करीब 94 हजार टन गैस लेकर होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर 31 मार्च तक मुंबई पहुंचेगा, जबकि बीडब्ल्यू ईएलएम अप्रैल तक न्यू मैंगलोर पहुंचेगा। इजरायल और अमेरिका के हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई थी। हालांकि अब कुछ जहाज सुरक्षित निकलने लगे हैं। इससे पहले चार भारतीय टैंकर भी सुरक्षित भारत पहुंच चुके हैं। पाइन गैस और जग वसंत करीब 92,612 टन गैस लेकर 26 से 28 मार्च के बीच भारत पहुंचे। वहीं, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी भी इससे पहले गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह पहुंच चुके हैं। इससे देश में गैस सप्लाई को बड़ी राहत मिली है। भारत अपनी करीब 60 प्रतिशत रसोई गैस जरूरत आयात से पूरी



■ दो और एलपीजी टैंकर करीब 94 हजार टन गैस लेकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे

## 55 लाख से ज्यादा सिलेंडर वितरित

### केंद्र सरकार बोली: एलपीजी आपूर्ति सामान्य

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है। शनिवार को 55 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। इसके साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलेंडरों की बिक्री भी हुई।

मंत्रालय के अनुसार, किसी भी एलपीजी वितरक पर स्टाक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उद्योग स्तर पर एलपीजी सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग 94 प्रतिशत तक बढ़ गई है। वितरकों के स्तर पर किसी भी तरह के विचलन को रोकने के लिए, डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी का प्रतिशत फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है। सरकार की ओर से बताया गया है कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टाक बना हुआ है। घरेलू खपत का समर्थन करने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। सरकार ने उपभोक्ताओं से एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन करने और एलपीजी वितरकों के पास जाने से बचने का आग्रह किया है।

■ साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलेंडरों की बिक्री भी हुई

# होटल संचालक से रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज

**खाने में कीड़े निकलने का आरोप लगने वाला बना मुजरिम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नावल्टी चौक के करीम होटल प्रकरण में रविवार को नया मोड़ सामने आया है। होटल संचालक ने छोले की सब्जी खरीदने वाले युवक समेत उसके दो साथियों के विरुद्ध अवैध चौथ वसूली, धमकी देने के अलावा होटल की छवि खराब करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस प्रसारित वीडियो, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में लगी है।

रविवार को होटल करीम के संचालक जमीर अहमद पुत्र सगीर अहमद निवासी सरवट गेट ने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा कि मार्च को जुबैर पुत्र मुर्तजा निवासी फक्खरशाह, खालापार उसके साथी मोहम्मद फरीद पुत्र शमशाद, निवासी न्याजूपुरा नगर कोतवाली तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके होटल पर पहुंचकर खरीदी गई छोले की सब्जी में कीड़ा निकलना बताते हुए होटल की वीडियो बनाना बनाया था। विरोध करने पर आरोपितों ने होटल की छवि बचाने के लिए उससे एक लाख रुपये मांगे थे। उसके साथ अपशब्द बोलने के साथ धमकी दी गई। इससे उसके कारोबार पर प्रभाव पड़ा है, जबकि धमकी से वह भयभती है। सिविल लाइंस पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि होटल संच. ालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रकरण की जांच कराई जा रही है। उसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

# मीरापुर के व्यक्ति को पूछताछ के बाद छोड़ा

## मेरठ के कारोबारी की गिरफ्तारी के बाद मीरांपुर पहुंची स्वाट टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा मीरांपुर से एक सनसनी खेज खबर सामने आ रही है। इस कस्बे में दिल्ली से आई एसओजी टीम मीरांपुर के एक जिम्मेदार व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। उक्त व्यक्ति एक कारोबारी है और वह जिम्मेदार लोगो में भी गिना जाता है। चर्चा है कि उक्त व्यक्ति के रिश्तेदार से टावर के सामान चोरी का बहुत बडा खुलासा हुआ है।

जैसा कि सुनने में आया है कि प्रवेन्द्र कुमार तोमर पुत्र रामचन्द्र निवासी हिलवारी थाना बडौत जिला बागपत के सिक्योरिटी सुप. रवाइजर रायल कमांड प्रोटेक्शन ग्रुप के द्वारा सूचना दी गई थी कि इंड्स कम्पनी भारतीय एयरटेल लिमिटेड के टावरों से पंजाब व उत्तर प्रदेश राज्यों में चोरी की लगातार वारदाते हो रही है। बता दे कि यूपी, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब राज्यों में भारतीय एयरटेल लिमिटेड के टावरों की चोरी की वारदातों का ग्राफ बढने पर उक्त राज्यों की पुलिस ने इन मामलों को चुनौती समझा और जहां-जहां घटना हुई उस राज्य और उस जनपद की पुलिस ने खुलासे के लिए टीम गठित की है। जैसा की सूचना आ रही है जिनके बीबीयू उपकरण तकनीकि माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि बीबीयू जाकिर कॉलौनी मेरठ में है इस पर भारतीय एयरटेल लिमिटेड के नेशनल हेड नॉडल सिक्यूरोटिी के वाइस प्रेजीटेंड के द्वारा पूर्व में पुलिस महानिदेशक और जनपद मेरठ के पुलिस मुखिया को इस संबंध में जानकारी दी गई थी जिसके बाद पुलिस ने दूर संचार भारतीय एयरटेल एवं जियो कम्पनी में घटित घटनाओं के खुलासे के संबंध में पुलिस अधीक्षक अपराध और अधीनस्थ अधिकारियों को खुलासे की टीम में शामिल किया। पुलिस ने पंजाब व यूपी से चोरी हुए मोबाइल टावरों के बीबीयू उपकरण कुल संख्या 237 व कॉपर के कार्ड्स 156 बरामद किए। पुलिस ने इस संबंध में जनपद मेरठ के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया उक्त व्यक्ति पर पंजाब, मुरादाबाद सहित अन्य राज्यों में करीब 70 मुकदमे दर्ज बताए गए है। अब मीरांपुर के जिम्मेदार व्यक्ति को भी पूछताछ के लिए पुलिस साथ ले गई है रात्रि में चर्चा रही कि निर्दोष होने पर उक्त व्यक्ति को छोड दिया गया।

# नवजात की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कसा शिकंजा

**टीम ने कई निजी चिकित्सालयों पर मारे छापे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नवजात शिशु की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने निजी चिकित्सालयों के संचालन, पंजीकरण एवं अभिलेखों की जांच के लिए अभियान चलाया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार तेवतिया के निर्देश पर गठित टीम ने 08 निजी चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं, पंजीकरण, अभिलेखों एवं मरीजों की स्थिति का गहन परीक्षण किया गया। टीम का नेतृत्व प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने किया। इस दौरान उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार, स्टेनो दीपक कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी टीम में रहे।

निरीक्षण क्रम में सर्वप्रथम न्यू लाइफ मेडिकेयर, रुड़की रोड का निरीक्षण किया गया, जहां उपस्थित स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि केंद्र आयुर्वेदिक पद्धति में पंजीकृत है। मौके पर कोई भी भर्ती मरीज नहीं मिला।

अभिलेखों की समीक्षा के उपरांत चिकित्सालय को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया। इसके पश्चात आस्था हॉस्पिटल, रुड़की रोड का निरीक्षण किया गया, जो रविवार होने के कारण बंद पाया गया तथा मौके पर कोई भी मरीज नहीं मिला। इसके पश्चात मलिक हॉस्पिटल रुड़की रोड का निरीक्षण किया गया, जहां मुख्य द्वार बंद पाया गया, जबकि अभिलेखों में पंजीकरण दर्शाया गया था। इस संबंध में प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया। इसके उपरांत इंडियन हॉस्पिटल रुड़की रोड का निरीक्षण किया गया, जहां पंजीकृत चिकित्सक मौके पर उपस्थित पाए गए, किन्तु अभिलेख अपूर्ण होने के कारण नोटिस जारी करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में गैलेक्सी हॉस्पिटल रुड़की रोड का निरीक्षण किया गया, जहां चिकित्सक उपस्थित थे, किन्तु अभिलेख अद्यतन न होने के कारण नोटिस जारी किया गया। साथ ही रुड़की रोड स्थित डिवाइन हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया, जहां चिकित्सक उपस्थित पाए गए, किन्तु अभिलेखों में कमी के चलते नोटिस जारी किया गया।



मुजफ्फरनगर: प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल सदर विधानसभा के भाजपाई।

# ऊर्जा व समर्पण अत्यंत प्रेरणादायक: कपिल

## भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के द्वितीय दिवस रविवार को प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। जानसठ रोड स्थित शिक्षण संस्थान में आयोजित प्रशिक्षण महाअभियान के दूसरे दिन बड़ी संख्या में जनप्रति. निधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की कार्यशैली, उसके विस्तार, सुदृढ़ीकरण और प्रभावी संचालन के विभिन्न आयामों पर गहन चर्चा की। प्रशिक्षण सत्र के दौरान अनुभवी मार्गदर्शकों ने संगठनात्मक विकास और कार्यप्रणाली से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। इन विचारों ने कार्यकर्ताओं को अधिक सक्षम और जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह, ऊर्जा और समर्पण अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने बिवास व्यक्त किया कि सभी के संयुक्त प्रयास, अनुशासन और टीम भावना से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान केवल ज्ञानवर्धक ही नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला मार्गदर्शक भी साबित होगा।

कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के कौशल विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के कौशल विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश स्पष्ट रूप से सामने आया कि संगठन की सफलता में प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, और इस प्रकार के प्रशिक्षण अभियान भविष्य की रणनीतियों को सशक्त आधार प्रदान करते हैं।

# आर्य एकेडमी में दस मीटर शूटिंग रेंज का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल ए 2 जेड रोड मुजफ्फरनगर में स्थापना दिवस के अवसर पर लक्ष्यशाला (10 मीटर शूटिंग रेंज) का शुभारंभ किया गया संस्था के प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय चौधरी इलमचंद आर्य जी की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संस्कार शाला में देव यज्ञ का आयोजन हुआ जिसके यज्ञमान देवराज आर्य सहपत्नी रहे। यज्ञ के ब्रह्मा तेजस मुनि जी रहे, सु मृदुला आर्य ने सस्वर वैदिक मन्त्रोचार के द्वारा पुनीत यज्ञ कार्य संपन्न कराया।

यज्ञ के उपरांत नवनिर्मित भवन लक्ष्यशाला (10 मीटर शूटिंग रेंज) का विधि विधान के साथ अशोक बालियान जी तथा तेजस मुनि जी ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। एकेडमी की छात्राओं द्वारा स्वागत गान एवं वाद्य यंत्र प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, इसके पश्चात अतिथियों ने विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक क्षेत्र में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया जिसमें विशेष रूप से कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय, दैनिक उपस्थिति, सर्वश्रेष्ठ कलाकार, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ सुद्धारित छात्र, सर्वाधिक सहानुभूतिशील छात्र, विशिष्ट प्रतिभा में जिला एवं राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा समर्पित माता-पिता पुरस्कृत किए गए। इसके साथ-साथ स्पेल बी एवं राष्ट्रीय ओलंपियाड एसओएफ के पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक बदलता दौर बिखरते रिश्ते कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। जिसके बारे में प्रधानाचार्या सोनिका आर्य ने विस्तार से बताते हुए बच्चों को मोबाइल से दूर एवं अभिभावकों को उनके साथ रहने व उन्हें समझने के लिए प्रेरित किया। साथ ही संस्था के चैयरमेन डॉ सत्यवीर आर्य एवं अध्यक्ष राजकुमार वर्मा जी ने सभी उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

अपने आशीष रूपी उद्बोधन में डॉ राधा मोहन तिवारी, संदीप शर्मा, सहदेव आर्य जी एवं डॉ राजीव कुमार ने सभी उपस्थित अभिभावकों को संस्कार परक शिक्षा की ओर प्रेरित किया।



# डा. तनेजा प्राईड ऑफ मुजफ्फरनगर से सम्मानित



**मुजफ्फरनगर।** बीती रात हिन्दुस्तान तथा पारस ग्रुप द्वारा आयोजित सम्मान समारोह जो मेरठ रोड स्थित होटल मैलेडियन में आयोजित किया गया जिसमें डा. एम.के. तनेजा वरिष्ठ नाक, कान, गला सर्जन रेलवे रोड, मु0नगर को जिलाधिकारी मु0नगर द्वारा बहरापन निवारण, बिना निशान कान के छेद से पर्दा लगाना तथा 400 से अधिक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाने के लिए सम्मानित किया गया। डा. तनेजा को सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय स्तर पर ऑल इन्डिया ई0एन0टी0 डॉक्टर्स एसोसिएशन अध्यक्ष पद प्राप्त करने का गौरव प्राप्त है। डा. तनेजा को उनके द्वारा आयोजित कान की आधुनिक सर्जरी की कार्यशाला तथा उनकी शोध पत्रिका इंडियन जनरल ऑफ ऑटोलोजी के लिए विश्व में पहचाना जाता है। डा. तनेजा सार्क देशों के ई.एन.टी. एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी मनोनीत है।

# मोतियाबिंद कैंप में देखे112 मरीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हर्ष मल्टी स्पेशलिटी जो महावीर चौक के निकट है उसमें डॉक्टर ईशा गुप्ता ने सफेद मोतियाबिंद का कैम्प लगाया। इस कैम्प में 112 मरीज देखे गए और उनका इलाज किया गया। इसमे 25 मरीजों को सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। कैम्प में आयुष्मान कार्ड वाले को मुफ्त ऑपरेशन किया गया इस कैम्प में मरीज दूर-दूर से आए और वह लाभम्वित हुए। डॉक्टर ईशा गुप्ता प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ है और वह पहले भी कैम्प लगा चुके है इन्हे नेत्र रोग की फैलोशिप भी प्राप्त है



डॉक्टर ईशा गुप्ता इंग्लैड लायन्स क्लब इंटरनेशनल से मुजफ्फरनगर की जनता को ओर सुविधा दिलाने की कोशिश कर रही है। लंदन के लायन्स इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चन्द्र प्रकाश से लगातार वार्ता हो रही है। कैम्प में सभी मोतियाबिंद के मरीजों का फेको विधि से विद. ेशी मशीन द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा।

# मंसूरपुर व ककरौली पुलिस ने दस लोगों को भेजा जेल

**मुजफ्फरनगर।** मसूंरपुर पुलिस ने शादी समारोह के दौरान डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है तो वहीं ककरौली पुलिस ने सड़क पर मांस मिलने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मंसूरपुर पुलिस ने बताया कि 28 मार्च की रात्रि में ग्राम खेडी तगान में डीजे पर डांस को लेकर विवाद हुआ जिसमें कई लोग घायल हो गए थे इस संबंध में नाजिम, अजरूद्दीन, गुल मौ., आस मौ. उर्फ आशु व जुनैद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वहीं ककरौली पुलिस ने भी खोकनी के पास राजबाहे के किनारे सड़क पर फेंके गए मांस के अवशेष मिलने के आरोप में अल्तमश, शानेआलम, सालिम, अनस और शावेज को जेल भेजा है।

# शादीशुदा व्यक्ति नहीं रह सकता लिव-इन में

**मुजफ्फरनगर।** पत्नि के रहते पति और पति के होते हुए विवाहिता किसी दुसरे के साथ रहने को लिव-इन रिलेशनशिप का नाम दिया गया। लिवइन रिलेशन के हजारों मामले सामने आए ऐसे बहुत मामले होंगे जिनमें पुलिस ने दखल देना तो दूर ऐसे मामलों में कोई हस्तक्षेप भी नहीं किया। पुलिस ने कानून का हवाला देते हुए ऐसे मामलों में कार्यवाही नहीं की। और पति-पत्नी के मामूली मन मुटाव ने लिवइन रिलेशनशीप का जन्म लिया या इसे यूं भी कहा जा सकता है कि मामूली-मामूली बात पर एक व्यक्ति सरेआम तीसरे के साथ रहकर अपने परिवार को दरकिनार करने लगे। ऐसे मामले सामने आए कि पति के होते हुए कुछ महिलाओ ने दूसरे से संबंध बनाए तो कुछ विवाहित व्यक्तियों ने पत्नि और बच्चों के होते हुए दूसरी महिलाओं के साथ रहना अच्छा समझा, लेकिन अब ऐसे मामलों में यानि के लिवइन रिलेशन में कानून ने कुछ फेर बदल किया है, क्योकि कई मामलों में यही सवाल उठे कि शादी-सुदा व्यक्ति को लिवइन रिलेशनशिप में रहना जायज है या नहीं, जिसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिवइन रिलेशनशीप में अपना अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि कोई भी विवाहित व्यक्ति जब तक विधिवत तलाक नहीं लेता तीसरे व्यक्ति के साथ लिवइन में नहीं रह सकता।












# डीजे की आवाज बनी विवाद की वजह, दो समुदायों में झड़प के बाद पथराव

**■ खेडी तगान में संघर्ष की सूचना पर पुलिस ने दर्जनों को किया गिरफ्तार**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी तगान में एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान बज रहे डीजे को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों समुदायों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट और फिर पथराव होने से दर्जनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अशोक पुत्र टिके राम बंजारा के घर शादी की सालगिरह का कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें डीजे पर देर रात तक तेज आवाज में संगीत बज रहा था। शोर-शराबे से परेशान पड़ोसियों ने आपत्ति जताई, जिस पर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। यह बहस जल्द ही उग्र हो गई और देखते ही देखते मारपीट के साथ पथराव शुरू हो गया। पथराव की इस घटना में एक पक्ष से मुस्कान पुत्री रमेश और गुंजन सहित कई लोग घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से उम्मेद पुत्र मंगता और सफी पुत्र यासीन समेत अन्य लोग चोटिल बताए गए हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने हालात को संभालते हुए भीड़ को तितर-बितर किया और दोनों पक्षों से करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी खतौली भेजा गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। मामले में अक्षय पुत्र रमेश ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, गांव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है, जबकि दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास भी जारी हैं।

## दहेज लोभी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**छपार।** थाना व गांव ककरौली निवासी हारुन की पुत्री नगमा का निकाह क्षेत्र के गांव भेसरहेडी निवासी मुशर्रफ के पुत्र तोहिद के साथ पांच माह पूर्व हुआ था। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे और कार की मांग करते हुए मारपीट व मानसिक उत्पीड़न करते रहते थे। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि 10 फरवरी की रात्रि में पति व ससुर ने उसकी पिटाई की और गले में फंदा डालकर हत्या का प्रयास किया और पति ने उसके साथ कुकर्म किया। अगले दिन दोपहर के समय पति व ससुर उसके कमरे में कपड़े लेने के बहाने घुसे और उसके बैग में आग लगाकर बाहर से कुंडी लगा दी। उसने 112 को सूचना दी और बेहोश हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा खोला और मेडिकल कराया। डेढ़ माह बाद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## पति-पत्नी पर हमला, बेटे को दी धमकी और बाइक में मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर कैलोरा में दबंगई का एक मामला सामने आया है, जहां एक परिवार को लगातार निशाना बनाया गया। पीड़ित दिनेश कुमार पुत्र रण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 मार्च को वह अपनी पत्नी अलका के साथ अपने प्लॉट पर गए थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया और दोनों के साथ जमकर मारपीट की।

इस घटना में पति-पत्नी को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उनका मेडिकल परीक्षण और एक्स-रे कराया गया। पीड़ित के अनुसार, घटना के कुछ दिन बाद मामला और बढ़ गया। उनका बेटा विपुल अपने साथी नितिन के साथ एक दावत से लौट रहा था, तभी आरोपियों ने उनकी खड़ी मोटरसाइकिल में जानबूझकर टक्कर मार दी।

जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।दिनेश कुमार का कहना है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं, जिससे उनके परिवार में डर का माहौल बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर शेखर, खपाल सिंह और अवि के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अब नहीं आते माप तौल विभाग के अधिकारी

## अभी भी ईंट पत्थरों से तोला जाता है सामान

**( नसीम कुरैशी/महक कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना व क्षेत्र में अब माप तौल विभाग के अधिकारी नहीं आते हैं। यही कारण है कि अभी भी काफी दुकानदार पुराने कांटो व बाटों से ही ग्राहकों को सामान तौलकर दे रहे हैं। अगर समय समय पर इस विभाग द्वारा चौकिंग की जाए तो महंगाई के इस दौर में ग्राहक लुटने से बच सकता है।



मिली जानकारी के अनुसार जनपद मुख्यालय पय माप तौल विभाग तो है लेकिन वह आइसीयू में है। मतलब धरातल पर इस विभाग का काम कहीं नहीं दिख पा रहा है। विभाग द्वारा कभी कभी बाटों की जांच सिर्फ खानापूर्ति के लिए की जाती है। लिहाजा बाजारों में कुछ दुकानदारों के द्वारा नकली बाट तो छोड़िये ईंट पत्थर से तौलकर सामान बेचने का सिलसिला खुलेआम जारी है।

नतीजतन ग्राहकों को रोज चूना लगाया जा रहा है। अगर हम कुछ दुकानदारों से सामान खरीदकर उसको कहीं और पर तोलें तो लाजिमी फर्क जरुर पाएगा। ऐसे में ग्राहकों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। जानकारी बताते यह भी हैं कि कर्मचारियों की कमी के कारण भी माप तौल अधिनियम के अनुपालन में कठिनाई हो रही है। छापेमारी नहीं होने से दुकानदारों का भी मनोबल बढ़ रहा है। माप तौल विभाग के जरिये छापेमारी नहीं होने से बाटों का सत्यापन भी नहीं हो रहा। कुछ दुकानदार उपभोकताओं का शोषण करने से बाज नहीं आते हैं। उनका कहना है कि सब कुछ मैनेज है। कई बार ग्राहक जब कम माप तोल की शिकायत करते हैं तो दुकानदार उनके साथ मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इस तरह की बात कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी कभी ना कभी देखने या सुनने को मिल ही जाती है। मजबूरी में लोग दुकानदारों के पास उपलब्ध कांटे बाट पर ही भरोसा करने को बाध्य होते हैं। यहां तक कि इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन में भी कई लोग जान बूझकर गड़बड़ी करते हुए उसी से तौलने की कार्रवाई करते हैं। कुल मिलाकर माप तौल विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता और छापेमारी नही होने से दुकानदारों का मनोबल बढ़ता है और उपभोकता ठगी का शिकार होते हैं। माप तौल के उपकरणों का सत्यापन समय पर नही हो रहा है। जिससे गलत तौल की शिकायतें बढ़ रही हैं। कोई संबंधित अधिकारी इस और ध्यान देगा या फिर उपभोकता चालाक दुकानदारों द्वारा इसी तरह से ठगे जाते रहेंगे?

# खतौली-बुढ़ाना रोड चौड़ीकरण की मांग फिर उठी, सपा नेता ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं में शामिल खतौली-बुढ़ाना मार्ग के चौड़ीकरण की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल एडवोकेट ने इस मुद्दे को उठाते हुए खतौली विधायक मदन भैया को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उन्होंने खतौली-बुढ़ाना रोड तिराहे से सठेड़ी गंगनहर तक सड़क को चौड़ा किए जाने की आवश्यकता बताई। उनका कहना है कि फिलहाल यह मार्ग सिंगल लेन होने के कारण बेहद संकरा है, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

अभिषेक गोयल ने बताया कि इस मार्ग पर कई स्कूल-कॉलेज और विवाह मंडप स्थित हैं, जिससे यहां दिनभर यातायात का दबाव बना रहता है। संकरी सड़क के चलते अक्सर जाम लग जाता है और लोगों का समय व सुरक्षा दोनों प्रभावित होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क चौड़ीकरण की मांग वर्षों से लंबित है। यदि इस दिशा में जल्द कदम उठाए जाएं, तो न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी बल्कि खतौली और बुढ़ाना के बीच व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

विधायक मदन भैया ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे और संबंधित विभाग से बातचीत कर जल्द समाधान का प्रयास करेंगे। वहीं, स्थानीय लोगों ने भी सड़क चौड़ीकरण की मांग को दोहराते हुए कहा कि इससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आवागमन अधिक सुरक्षित हो सकेगा।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण का संदेश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर के जीटी रोड स्थित एक बैंकट हॉल में 'प्रमुख जन गोष्ठी' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता और संगठनों से जुड़े लोगों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य समाज में एकजुटता, समरसता और सेवा भावना को सुख्रढ़ कर राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को गति देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान से किया गया। मुख्य वकता पश्चिम क्षेत्र के शारीरिक शिक्षण प्रमुख नरेश विकल ने अपने संबोधन में संघ के 100 वर्षों के सफर को समाज सेवा, संस्कार और राष्ट्रभकित का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि संगठित और जागरूक समाज ही एक मजबूत राष्ट्र की आधारशिला होता है। उन्होंने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने संगठन की मजबूत नींव रखी और देशभकित की भावना को जन-जन तक पहुंचाया। साथ ही उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में स्वयंसेवकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। विशिष्ट वकता एवं लक्ष्मीनगर विभाग प्रचारक भूपेंद्र ने 'पंच परिवर्तन' विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों का संरक्षण, स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर जीवनशैली, नागरिक कर्तव्यों का पालन और पर्यावरण संरक्षण को समाज में सकारात्मक बदलाव के प्रमुख आधार बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों से इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आ]वान किया। गोष्ठी में अन्य वकताओं ने भी अपने विचार व्यकत करते हुए वर्तमान समय में सामाजिक एकता और सांस्ख्रतिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता




पर जोर दिया। साथ ही शिक्षा, सेवा कार्यों और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में सामूहिक सहभागिता बढ़ाने की बात कही गई। इस अवसर पर जिला संघचालक तेजवीर जी भी मंचासीन रहे और उन्होंने संगठन के विस्तार तथा समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में खतौली के साथ-साथ जानसठ, मीरापुर, बुढ़ाना और शाहपुर क्षेत्रों से आए गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया और सभी अतिथियों का आभार व्यकत किया गया।इस दौरान जिला कार्यवाह सर्वम लखान, सह-जिला कार्यवाह सतीश, जिला प्रचारक नपेन्द्र सहित योगेंद्र, आजाद, विकास, अभिषेक, सोमपाल, अनुज, रविंद्र, भावेश गुप्ता, पंकज भटनागर, विपिन, गौरव, दीनदयाल, पवन, प्रमोद और राजेंद्र समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



बुढाना: नेट बॉल खिलाड़ियों का मुकाबला शुरू कराते भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी।

# राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय का कैबिनेट मंत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से पिता काटकर उद्घाटन किया । पुरकाजी क्षेत्र के गांव फलौदा में सरकार द्वारा बनाए गए राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय का रविवार को दोपहर बाद प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्मल ने विधिवत रूप से पिता काट कर उद्घाटन किया इस अवसर पर मंत्री अनिल कुमार ने वहां पर उपस्थित सभी लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया तथा लोगों को बताया कि यह दवाइयां निशुल्क दी जाएगी तथा इन दवाइयां का कोई साइड इफेक्ट नहीं है और सभी बीमारियों के इलाज के यहां होम्योपैथिक दवाई उपलब्ध है सभी इसका लाभ उठाएं होम्योपैथिक जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय कुमार कात्यान ने



बताया कि यहां पर दातों से संबंधित समस्याओं की बच्चों के तीर्वस ने शोध शिशुओं में उधर शुल बच्चों में सर्दी जुकाम व्यवहार संबंधी समस्याएं बच्चों में ज्ञान अर्जुन असमर्थता उच्च रक्तचाप मूत्र संबंधी गुर्दे संबंधी मादक पदार्थों के सेवन से मुक्ति मलेरिया डेंगू महिला से संबंधित बीमारियों का निशुल्क इलाज किया जाएगा इसके बाद मंत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण किया इस अवसर पर फलौदा केंद्र प्रभारी डॉक्टर अनुराधा रानी सुभाष कुमार भाजपा नेता डॉ संदीप वर्मा धीर सिंह प्रधान रालोद नेता बशारत खान मनोज चौहान विजेंद्र सिंह प्रधान भदौली नदीम अहमद डॉ अनुज निरवाल डॉक्टर मधु लता गौतम डॉक्टर अरुण कुमार डॉक्टर प्रवीण कुमार संजय धीमान सभासद शिवकुमार पाल पूर्व सभासद अमित गोयल रजत गोयल वीरेंद्र सिंह भोला आजम खान आदि लोगों उपस्थित रहे।

# नेशनल मिक्सड नेटबॉल चैंपियनशिप हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर गांव गढ़ी सखावतपुर के समीप स्थित श्री प्यारे जी महाराज स्पोर्ट्स एकेडमी जौला के भव्य परिसर में बीते कई दिनों से चल रही जूनियर नेशनल मिक्स्ड नेटबॉल ब्वायज एंड गर्ल्स चौंपियनशिप का समापन मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सैंकड़ों गणमान्य लोगोंघ की मौजूदगी में अपने कर कमलों के द्वारा ट्राफी, शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस चैंपियनशिप में देश भर से आई कई टीमों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया जिसमें ब्वायज में हरियाणा बनाम उत्तर प्रदेश और गर्ल्स में बिहार बनाम पंजाब की टीमों ने कड़े मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें उत्तर प्रदेश बॉयज की टीम एवं पंजाब गर्ल्स की टीम ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी एवं भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी खिलाड़ी भविष्य में अंतरराष्ट्रीय पटल पर देश का नाम रोशन करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता अंकुश राठी, कुलदीप बागड़ी और अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एकेडमी के सचिव ने किया और अंत में सभी लोगों का आभार व्यकत किया गया।

## अशोक की लाट हटाने पर भड़का हिन्दू मोर्चा

**मुजफ्फरनगर ।** सुजडू चुंगी से अशोक की लाट हटाने व स्वाधीनता चौक का नाम बदलने के विरोध में आज संयुकत हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी के आह्वान पर साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट अध्यक्ष क्रांतिकारी शालु सैनी शिव सेना जिला अध्यक्ष लोकेश सैनी व सैनी सभा के युवा जिला अध्यक्ष अरविंद सैनी के नेतृत्व मैं आज दर्जनों कार्यकर्ता नगर पालिका अध्यक्ष पति गौरव स्वरूप से मिले ओर अशोक की लाट हटाने व स्वाधीनता चौक का नाम बदलने का विरोध किया गौरव स्वरूप जी ने सभी की भावनाओं का सम्मान करते हुए अशोक की लाट को भव्य रूप से बनवाने ओर स्वाधीनता चौक का नाम न बदलने का आश्वासन दिया।



## सूचना

एक मकान जिसका क्षेत्रफली 62.50 वर्ग गज यानि 52.25 वर्ग मीटर स्थित ग्राम गढी सरवट परगना व तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर है, का बैनामा दिनांक 23.01.2013 ई. जिसकी रजिस्ट्री बही न.1, जिल्द संख्या-7601 के पृष्ठ 155/172 में क्रमांक 1229 पर दिनांक 23.01.2013 को हुई है, मै दिनांक 16.03.2026ई. को तहसील सदर मुजफ्फरनगर में वकील से परामर्श करने आया था, लेकिन ग्राम जटमुझेडा व ग्राम मखियाली के बीच रास्ते में मेरा थैला गुम हो गया है जिसमें बैनामा रखा था। जो तलाश करने पर भी नही मिला है।

**मौहम्मद जावेद पुत्र मौहम्मद जाफर निवासी ग्राम कसौली तहसील जानसठ जिला-मुजफ्फरनगर**

## कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

### सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमती प्रीति राठी, पत्नी श्री धर्मेन्द्र राठी, निवासी 1199, चरण सिंह कॉलोनी, तहसील सदर, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं.:-MZDA/BP/25-26/0340 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं0-172, ग्राम-अलमासपुर, जिला-मुजफ्फरनगर, उ.प्र.के कुल क्षेत्रफल 117.04 वर्गमी. (कुल नेट क्षेत्रफल-75.33 वर्गमी.) पर ''व्यावसायिक (रिटेल शॉप)'' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल खसरा नं0-172, ग्राम-अलमासपुर, जनपद-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार ''सामुदायिक सुविधाएं'' भू-उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियों तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.1 के अनुसार ''सामुदायिक सुविधाएं'' भू-उपयोग के अन्तर्गत ''रिटेल शॉप'' की क्रिया सामान्यत: अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन / महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों /सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

# आईपीएस किड्स स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

**मूजफ्फरनगर।** आईपीएस किड्स स्कूल रहमत नगर में आज रंगारंग कार्यक्रम एवं वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर वीर सिंह नगर शिक्षा अधिकारी, मुजफ्फरनगर ,एवं विशेष अतिथि हरेंद्र मलिक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ,कपिल चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष बघरा, संदीप कुमार ,(पूर्व एन पी आर सी) मोरना, मुफ्ती अब्दुल सत्तार प्रबंधक इकरा पब्लिक स्कूल, मास्टर शहजाद अली (अध्यक्ष)उर्दू बेदारी फोरम, सभासद शाहिद आलम सभासद अन्नू कुरैशी,महबूब आलम एडवोकेट, मास्टर इरशाद अली, नसीम अहमद, अब्दुल्लाह अंसारी ,मास्टर मुस्तफा कमाल, दिवाकर शर्मा, कंवरपाल आदि ने सामूहिक रूप से बच्चों को पुरस्कृत किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमर वीर सिंह ने बच्चों के कार्यक्रम को देख उनको दी जा रही शिक्षा की प्रशंसा करते हुए सभी शिक्षकों को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई का पत्र बताया सभी बच्चों को मेहनत है लगन के साथ आगे की शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल की शिक्षा का घर पर भी ध्यान रखने पर ज़ोर दिया। पुरस्कार पाने वालों प्ले क्लास में प्रथम हैदर अली, द्वितीय सादिया तृतीय असलेहान ,एल के जी में प्रथम खि़जर खान , द्वितीय फैज खान तृतीय अल्फिशा, यूकेजी में प्रथम अहमद फ़राज़ द्वितीय सुबीया , तृतीय उमरा मलिक , कक्षा 1 में आरिफा सलीम प्रथम, जैनब जहां द्वितीय, सना नाज़ तृतीय ,कक्षा 2 में अब्दुल आहद प्रथम ,अलम नशरा द्वितीय ,विहान अंसारी तृतीया, कक्षा 3 में अरिशा खान प्रथम, अहमद अली द्वितीय, तंजीरा तृतीय, कक्षा 4 में जुनेरा अंसारी प्रथम, रिहान द्वितीय , हुमेरा तृतीय ,कक्षा 5 में कशिश प्रथम, मोहम्मद सुफियान द्वितीय मोहम्मद रिहान तृतीय, विद्यालय उपस्थिति में आईपीएस किड्स स्कूल में उपस्थिति में प्रथम नबिया शान, इकरा पब्लिक स्कूल में उपस्थिति में प्रथम तंजीरा व अरमान रहे, टापेस्ट अवार्ड दो बच्चों को दिया गया जिसमें खिज़र खान ने आईपीएस किड्स स्कूल में 93.97: अंक हासिल कर पूरे स्कूल को टॉप किया ।

वहीं इकरा पब्लिक स्कूल में आरिफा सलीम ने 95.62 प्रतिशत अंक



पाकर पूरे स्कूल में टॉप किया इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभी प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत ही मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये ,जिसमें वालिद ए मोहतरम, छोटा बच्चा जान कर, मछली जल की रानी है ,डिसिप्लिन की स्पीच ,और जीके क्विज बहुत ही सुंदर कार्यक्रम रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य योगदान प्राचार्य रज़िया सुल्ताना ,इंचार्ज अध्यापक अरशी खान, गज़ाला परवीन, जिया मिर्जा, सना ,इकरा ,हिना ,नेहा, अफ्शा अल शिबरा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा इस अवसर पर स्कूल के लगभग 150 बच्चों को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक मुफ्ती अब्दुल सत्तार साहब ने सभी अभिभावक को शिक्षकों और प्रबंध समिति के सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए सभी का धन्यवाद किया।

## सूचना

मेरे पिता का नाम सफी है मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम गलती से मौहम्मद सफी दर्ज हो गया है मै अपने पिता का नाम मौहम्मद सफी के स्थान पर सफी संशोधन कराना चाहता हूँ। मेरे पिता को भविष्य में सफी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**रईस अहमद पुत्र सफी निवासी म.न.-167 राठेरी, मुजफ्फरनगर।**

## कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

### सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमती आकांक्षा राठी, पत्नी श्री राजीव चौधरी, निवासी 1199, चरण सिंह कॉलोनी, तहसील सदर, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं.-MZDA/BP/25-26/0475 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं0-170, ग्राम अलमासपुर, जिला-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के कुल क्षेत्रफल 117.04 वर्गमी. (कुल नेट क्षेत्रफल-75.33 वर्गमी.) पर ''व्यावसायिक (शॉपिंग सेन्टर)'' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल खसरा नं0-170, ग्राम अलमासपुर, जनपद-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार ''सामुदायिक सुविधाएं'' भू-उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियों तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.3 के अनुसार ''सामुदायिक सुविधाएं'' भू-उपयोग के अन्तर्गत ''शॉपिंग सेन्टर'' की क्रिया सामान्यत: अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन / महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया / उपयोग सामान्यत: अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों /सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति / अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

# शुकतीर्थ की परिक्रमा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** (मुजफ्फरनगर)। शुकतीर्थ के हनुम)ाम में आयोजित श्री हनुमत जयंती महोत्सव के दौरान रविवार को दूर दराज क्षेत्रों से आए भक्तों ने नगरी की पैदल परिक्रमा की। जिसमें महिलाओं ने भजनों पर नृत्य भी किया। गांव गांव में लोगों ने श्र)ालुओं का जगह जगह फूलमालाओं के स्वागत किया।

हनुमद्धाम से रविवार सुबह आठ बजे परिक्रमा रथ-पद यात्रा का शुभारंभ करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज ने किया। जिसके बाद रथ यात्रा गांव बिहारगढ़, इलाहाबास, बहुपुरा, शुक्रतारी, फिरोजपुर से गंगा घाट होती हुई वापस हनुमद्धाम में पहुंची। रास्ते में जगह जगह ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का फूलमालाओं से स्वागत किया। यात्रा में श्रद्धालुओं ने जय बजरंग बली, शुकदेव महाराज की जय, हरे कृष्ण-राधे कृष्ण, जय श्रीराम, गंगे मइया के जय घोष की गूंज रही।



हाथरस से आई चौतन्य संकीर्तन मंडली के संयोजक गिरीराज किशोर अग्रवाल के संयोजन में भक्तों ने भजनों का गुणगान किया। गांव बहुपुरा में कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज चौधरी के द्वारा संतों व भक्तों को ठंडा व फल आहार कराया तथा फिरोजपुर में पूर्व प्रधान मदनपाल सिंह ने गन्ने का जूस वितरित किया। कार्यक्रम में प्रबंधक स्वामी आनन्द स्वरूपानन्द सरस्वती, गोपाल दास महाराज, स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती, जितेंद्र वर्मा, राजीव गुप्ता, आचार्य सीता राम शास्त्री मौजूद रहे।

## एक्शन में एसडीएम: भ्रष्टाचार और लापरवाही पर लेखपाल निलंबित, एक महीने में जांच पूरी के आदेश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील प्रशासन में सख्ती का दौर शुरू हो गया है। कार्यभार संभालते ही एसडीएम डॉ. ललित मिश्रा ने संदिग्ध और लापरवाह कार्यशैली वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में रविवार को रतनपुरी क्षेत्र के लेखपाल कुलदीप कुमार को गंभीर आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, जिससे प्रशासनिक हलकों में खलबली मच गई है।

निलंबन आदेश में लेखपाल पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इनमें अपने कार्यक्षेत्र में निवास न करना, सरकारी दायित्वों में लापरवाही बरतना और ग्राम रतनपुरी की सरकारी जमीन पर हुए अवैध कब्जे में कथित मिलीभगत शामिल है। बताया जा रहा है कि एक महिला द्वारा किए गए कब्जे के मामले में लेखपाल की भूमिका संदिग्ध रही, जिसके चलते वहां निर्माण कार्य भी शुरू हो गया। इस मामले में नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई, जिसे तहसीलदार खतौली ने अग्रसारित किया था। एसडीएम ने इसे सरकारी कर्मचारी आचरण नियमों का उल्लंघन मानते हुए तत्काल निलंबन का निर्णय लिया।

साथ ही तहसीलदार खतौली को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए निर्देश दिए गए हैं कि 7 दिन के भीतर आरोप पत्र तैयार किया जाए और एक माह के भीतर पूरी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित लेखपाल को राजस्व निरीक्षक कार्यालय से संबद्ध किया गया है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि भ्रष्टाचार और लापरवाही के मामलों में अब किसी भी स्तर पर ढील नहीं दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एक को भेजा जेल तो दूसरे को दी क्लीन चिट

**बुढ़ाना।** विगत दिवस शराब के एक ठेके पर कुछ पियक्कड़ों के द्वारा तांडव मचाने के मामले में जहां फुगाना पुलिस ने सिर्फ एक ही आरोपी को शांति भंग किए जाने के आरोप में जेल भेजा हैं वहीं दूसरे आरोपी को क्लीन चिट दे देना भी चर्चा का विषय बना है। दरअसल बीती शनिवार के दिन फुगाना थाना क्षेत्र में स्थित शराब के एक ठेके पर कुछ पियक्कड़ों के द्वारा किसी मामूली सी बात पर जमकर तांडव मचाया गया था। इस तांडव से वैसे फुगाना पुलिस पूरी तरह से बेखबर रहीं लेकिन जब घटना का पता उनको उच्च अधिकारियों की और से लगा तो उन्होंने तुरंत घटनास्थल की और दौड़ लगा दी क्योंकि कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर इस घटना की खबर वायरल कर दी गयी थी। चर्चा थी कि एक पियक्कड़ के द्वारा दो बुजुर्गों को बेरहमी से पीटा गया था। जिसका वीडियो किसी व्यकित के द्वारा हाथों हाथ बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया गया था। तब पुलिस ने इसमें एक्शन लेते हुए संजू नाम के युवक को एक अज्ञात स्थान से पकड़कर उसका शांति भंग में चालान कर दिया तो वही दूसरे आरोपी नंदू को छोड़ दिया गया। बस इसी बात को लेकर कुछ ग्रामीणों में पुलिस की कार्यशैली के प्रति तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हो गयी। तरह तरह के आरोप पुलिस पर लग रहे हैं। इस संबंध में फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार से बातचीत की गयी तो उन्होंने किसी को पकड़कर छोड़ने के आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया।

# अमरपाल सिंह बने चौ.छोटूराम कॉलेज के नए अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दि चौ छोटूराम कॉलेज मैनेजिंग कमेटी एवं चौ0 छोटूराम पी.जी. कॉलेज, मुजफ्फरनगरष की प्रबंध कार्यकारणी का निर्वाचन चुनाव कार्यक्रम के अनुसार विधिवत,सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी विजेन्द्र प्रताप एडवोकेट द्वारा चुनाव कार्यक्रम/चुनाव एजेंडा 13. 03.2026 के अनुसार 22.03.2026 से 29.03.2026 तक सभी चुनाव कार्यक्रम नियमानुसार पूर्ण कराए गए। समस्त चुनाव प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा नामित पर्यवेक्षक डॉ शैलेंद्र शर्मा सेवा निवृत्त प्रोफेसर विधि अध्यन विभाग डी ए वी कॉलेज मुजफ्फरनगर की देख रेख में संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक की उपस्थिति में निर्विरोध एवं सर्वसम्मति से चुनी गई

दि चौ छोटूराम कॉलेज मैनेजिंग कमेटी मुजफ्फरनगर एवं चौ0 छोटूराम पी.जी. कॉलेज, मुजफ्फरनगर की नवनिर्वाचित प्रबंध कार्यकारणी की घोषणा साधारण सभा के समक्ष की गई। जिसमें अध्यक्ष अमरपाल सिंह पुत्र खूबेराम को चुना गया । जबकि रामपाल सिंह पुत्र ईश्वर सिंह को उपाध्यक्ष,शरद कुमार पुत्र सुरेंद्र पाल सिंह को सचिव / मंत्री, वचन सिंह पुत्र सत्यपाल सिंह को संयुक्त सचिव / संयुक्त मंत्री, संजीव सांगवान पुत्र ब्रजवीर सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्रेमपाल सिंह पुत्र टीकाराम वर्मा, तेजपाल सिंह पुत्र सुखबीर सिंह,नवीन पुत्र बाबूराम, सतेन्द्र कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह,रणवीर सिंह पुत्र कलीराम,राजीव कुमार पुत्र ओमकार सिंह,विजय कुमार पुत्र डॉ सहदेव सिंह कार्यकारणी सदस्य के रूप में चुने गए।

नवनिर्वाचित समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों को साधारण सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं तथा आशा व्यक्त की कि यह समिति महाविद्यालय एवं संस्था के विकास, अनुशासन एवं शैक्षिक उत्कृष्टता को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई तथा सभी सदस्यों ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप सफल आयोजन बताया।

अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमरपाल सिंह ने साधारण सभा में उपस्थित सभी सदस्यों, चुनाव अधिक. ारी , विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक एवं कॉलेज प्राचार्य को धन्यवाद ज्ञापित किया।



मुजफ्फरनगर: चुनाव के बाद नवनिर्वाचित कार्यकारिणी।

## श्रीराम की निकटता का माध्यम हैं भक्त हनुमान: मनोज अवस्थी



**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में स्थित श्रीराम आध्यात्मिक प्रन्यास के प्रसिद्ध हनुमद्धाम आश्रम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले श्री हनुमत जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को रामभकत हनुमान की कथा का शुभारंभ विधि विधान के साथ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर कथा का श्रवण किया। कथा के प्रथम दिन श्री हनुमान जी की पूजा के उपरांत पोथी पूजन किया गया व परिक्रमा की गयी।जिसके उपरांत व्यास पूजन व आरती की गयी।कथा व्यास आचार्य मनोज अवस्थी ने श्री हनुमान के चरित्र व भकित पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभुश्री राम की निकटता पाने के लिये हनुमान जी का स्मरण करना होगा।हनुमान जी श्री राम की कृपा का सरल माध्यम हैं।वहीं पण्डित सीताराम शास्त्री ने कहा भगवान की शरणागति से कोई श्रेष्ठ नही हो सकता।शरणागत होने पर भगवान भकत की पूरी जिम्मेदारी ले लेते हैं।भगवान की शरणागत होने के उपरांत भय समाप्त हो जाता है।श्रीमद्भागवत गीता सार भी यही है।सर्वेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा प्रत्येक जीव भगवान का अंश है।इसलिए भगवान की भकित में ही परम् आनन्द प्राप्त होगा।करनाल विधायक जगमोहन आनन्द ने कहा कि हनुमान जी की भकित धर्म मार्ग को सुखढ़ करती है।भगवान की भकित को लक्ष्य बनाएं।आज सनातन संस्कृति का प्रचार पूरे विश्व में सम्मानपूर्वक हो रहा है।कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्वामी विज्ञानन्द महाराज ने कहा कि भकित साधन नहीं साधक होती है। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर जियालाल गोयल, सीता गोयल, आनंद स्वरूपानन्द महाराज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अलग अलग स्थानों पर दो लोगों ने खाया जहर

**बुढ़ाना।** अलग अलग स्थानों पर दो लोगों ने गृह कलेश के चलते जहर का सेवन कर लिया। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई गयी है। बुढ़ाना पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गयी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव इटावा निवासी लगभग 50 वर्षीय मनोज कुमार नामक युवक ने रविवार के दिन शराब का सेवन करने के बाद गृह क्लेश के चलते घर में रखी हुई कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर मनोज को क्षेत्र में स्थित एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत फिलहाल गंभीर बताई जा रही है। दूसरी घटना बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव जौला की है। जिसमे इस गांव के लगभग 22 साल के जुबैर अहमद ने किसी बात पर मात्र अपने पिता के डांटने पर ही घर में रखे हुए जहर का सेवन कर लिया। इसको भी गंभीर हालत में बुढ़ाना के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया।

## तस्मिया स्कूल में वार्षिक समारोह: मेधावी छात्र पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगर मे सिथत तस्मिया पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष मास्टर इस्लाम त्यागी उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही, विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले (टॉपर्स) छात्रों को संस्था के अध्यक्ष द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि मास्टर इस्लाम त्यागी ने अभिभावकों और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में तालीम (शिक्षा) बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर दिया कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनकी बेहतर तरबियत (संस्कारों) पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि मास्टर एजाज ने कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, जबकि आलम त्यागी ने शिक्षा को जीवन के बुनियादी मकसद की प्राप्ति के लिए अनिवार्य बताया।कार्यक्रम का सफल संचालन हाजी हुसैन त्यागी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक हाजी महबूब ठेकेदार, साकिब नूर, फैसल अलीग, चौधरी उवेश, अरमान, उस्मान, सलमान, रहमान, तहसीन, मास्टर इंतजार सहित समस्त स्टाफ एवं अभिभावकगण मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन बुढ़ाना का चुनाव आज........

## सुरेश और विश्वास के बीच है मुख्य मुकाबला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन बार एसोसिएशन बुढ़ाना का चुनाव है। आज ही अधिवक्ता अपने अपने मतों का प्रयोग करेंगे। आज ही मतगणना होने के कुछ ही देर बाद परिणाम भी घोषित होंगे। जिसमे बार एसोसिएशन बुढ़ाना के नये अध्यक्ष के साथ साथ पूरी नई कार्यकारिणी की घोषणा भी कर दी जाएगी। नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह अप्रैल में कौन सी डेट में होगा ये भी तय हो जाएगा। इस बार 148 अधिवक्ता अपने मतों का प्रयोग करेंगे हालांकि अधिवक्ता डेढ़ सौ से भी ज्यादा हैं पर इसमें वे ही अधिवक्ता वोट डालने के अधिकारी होंगे जो सीओपी धारक होंगे या फिर उन पर आल इंडिया बार काउंसिल एग्जामिनेशन का परिणाम होगा। इन दोनों प्रक्रियाओं से अलग कोई भी अधिवक्ता वोट डालने का अधिकारी नहीं होगा। मुख्य चुनावष अधिकारी बाबू हरवीर सिंह और उनके सहयोग में चुनावष अधिकारी बाल किशन शर्मा, शो सिंह राणा और संजीव पंवार की देखरेख में ही यह चुनावष होगा। चुनावष सोमवार 30 मार्च की सुबह दस बजे से शुरु होकर लगातार दोपहर दो बजे तक चलेगा। इसके बाद मतगणना होगी और फिर परिणाम घोषित होंगे। कामकाज पूर्ण रुप से बंद रहेगा और कोई भी अधिवक्ता अदालतों में कोई भी कार्य नहीं करेगा। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के दो ही दावेदार बताए गये हैं। जिनमें मुख्य मुकाबला है। वे पूर्वष अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा और पूर्व महासचिव ब्विास त्यागी हैं। सुरेश पाल सिंह पिछले वर्ष भी अध्यक्ष पद का चुनावष लड़े थे और नौ वोटों से हार गये थे। तब बीती 13 दिसम्बर सनष 2024 को विनोद त्यागी अध्यक्ष घोषित किए गये थे। वैसे सुरेशपाल सिंह वर्मा पहले भी तीन बार बार एसोसिएशन बुढाना के अध्यक्ष रह चुके हैं लेकिन ब्विास त्यागी अध्यक्ष पद का चुनावष दूसरी बार लड़ रहे हैं। अब वर्तमान में अध्यक्ष विनोद त्यागी हैं। वैसे ये चुनावष वार्षिक होते हैं लेकिन इस बार बार अध्यक्ष विनोद त्यागी का कार्यकाल लगभग साढ़े 15 महीने यानि 473 दिन का रहा। ये अवधि दरअसल यूपी बार काउंसिल के चुनाव के कारण ही बढ़ी रही। कुल मिलाकर आज शाम तक ही साफ हो जाएगा कि इस बार बार के नये अध्यक्ष सुरेश बनेंगे या फिर विश्वास।

## पितृ देवताओं पर मांस अवशेष डालने पर भड़का रोष, कई को भेजा जेल

**मोरना।** जौली -बेहड़ा सादात मार्ग पर रजबाहे के किनारे स्थित पितृ देवताओं के पास व देवताओं पर मुर्गा मांस के अवशेष डालने पर रोष भड़क गया।घटना को लेकर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकठा हो गयी।जहाँ हिन्दुओ की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गयी।सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी की।पुलिस ने पांच चिन्हित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज जेल भेज दिया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खोखनी निवासी रिंकू कुमार पुत्र बिजेन्द्र ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि रविवार की सुबह जब वह अपने खेत पर पहुंचा तो उसने देखा कि तेवड़ा मार्ग स्थित खेत पर बने पितृ देवताओं के आसपास व देवताओं पर अज्ञात व्यक्तियों मांस के टुकड़े डालकर देवताओं को अपवित्र किया है। अज्ञात असामाजिक व्यक्तियों ने मांस के टुकड़े डालकर हिन्दूओं की धार्मिक भावनाओं को आहत कर शान्ति भंग करने की साजिश की है।घटना को लेकर मौके पर भारी भीड़ इकठा हो गयी।ग्रामीणों ने तुरंत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने घटना पर संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव तेवड़ा निवासी अल्तमश व शाहने आलम पुत्रगण ताहिर सालिम पुत्र कासिम, अनस पुत्र इरफान शाहवेज पुत्र मुबारिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

किसान बिजेन्द्र और किरण ने बताया कि 40 दिन पूर्व कुल देवताओं का स्थान बनाया गया था।कई दिनों से यहाँ पूजा चल रही थी।रविवार की सुबह जब महिलाएं वहां पूजा करने पहुंची तो वहां मांस के अवशेष पड़े मिलने पर घर सूचना दी।

क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी ने बताया कि अवशेषों को जेसीबी द्वारा मिटी में दबवा दिया गया है।आरोपियों को चिन्हित कर जेल भेज दिया गया है।

## सूक्ष्म लघु मध्यम उद्योग विभाग ने उद्यमी फकीर चन्द मोघा को किया सम्मानित



**मुजफ्फरनगर।** सहायक आयुक्त उद्योग आशीष कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि 29 मार्च को कानपुर में मंत्री एमएसएमई राकेश सचान द्वारा प्रादेशिक पुरस्कार वितरित किए गए। इस वर्ष लघु उद्योग श्रेणी में जनपद मुजफ्फरनगर से मोरवेल टयूब्स प्राइवेट लिमिटेड का चयन इस पुरस्कार हेतु किया गया। मोरवेल टयूब्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक फकीर चंद मोघा द्वारा सम्मान प्राप्त किया गया।

# राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन की पर्व पत्रिका का विमोचन

**मुजफ्फरनगर।** राष्टीय हिन्दू शक्ति संगठन द्वारा आर्चिड पार्टी हॉल रुड़की रोड सहारनपुर बस अढे के सामने वार्षिक हिंदू पर्व पत्रिका का विमोचन अनिल अग्रवाल राष्टीय अध्यक्ष राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन व पूर्व सांसद, प्रभव स्वरूप उद्योगपति , शिशु प्रधान (समाजसेवी), अरविंद भारद्वाज वरिष्ठ पत्रकार, गौरव स्वरूप, सरिता शर्मा अरोड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला), राघवेंद्र भटनागर उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ एम के तनेजा व डॉक्टर तारिणी तनेजा, विजय पुरोहित उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष (महिला) व विकल्प जैन सभासद ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश स्तुति एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों को माल्यार्पण कर पटका पहना कर व पगड़ी पहना कर वह हिंदू राष्ट्र का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संच. ालन संजय अरोड़ा ने किया।

इस अवसर पर बोलते हुए अनिल अग्रवाल ने सभी को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हमें पर्व पत्रिका के माध्यम से हिंदी संस्कृति व सभी त्योहारों की सही जानकारी मिलती है जिसका संपूर्ण लाभ हर हिंदू को उठाना चाहिए

इस अवसर पर गौरव स्वरूप भाजपा नेता ने कहा आज के समय में सभी हिंदुओं को जात पात भुला कर पहले हिंदू बनना होगा तभी हम हिंदू समाज की रक्षा कर सकेंगे। कुश पुरी ने कहा कि आज देश व प्रदेश के अंदर हिंदूवादी सरकार है। जिसको आने वाले समय में हमे बनाए रखना होगा अगर ओर कोई ओर सरकार आई तो हिंदू समाज का विघटन निश्चित है सरिता शर्मा अरोड़ा ने सभी से और आह्वान करते हुए कहा की आज हिंदुओं को अपनी जनसंख्या बढ़ानी होगी आज हमें दो बच्चों को नहीं बल्कि चार चार बच्चे पैदा कर जनसंख्या बढ़ानी होगी तभी हम दूसरी जातियों को बराबरी कर सकेंगे। इस अवसर पर संजय अरोड़ा ने कार्यक्रम में आने वाले सभी अतिथियों व हिंदू वीरों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन देश के 24 राज्यों में कार्य कर रहा है उन्होंने हिन्दुओं के हिंदुत्व के लिए संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर शरण दीप




कौशिक (शिशु प्रधान) प्रभव स्वरूप, विकल्प जैन, अरविंद भारद्वाज, प्रवीण जैन राघवेंद्र भटनागर, विजय पुरोहित, ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर मुख्य रूप से आलोक चावला प्रदेश संयोजक (उत्तराखंड) प्रवीण जैन, राजीव कुमार बंसल, सरिता सिंगल,राजेश शर्मा, अंकित पाल, अनिल मलिक, अमित शर्मा, संजीव शर्मा, सोनू धीमान, अंजू शर्मा, दीपक पुरोहित, संदीप अरोड़ा, अशोक आर्य, संजय गोस्वामी, गौरव मुंडे, विजय प्रताप सिंह, समर ठाकुर, सचिन कुमार, निशु गौरक्षक, विनोद कुमार , अंकित सैनी, सलेक पाल, परीक्षित मित्तल, कन्हैया शर्मा, नमन मित्तल, सचिन त्यागी, प्रवीण सैनी, सोनू शर्मा, मुदित अरोड़ा, सचिन पाल, गोविंद शर्मा, सीताराम, ईश्वर चंद्र , आदेश कुमार, विशाल अरोड़ा, लक्ष्मी धीमान, निशा वर्मा, रेनू, गीता ठाकुर, रजनी जैन, मनोज कुमार, सुंदर सैनी, लीला बिष्ट, मधु ब्रिंजल, रेनू बाला, संजय अरोड़ा( देहरादून) डॉ सत्यम अरोड़ा,आदि बड़ी संख्या में हिंदू वीर उपस्थित थे।

# सनातन धर्म कॉलेज में पुरा-छात्र सम्मेलन का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के सबसे पुराने, प्रतिष्ठित और यूजीसी नैक द्वारा श।श ग्रेड प्रत्यायित शिक्षण संस्थान सनातन धर्म कॉलेज में पुरा-छात्र सम्मेलन (एलुमिनी मीट) का आयोजन प्रबंध सचिव अखिलेश दत्त, प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुण्डीर एवं अशोक तायल (सदस्य, प्रबंध समिति) के निर्देशन में किया गया स सनातन धर्म कॉलेज प्रेस समिति के संयोजक डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र ( हिंदी,-विभाग ) ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं भगवान गणेश जी की वंदना से प्रारम्भ हुआ स इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर ने पिछले पाँच वर्ष में सनातन धर्म कॉलेज की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं भविष्य की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की स अतिथियों का स्वागत कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर एवं पुरा-छात्र सम्मेलन संयोजक डॉ. अरविन पंवार ने किया। प्रो. शुचि अग्रवाल ने पुरातन छात्र सम्मेलन की आख्या प्रस्तुत की स डॉ. आशना गुप्ता ने कॉलेज के विकास में पुरा-छात्रों के योगदान को विस्तार के साथ रेखांकित किया स इस अवसर पर भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला पर आधारित नवदुर्गा नृत्य, महाराष्ट्र की लावनी, असम के बिहू नृत्य, गुजराती गरबा, पंजाबी भांगड़ा, राजस्थानी लोकनृत्य, गीत, गायन आदि विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अत्यंत ही गरिमापूर्ण तरीके से आयोजन किया गया स इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कॉलेज का नाम रोशन करने एवं कॉलेज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पुरा-छात्र दानदाताओं में भरत सिंघल, रमेश केडिया, डॉ. नीरज केडिया, डॉ. सविता वशिष्ठ, अशोक कुमार शर्मा, अनिल सोबती, डॉ. ए. के. जैन, अशोक तायल (सदस्य, प्रबंध समिति) निरंकार स्वरूप, यशपाल सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे स कॉलेज के पुरा-छात्र कवि मधुप नागवान ने पुरानी स्मृतियों को याद करते हुए अपनी कविता मैं नदी का रुख बदलूँगा प्रस्तुत की। पुरा-छात्र कुलदीप भारद्वाज ने कॉलेज से जुड़े अपने संस्मरण सुनाये एवं मेरा दिल ये पुकारे आ जा गीत का सु-मधुर गायन किया। पुरा-छात्र विवेक शर्मा ने शिक्षा व्यवस्था एवं विकसित भारत विषय पर अपने विचार प्रकट किये। कॉलेज की पुरा-छात्रा प्रो. आभा सैनी ने इस अवसर पर गीतांजलि की पंक्तियाँ मन जहाँ से परे है का सुंदर वाचन किया। पुरा-छात्र लोकेश कुमार ने हृदय को छू लेने वाला तू प्यार का सागर है, सौ साल पहले, अफसाना लिख रही हूँ, जोत से जोत जलाते चलो जैसे गीतों पर सुमधुर बाँसुरी वादन की प्रस्तुति दी स पुरा-छात्र सतीश पाल ने वाणिज्य विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया स पुरा-छात्र दिवाकर वर्मा ने हमें तुमसे प्यार कितना गीत का भावपूर्ण गायन किया। पुरा-छात्रा राज. श्वेर गुप्ता ने प्रभावोत्पादक नृत्य प्रस्तुत किया स कॉलेज के 1974 बैच के पुरा छात्रों ने राजेश्वर गुप्ता के नेतृत्व में उड़े जब-जब जुल्फें तेरी गीत पर समूह नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति दी( 1980-85 बैच के कई पुरा छात्रों ने डम-डम डिगा-डिगा गीत पर समूह नृत्य के रूप में अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी स पुरा-छात्रा कविता भगत एवं डॉ. अनीता भगत ने कॉलेज से जुड़े पुराने संस्मरण साझा किये स




पुरा-छात्र प्रवीन शर्मा ने अभी न जाओ छोड़कर गीत का सुंदर गायन किया ( 1988 बैच के पुरा-छात्र एम. के. राघव ने प्यार का पहला खत लिखने में वक्त तो लगता है गीत प्रस्तुत किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कॉलेज के पुरा-छात्र अरविन्द सिंघल (चेयरमैन, नगरपालिका परिषद, शामली) ने भविष्य में कॉलेज में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम के लिए एक लाख रूपये की घोषणा की। संचालन प्रो. ममता श्याम, प्रो. शुचि अग्रवाल एवं डॉ. अरविन पंवार ने संयुक्त रूप से किया स प्रो. महिमा अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रो. अजयपाल सिंह, प्रो. विजयलक्ष्मी, प्रो. विश्वम्भर पाण्डेय, प्रो. ममता श्याम, प्रो. दिव्या बख्शी, डॉ. सविता, डॉ. प्रो. विकास वर्मा, डॉ. वसंत कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र, डॉ. पीयूष शर्मा, लेफ्टिनेंट (डॉ.) अजय, डॉ. प्रतिभा, डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. अंशुल शर्मा, डॉ. खुशबू यादव, डॉ. पवन तिवारी, डॉ. ध्रुव गुप्ता, डॉ. अरविन्द, पवन कुमार, डॉ. शिव धीमान, डॉ. मुहम्मद सलीम, डॉ. मदनपाल, डॉ. निशा चौहान, डॉ. अनूप पटेल, डॉ. शुभी चौरसिया, डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. शालिनी कुशवाहा आदि शामिल रहे।

## तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ संस्कारिक शिक्षा भी दें: डॉ संजीव बालियान




**मंसूरपुर।** देव पब्लिक इंटर कॉलेज का सातवां वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान तथा रालोद जिला अध्यक्ष संजय राठी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य नंदिनी बालियान ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमो तथा अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान ने बच्चों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज तकनीक का युग है तकनीकी शिक्षाटी के साथ-साथ बच्चों को संस्कारिक शिक्षा भी दें। भारत तभी आध्यात्मिक गुरु बनेगा। अध्यक्षता ओम सिंह तथा संचालन प्रीती सहरावत ने किया। प्रबंधक विकास बालियान, मनोज कुमार प्रभात तोमर,डॉक्टर सुधीर सैनी आदि उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला क्रिकेट में सहारनपुर बना रनर अप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लखनऊ में आयोजित हुई राधिका सिंह मेमो. रियल महिला टूर्नामेंट में सहारनपुर की महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उप विजेता बनने का खिताब अपने नाम किया।

कोच भावना तोमर के नेतृत्व में टीम ने फाइनल सहित 4 मैच खेले। सेमीफाइनल मैच लखनऊ ब्लू के साथ हुआ जिसमे सहारनपुर ने टॉस जीतकर 25 ओवर में 5 विकेट पर 150 रन बनाए। शिखा सहलोट 34, दिशा शर्मा 31, भूमि सिंह 28, रिया भाटी 20, नमिता सिंह 17 रन। लखनऊ ब्लू 136 रन पर ऑलआउट। भूमि सिंह ने 3, दिशा शर्मा, आस्था, रिया भाटी, भारती सिंह, ज्योति बालियान और शुभ चौधरी ने 1-1 विकेट लिए। सहारनपुर ने 14 रनों से जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मैच कानपुर के साथ हुआ जिसमे सहारनपुर ने 124 रन बनाए। दिशा शर्मा और भूमि सिंह 30-30, भारती सिंह 21, शिखा सलोट 15 रन। गेंदबाजी में ज्योति बालियान, शुभ चौधरी, आस्था और भूमि सिंह ने 1-1 विकेट लिए। कानपुर ने 6 विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर ट्रॉफी जीती और सहारनपुर की टीम ने उपविजेता बनकर सहारनपुर का नाम रोशन कर दिया।

कोच भावना तोमर मे बताया की प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दोनों टीमों को सम्मानित किया। सहारनपुर टीम को 11,000 रुपये नगद और ट्रॉफी प्रदान की गई। शिखा सहलोट को बेस्ट बल्लेबाज के लिए 3,000 रुपये और मैन ऑफ द सीरीज के लिए 5,000 रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित सम्मान समारोह मे सहारनपुर की क्रिकेट टीम को क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा ने सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीण चौधरी, फुरकान कुरैशी, लाल प्रताप प्रताप, सन्नी , सुप्रिया, शिवनन्दन आदि ने शुभकामनायें दी।

# अपात्रों की ट्रेनिंग पर दी चेतावनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आशा के लिये आवेदन करने वाली महिलाओं ने स्वास्थ्य विभाग पर अपात्रों को ट्रेनिंग पर भेजने का आरोप लगाया है। उन्होंने मांग पूरी न होने पर सीएमओ कार्यालय के बाहर आंदोलन की चेतावनी दी है।

स्वास्थ्य विभाग से पीडित महिलाएं आज ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय वालिया के आवास पर पहुंची। जहां उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा ट्रेनिंग के नाम पर किये जा रहे खिलवाड से उन्हे अवगत कराया। साथ ही बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर आशाओं की नियुक्ति होनी है जिसके लिए पात्र लाभार्थियों ने आवेदन किए थे करिश्मा नामक एक लड़की का विगत रात्रि तक सूची में नाम था और सुबह उसे फोन करके बुलाया गया और जब वह स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो वहां पर स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों ने रिश्वत की मांग की जिसे वह पूरा नहीं कर सकी तो उसके स्थान पर पूजा नामक युवती का चयन कर लिया गया। जिस पर संजय वालिया ने उनकी बात सुनते हुए न्याय का भरोसा दिलाया और जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि इस मामले की जांच कर कर पात्र लाभार्थियों को ट्रेनिंग में शामिल किया जाए अन्यथा उनके द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया जाएगा और है अपात्र लाभार्थियों की ट्रेनिंग नहीं होने दी जाएगी।

# दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** स्थानीय थाना पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले मे फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

थाना हाजा पर विगत 26 मार्च को वादिया की लिखित तहरीर पर उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व इस सम्बन्ध में किसी से भी शिकायत करने पर उसे बदनाम करने की धमकी देने के आरोप में मुजफ्फराबाद निवासी युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने फरार चल रहे आरोपी कुर्बान पुत्र रिजवान निवासी ग्राम मुजफ्फराबाद थाना फतेहपुर को साईफन गिरफ्तार कर लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमके डा.आकाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** डॉ आकाश कुमार सिंह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता मध्य एशिया का सर्वश्रेष्ठ छात्र में प्रथम स्थान हासिल कर बेस्ट स्टूडेंट ऑफ सेंट्रल एशिया बने हैं।उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों व गणमान्य लोगों खुशी का इजहार किया है।

रामपुर मनिहारान के गाँव बागाखेड़ी निवासी डॉ आकाश कुमार सिंह पुत्र श्री मैनपाल सिंह किर्गिस्तान के एशियन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। अंतिम वर्ष के छात्र ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता ष्मध्य एशिया का सर्वश्रेष्ठ छात्रष में भाग लिया था जो की रिपब्लिकन इनोवेशन सेंटर ष्न्यू कजाकिस्तानष द्वारा आयोजित की गई।प्रतियोगिता में डॉ आकाश कुमार सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और जनपद, प्रदेश और देश का नाम रौशन किया।उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों व गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

इस प्रतियोगिता में वह अकेले भारतीय हैं जो विश्वविद्यालय और देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आकाश कुमार सिंह छात्र वैज्ञानिक समिति-एआईयू के अध्यक्ष के रूप में भी कार्यरत हैं और वे एशियन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बुलेटिन जर्नल के संपादकीय परिषद के सदस्य भी हैं और उन्होंने अपने कई शोध कार्य प्रकाशित किए हैं।

# चार्ज संभालते ही प्रधानों से मिले थाना प्रभारी दीखित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह का स्थानांतरण होने के चलते एस एस पी अभिनंदन सिंह ने जितेन्द्र सिंह दीखितपीआरओ को पद से हटाकर कोतवाली बेहट का प्रभारी निरीक्षक बनाया है।

कोतवाली बेहट का कार्य भार ग्रहण कर ने के बाद नव नियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दीखित ने आज ग्राम प्रधानों की परिचय मीटिंग ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है शासन की मंशानुसार काम करना है थाने में आने वाले हर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया जायेगा।

उन्होंने कहा ग्राम प्रधानों से कहा कि वह अपने अपने गांव के ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उनसे कहा जाए कि अगर कोई गाय दूध देना बन्द करे तो उसे निराशित न करे बल्कि उनका विशेष ध्यानरखे उनके चारे की पूरी व्यवस्था करे और गांव तथा बाहर घूम रहे पशुओं को गौशाला मे भेजने का काम करे साथ ही उन्होंने यह भी खा की अवैध धंधों को किसी भी सूरत में नहीं होने देगे क्षेत्र में शान्ति बनाए रखना उनकी प्राथमिकताएं होगी। वे अपने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार कार्य करेंगे वे जनपद के थाना फतेहपुर सहित प्रदेश के आगरा फर्रुखाबाद जनपद सहित कई एनसीआर थानों में अपनी सेवाएं दे चुके है।

मीटिंग मे सभासद सुधीर कर्ण वाल सत्यप्रकाश रोहिला के अलावा बिलाल अहमद इंतजार चौधरी अतीक अहमद अमीरअहमद एडवोकेट नजीम खान एडवोकेट मांगेराम धीमान पवन सिंह राकेश कुमार वहीद असलम दिलशाद मालिक चौधरी रामकुमार सूरत सिंह शाहवेज आलम ऐडवोकेट अरशद खान नसीम अहमद प्रधान चौधरी हारून प्रधान फुरकान नानोली प्रधान प्रदीप शाहिद ग्राम प्रधान अक्षय तृतीया सदस्य आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# राउंड टेबल ने नए कमरों का किया लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल ।** राउंड टेबल इंडिया 368 द्वारा कस्बे के प्राथमिक विद्यालय बढ़ेड़ी कोली नंबर-1 में चार नए कक्षाओं का निर्माण कराकर रविवार को इसका लोकार्पण किया गया ।

इस अवसर पर राउंड टेबल इंडिया 368 के चेयरमैन माणिक ठकराल ने कहा कि हमारी संस्था ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन चार कक्षों का निर्माण कराया गया है। ये कक्षाएं केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं हैं, बल्कि यहां पढ़ने वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं।

उपाध्यक्ष आशीष चाचरा ने बताया कि सहारनपुर राउंड टेबल 368 का मुख्य उद्देश्य फ्रीडम थ्रू एजुकेशन है जिसके अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकारी विद्यालयों में कक्षाओं का निर्माण कराया जाता है।कोषाध्यक्ष अरिहंत जैन ने बताया कि पिछले लगभग 25 वर्षों में राउंड टेबल इंडिया द्वारा देशभर में 9000 से अधिक कक्षाओं का निर्माण कराया जा चुका है ।

प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष स्वतंत्र चौधरी व विद्यालय प्रधानाध्यापिका निधि चौधरी ने संस्था का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर संस्था के पूर्व चेयरमैन अंशुल अग्रवाल, अर्चित जैन, अचरज सिंघल, आशीष चाचरा, अरिहंत जैन, जीनस गाबा, ऋषि मनचंदा, आशीष जैन, वरुण अग्रवाल, पुनीत सडाना, आयुष अग्रवाल, सार्मथ गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, अभिनव जैन, केशव चुग, पंकज ग्रोवर, यश कालरा, प्रकाश चाचरा, सजग सचदेवा, यास्मीन सिद्दीकी, नरेश शर्मा, रविदत्त शर्मा आदि उपस्थित रहें।

# प्रदर्शनी में बच्चों ने लगाए मॉडल्स




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कृषि एवं पर्यावरण सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के 50 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा बच्चों ने प्रतिभाग किया।

कृषि एवं पर्यावरण प्रदर्शनी में जनपद के सभी ब्लॉक से 50 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं ने अपने मॉडल प्रस्तुत किये। मॉडल में शिक्षकों तथा बच्चों ने कृषि तकनीकी से संबंधित प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी। प्रदर्शनी का मूल्यांकन डायट प्रवक्ता संजय सिंह, अरुण कुमार, संदीप कांबोज तथा आरती ने किया।

प्रदर्शनी में पहला स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय मायापुर सढोली कदीम के शिक्षक जावेद एवं छात्र सोफिया, दूसरा स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय डंडोली खेड़ा के शिक्षक मुस्तफा तथा छात्र आशा एवं जैनब तथा तीसरा स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरोल के शिक्षक अरविंद तथा छात्र वंश तथा उत्तम को मिला। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय चकवाली के मनीष कुमार प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरोल के उत्तम द्वितीय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय चकवाली की दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी के नोडल अधिकारी पंकज यादव रहे, जबकि आयोजन में सागर चौहान, वैभव कुमार, मिथिलेश, आंचल, नैंसी, खुशबू, स्वाति, वाणी का सहयोग रहा।

# आरोपी नशा तस्कर गिरफ्तार, स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने एक आरोपी नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11.50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की।

मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम एवं नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी सिमरन सिंह आईपीएस की अगुवाई में पुलिस टीम ने गस्त तथा चौकिंग के दौरान एक आरोपी नशा तस्कर नौशाद पुत्र नासिर निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को फिरोजाबाद रोड पर कच्चे रास्ते पर बाग के निकट से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# महिला हकों के प्रति रहें जागरूक : जां निसार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** दिशा सामाजिक संगठन के तत्वाधान में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महिला मजदूर एवं लघु किसान संगठन का 35 वाँ वार्षिक सम्मेलन दिशा प्रांगण में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि एडवोकेट जां निसार खां ने दिशा संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। दिशा संस्था के संस्थापक के एन तिवारी ने बताया कि यह संगठन पिछले 34 वर्षों से गरीबों शोषितों, वंचितों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं के विकास के लिए प्रयासरत है। वरिष्ठ कॉर्डिनेटर जहान्वी तिवारी ने कहा कि हमें नारी के ऊपर होने वाले वाले शोषण व भेदभाव को समाप्त करने के लिए आगे आना चाहिए। शाहीन प्रवीन एवं तसनीम बानो ने भी महिलाओं को संबोधित किया रेखा एवं अरुण ने भी संगठन को और अधिक मजबूत करने हेतु प्रेरित किया।

जमीयतुल कुरैश के जिला. उपाध्यक्ष इकराम लाला कुरैशी, बालकृष्ण शर्मा व पी राम आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में वर्षा, सरोज, रीता, कश्मीरा, ममता, रुकाइया, पिंकी आदि ने भी अपने विचार रखे।

इस दौरान हरीचंद, शचीन्द्र, सत्यम, रियासत, बबीता, अर्चना, रोशन, दीपक, आशा, रीता, सुनीता, बलकेश, रोशन, नीलम, सुमन, संभव, सुरेशो, रजिया, अनिरुद्ध, रजनीश, रामरती आदि मौजूद रहे।

# मादक पदार्थों की तस्करी में दो सगे भाई किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** कोतवाली बेहट पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्कर दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से करीब 13 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

युवाओं को नशे की गर्त में धकेलने वालो के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा अपरेशन सवेरा के तहत नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार दीखित के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर करन नागर, अरविन्द तोमर, कांस्टेबल उमंग राठी, अभिषेक खोखर की टीम ने चौकिंग के दौरान क्षेत्र के गांव पथरवा निवासी मुकर्रम व अकरम पुत्रगण अकबर को ग्राम बेलका से ग्राम शाहपुर जाने वाले पक्के रास्ते से गिरफ्तार किया गया।

तलाशी के दौरान अभियुक्तो के कब्जे से 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पुलिस ने दोनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पकड़े गए तस्करों के खिलाफ पहले ही गौवध अधिनियम सहित दर्जनभर मुकदमे दर्ज बताए जा रहे है।

# महीनों से बंद पड़े हैं शाहजहांपुर चौराहे के पास लगे सीसीटीवी कैमरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** पंचकूलाखरुड़की नेशनल हाईवे 344 पर शाहजहांपुर चौराहे के समीप लगे सीसीटीवी कैमरे महीनों से बंद है। जिसके कारण हाईवे पर दुर्घटनाओं एवं अपराधिक घटनाओं पर नजर रखना मुश्किल हो गया है।

एनएचआई और हाईवे मेंटेनेंस कंपनी की लापरवाही के चलते क्षेत्रवासियों द्वारा बार-बार शिकायतों के बावजूद कैमरे ठीक नहीं कराए जा रहे है।शाहजहांपुर के व्यापारियों का कहना है कि हाईवे के नकुड चिलकाना चौराहे पर आए दिन हादसे होते रहते है। पहले कैमरे चालू होने के कारण कुछ हादसों का पता लगा पुलिस भी खुलासा कर देती थी ।पर अब महीनों से कैमरे बंद पड़े है। बड़ा सवाल देखना है हाईवे पर लगे कैमरे ठीक होते है या ऐसे लचर व्यवस्था के चलते यह कैमरे बंद रहेंगे।

# स्थापना दिवस व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** गांव सुन्ध्दरपुर स्थित एम.एल.एम आर्यन पब्लिक स्कूल में 13वां फाउंडेशन डे एवं पुरस्कार वितरण समारोह 28 मार्च, शनिवार को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभय प्रताप सिंह राणा, अध्यक्ष के रूप में राजेश जैन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नाथीराम राणा उपस्थित रहे।कार्यक्रम मे वरिष्ठ समाज सेवी नाथी राणा ने बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए अभिभावकों से उन्हें शिक्षित करने का आग्रह करते हुए कहा कि बेटियां समाज और देश का भविष्य हैं, इसलिए उनकी शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा 7 तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। अयांश काम्बोज, दिव्यांशु, अल्तमश, सृष्टि, आलिया, अरीबा, नव्या, रिद्धि और वंश ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रथम पुरस्कार हासिल किया।इसके अलावा गणित एवं विज्ञान ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल प्रदान किए गए, जबकि स्टेट लेवल पर उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मार्शल आर्ट में उत्तीर्ण छात्रों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रधानाचार्या रशिम मित्तल, प्रबंधक अविनाश मित्तल, कार्यक्रम में अतर सिंह राठौड़, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी रियाजुल हसन गुलजार अहमद राजकुमार बीडीसी महिपाल मित्तल वीरेंद्र मित्तल राजेश राणा पवन राघव राजवीर सिंह अर्जुन सिंह अनुज सैनी आदि मौजूद रहे।

# शोभायात्रा की श्रेष्ठ झांकियां सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के कार्यक्रमों का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हो गया है। शोभायात्रा में शामिल श्रेष्ठ झांकियों को पुरस्कृत किया गया।

श्री राम नवमी के अवसर पर जारी कार्यक्रमों का समापन सनातन धर्म सभा मंदिर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदेश गर्ग ने आयोजक श्रीराम जन्मोत्सव समिति के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भगवान राम के आदर्शों और रामायण के पात्रों के चरित्र को जीवन में अपनाये जाने से ही मानव जन्म सफल हो सकता है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भगवान राम का हम जन्म दिन मनाते हैं परन्तु ऐसे अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की सार्थकता तभी है जब हम राम के आदर्श से शिक्षा ग्रहण करें। शोभा यात्रा में शामिल सर्वश्रेष्ठ झांकियों को पुरस्कृत किया गया। शिव बाल कमेटी की राम सबरी झांकी को प्रथम, द्वितीय पुरस्कार माता वाली गाली की मां दुर्गा झांकी और तृतीय पुरस्कार मोहम्मद गौरी की राधाकृष्ण की झांकी को दिया गया। अध्यक्षता रमेश गर्ग व संचालन डा. राकेश गर्ग ने किया। आभार सभासद आशु गर्ग ने जताया। इस अवसर पर अरविंद टेबक, रजनीश गर्ग, बृजमोहन वर्मा, बिजेन्द्र शर्मा, नरेश ललित, रमेश चोपडा, सुशील मित्तल, महेन्द्र पाहुजा, विनय गोयल, सागर शर्मा, अरविंद शर्मा, मनोज गोयल, नितिन, विवेक, ऋषिपाल, विजयपाल, बृद्धिसागर गोस्वमी आदि मौजूद रहे।

# पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** आर्यनेता फूल सिंह नन्दा की पुण्य स्मृति में गांव रंगैल में आयोजित त्रिदिवसीय ऋग्वेद पारायण यज्ञ पूर्णाहुति और भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया।

बडी संख्या में श्रद्धालुजन ने सहभागिता की। यज्ञ के ब्रह्मा गुरुकुल दल्हेड़ी के आचार्य रणवीर व यजमान डा. अंकित सैनी व डॉ. रुपम सैनी रही। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व मंत्री डा. धर्मसिंह सैनी, पूर्वप्रमुख दिनेश कुमार, जिपंस सुशील कम्हेडा, चौ. ठाठ सिंह, श्याम सिंह पंवार, संजय प्रधान, विकास चौधरी, भाजपा जिलामहामंत्री राकेश आर्य, कल्याणदत शर्मा, प्रदीप सैनी, पूर्व प्रधानाचार्य अनिल मित्तल, आदेश गर्ग ने भी यज्ञ में अपनी हाजरी दर्ज कराई। ब्रह्म सिंह एडवोकेट, मुल्की राज, सुरेन्द्र आर्य, डा.वीर, एड. इलमचंद सैनी आदि ने आहुतियां दी।

# युवकों ने की फायरिंग से होटल में मची अफरा तफरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बाइक सवार छह युवकों ने वीआईपी रोज होटल में कर्मचारियों की मारपीट कर तोडफोड़ व फायरिंग भी की। इससे अफरा तफरी मच गई। आरोपितों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। होटल स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में मामला दर्ज किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरो. पितों की पहचान में जुटी है।

रविवार तडके करीब चार बजे सहारनपुर मुजफ्फरनगर स्टेट हाइवे 59 पर साईं धाम मंदिर के निकट स्थित वीआईपी रोज होटल में दो बाइ. कों पर सवार छह युवक पहुंचे और रिसेप्शनिस्ट से उन्हें कमरा देने के लिए कहा। जब कर्मचारी ने उनसे आईडी मांगी तो उन्होंने देने से मना कर दिया। इसे लेकर युवकों की कर्मचारी से बहस हो गई। इसके बाद युवकों ने होटल कर्मचारी के साथ मारपीट शुरू कर दी। दरवाजे के शीशे और रिसेप्शन पर रखा लैपटाप तोड़ डाला। उस समय तो युवक वहां से चले गए लेकिन 10 मिनट बाद फिर से वह लौटे और दो तमंचे से एक के बाद एक पांच राउंड फायरिंग की। कर्मचारियों ने भाग कर जान बचाई। होटल कर्मचारियों के मुताबिक उक्त युवक शराब के नशे में धुत थे।







तडके गहरी नींद में होटल के कमरों में सो रहे लोगों की नींद अचानक फायरिंग की आवाज से खुल गई और वह कमरों स बाहर निकल आए। इस दौरान होटल के शीशे टूटे देख उनमें अफरा तफरी मच गई। घटना को अंजाम देने वाले युवकों के फरार होने के बाद भी काफी समय तक लोग सहमे रहे।

जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची और मौके का मुआयना किया। पुलिस वह सीसीटीवी फुटेज भी अपने साथ ले गई, जिसमें आरोपितों की तस्वीर कैद है। होटल मालिक विपिन कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# हड़ताल को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भेजा नोटिस

**देवबन्द।** अधिवक्ताओं की हड़ताल को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए देवबंद बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अदालत ने हड़ताल को न्यायालय की अवहेलना मानते हुए 15 दिनों में जवाब देने को कहा है।

हाईकोर्ट के 18 मार्च के नोटिस संख्या 54/2026 के अंतर्गत एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह हड़ताल किए जाने के संबंध में जिला जज सहारनपुर के समक्ष अपना स्पष्टीकरण पेश करें। चेताया गया है कि यदि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है तो मजबूरन कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2024 में अपने आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि अधिवक्ता किसी भी स्थिति में न्यायिक कार्यों का बहिष्कार नहीं करेंगे और न ही हड़ताल करेंगे। लेकिन इसके बाद भी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कई बार न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया, जिसे कोर्ट ने आदेश की अवहेलना माना है। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विरेंद्र कुमार ने बताया कि वह इस संबंध में जिला जज के माध्यम से अपने जवाब भेज चुके हैं। पूरे रिकार्ड के साथ यह जवाब भेजा गया है। जिस पर शीघ्र ही निर्णय आ जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने गलत जानकारी देकर अदालत के जरिये देवबंद सिविल बार एसोसिएशन को नोटिस दिलाया था। जिसका संतोषजनक जवाब दे दिया गया है।

# विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हैः तनुराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दून हिल्स एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल घोषित करते हुए मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। परीक्षाफल देख बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

दून हिल्स एकेडमी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं वेदिका, ताक्ष्वी, इब्राहिम, हैदर, अब्दुल्ला अंसारी, मोहम्मद अली, अबुजर, पल्लवी, अर्नव शर्मा, अहान, अक्षय, रम्शा, कुलसुम, उमर अब्दुल्ला, अंशुल, रचित, अनिरुद्ध, केशव पुंडीर, सानिया, अतुल गुप्ता, पूर्वी, आरव पंवार, आराध्या, शशांक, वंशिका, परी राणा, राजनंदिनी, कुणाल पुंडीर को पुरस्कृत किया गया। टाप-10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के अलावा कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति, वर्षभर उत्कृष्ट आचरण, उल्लेखनीय सुधार तथा सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा के लिए भी छात्रों को विशेष पुरस्कार दिए गए। प्रधानाचार्या डा. अंजलि पंवार व डायरेक्टर तनुराज ने बच्चों को उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है। इस दौरान स्कूला स्टाफ शामिल रहा।



# हत्या के प्रयास के वांछितों को किया गिरफ्तार

**देवबन्द।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो वांछितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

मोहल्ला गुज्जरवाड़ा निवासी नजाक ने कोतवाली में तहरीर देकर उसके भाई सदाकत को घर से बुलाकर मोहल्ला मुलतानियान निवासी साबिर उर्फ चोना और साहिल उर्फ एंजल पर चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# ससुराल में युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद क्षेत्र में ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसके ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद मुजफ्फरनगर के थाना तितावी क्षेत्र के ग्राम जसौई निवासी 25 वर्षीय तालिब पुत्र अब्दुल रहीम का प्रेम विवाह 11 जनवरी 2026 को नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ताहरपुर निवासी यासीन की पुत्री रूबी के साथ हुआ था। मृतक के पिता अब्दुल रहीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा तीन दिन पहले अपनी साली की शादी में शामिल होने ससुराल ताहरपुर आया था। उन्हें 27 मार्च को रात लगभग आठ बजे बेटे तालिब की मौत की सूचना मिली। अब्दुल रहीम ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे को कई बार फोन किया, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। इसके बाद वे स्वयं जानकारी करते हुए सरकारी अस्पताल समीपुर पहुंचे, जहां तालिब को मृत अवस्था में पाया। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि तालिब देहरादून में काम करता था और लड़की भी वहीं रहती थी। दोनों ने प्रेम प्रसंग के चलते शादी की थी, जिससे लड़की के परिवार वाले खुश नहीं थे। उन्होंने आशंका जताई है कि लड़की के परिवार वालों ने ही इस घटना को अंजाम दिया है।

अब्दुल रहीम ने यह भी बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि तालिब ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। हालांकि, उनका कहना है कि यदि फांसी लगाई होती तो शव किसी पेड़ या अन्य जगह लटका हुआ मिलता, लेकिन उसका शव जमीन पर पड़ा मिला। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।



## निदा और रिरित राजपूत बने टॉपर

**बिजनौर।** रवाना रोड स्थित निजी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। परीक्षाफल में प्राथमिक वर्ग से निदा नफीस और जूनियर वर्ग से रिरित राजपूत ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शेखर अवस्थी, विद्यालय प्रबंधक बलराम सिंह, मनोज कुमार और कमलजीत सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। प्रस्तुति देने वालों में परी, सुजाता, नैना, मानवी, सुहानी, वंशिका, शिफा, भावना, गौरी, गुंजन, आशी, अरशद, निहारिका, खुशी, प्रेरणा, ललिता, अलशिफा, भूमि, सर्वलीन और इनाया नूर प्रमुख रहे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. शेखर अवस्थी और प्रबंधक बलराम सिंह ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उप-प्रधानाचार्या स्वाति चौहान ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। प्रबंधक बलराम सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनकी प्रतिभा को निखारना है। कार्यक्रम के समापन पर अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान समाजसेवी मकसूद अंसारी ठेकेदार, डॉ. सरफराज सिद्दीकी, सुमित विश्वकर्मा, डॉ. अरुण अग्रवाल, जितेंद्र चौहान, प्रेमपाल सिंह, रवि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्कूटी-पिकअप भिड़ंत में तीन घायल

**बिजनौर।** रेहड़ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर दहलावाला बस स्टैंड के पास आज दोपहर एक स्कूटी और टाटा पिकअप की टक्कर हो गई। ग्राम अंगदपुर निवासी साबिर हुसैन अपनी पत्नी मुन्नी खातून और रिश्तेदार कुमारी सरीना के साथ स्कूटी से मेघपुर (अफजलगढ़) से शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। दहलावाला बस स्टैंड पहुंचते ही पीछे से आ रही टाटा पिकअप ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों स्कूटी सवार हाईवे पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल मुन्नी खातून (60 वर्ष) की हालत गंभीर बताई और उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष रेहड़ राजीव कुमार ने बताया कि टाटा पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गौकशी के दो आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने गौकशी से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पशु वध के उपकरण, अवैध हथियार और बाइक बरामद की गई है। 27 मार्च को नजीबाबाद कस्बे में सेंट मैरी चर्च के पीछे कच्चे रास्ते पर गौवंशीय अवशेष मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया। आज मुखबिर की सूचना पर जाफराबाद के जंगल क्षेत्र में पुलिस टीम चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी नईम उर्फ गुज्जू कुरैशी के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में पकड़ लिया गया। मुठभेड़ के बाद दूसरे आरोपी हसीन उर्फ चुग्गा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपनी पहचान बताई। पुलिस ने कब्जे से एक-एक अवैध 315 बोर तमंचे, एक-एक जिंदा कारतूस, एक-एक खोखा कारतूस 315 बोर, पशु कटान के उपकरण (एक छुरी, एक कुल्हाड़ी, एक लकड़ी का गुटका एवं रस्सी आदि) और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस का कहना है कि मामले में आ गे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और अन्य संभावित आरोपियों की भी तलाश जारी है।

## मिलेनियम का परीक्षाफल घोषित

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 11वीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नर्सरी से कक्षा 11वीं परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। यूकेजी के छात्र मौहम्मद अयान ने शत प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर का खिताब अपने नाम किया। विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह ने छात्रों के कैरियर के सम्बन्ध में अभिभावकों को आवश्यक जानकारी दी। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पीएम आवास योजना में लापरवाही उजागर

## हल्का लेखपाल और ग्राम पंचायत अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किए बिना ही घोषित कर दिया अपात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुम्हेड़ा में राजस्व विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक गरीब, भूमिहीन महिला को सरकारी योजना से वंचित किए जाने का मामला सामने आया है। जिसमें खासकर हल्का लेखपाल की भूमिका पर आरोप लगे हैं।

ग्राम कुम्हेड़ा निवासी पीड़िता सलोनी पत्नी पुनीत, जो एक मजदूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं, के पास रहने के लिए पक्का मकान तक नहीं है। बताया गया है कि उनका कच्चा मकान बारिश में गिर चुका है और वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ छत पर पन्नी डालकर गुजर-बसर कर रही हैं। आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो रहा है। पीड़िता ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कर आवेदन किया था, लेकिन हल्का लेखपाल और ग्राम पंचायत अधिकारी ने बिना मौके का निरीक्षण किए ही उन्हें अपात्र घोषित कर दिया। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में यह भी दर्ज किया गया कि पीड़िता के मकान के चारों ओर पक्की ईंटों की दीवार बनी हुई है, जबकि हकीकत इससे बिल्कुल अलग बताई जा रही है। इस मामले को लेकर पीड़िता ने जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। इससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और गरीबों के हक में मिलने वाली योजनाओं की पारदर्शिता पर भी संदेह गहरा रहा है। आखिरकार परेशान होकर पीड़िता ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि मौके पर सही जांच कराकर दोषी अधिकारियों, विशेषकर हल्का लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस तरह की लापरवाही और मनमानी जारी रही, तो जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच पाना मुश्किल हो जाएगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है।





# कृष्णा कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार

## भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के बारे में विचार प्रकट किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में विकसित भारत-2047 विषय पर एक दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के बारे में अपने विचार प्रकट किये।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के चेयरमैन प्रदीप जोशी, महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, निदेशक योजना व विकास डॉ. एस.सी. जैन, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, ने संरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलित करके किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के चेयरमैन प्रदीप जोशी ने बताया कि किस प्रकार भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र एवं एक महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने भारत की युवा शक्ति में निहित अपार संभावनाओं का भी जिक्र किया एवं सभी से मिलकर इस राष्ट्रीय उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार ने विकसित भारत के विभिन्न आयामो एवं उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने (मेक इन इण्डिया) स्टार्ट, अप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे क्रार्यक्रमों का जिक्र किया। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमैन मनोज कुमार ने विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में युग छात्रशक्ति एवं रोजगार परक शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

कृष्णा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी वक्ताओं का आभार प्रकट किया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सेमिनार का आयोजन डॉ. एस.सी. जैन के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभागाध्यक्ष सूरज शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती दीपशिखा अग्रवाल व श्रीमति प्रियंका राजन अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विपिन कुमार शर्मा, गोपाल स्वरूप, मंदीप चिकारा, मेहरचंद, नीरज अपरवाल, नूतन मलिक, रोहित राजपूत, सौरभ चौधारी, कांता मलिक, दिपांशु जैन, दिशांत आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## पुलिस ने दो आरोपी पकड़े



**चांदपुर।** ग्राम हैजरपुर निवासी राकेश कुमार पुत्र फूल सिंह ने 23 मार्च को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि पलक पुत्री संजीव एवं पलक के परिजनों द्वारा उसके भतीजे प्रशांत पुत्र सियाराम के साथ जान से मारने के नियत से लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 143/26 धारा 109(1), 115(2), 61(2) बीएनएस पंजीकृत कर आरोपियों की खोज शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार दौराने इलाज मजरूब प्रशांत उपरोक्त की मृत्यु हो जाने पर अभियोग में उपरोक्त धारा 103(1), 190, 191(2) बीएनएस की वृद्धि की गई एवं आरोपी निक्रांत उर्फ निक्की, सचिन कुमार, अभिनव पुत्र राजपाल सिंह, संजीव पुत्र नाथू सिंह, पलक पुत्री संजीव निवासीगण ग्राम तखनपुरी थाना चांदपुर के नाम प्रकाश में आए जिसके चलते वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। आज थाना चांदपुर पुलिस द्वारा उपरोक्त मामले में आरोपी निक्रांत उर्फ निक्की पुत्र बलरामख संजीव पुत्र नाथू सिंह निवासीगण ग्राम तखनपुरी थुाना चांदपुर जनपद बिजनौर को घटना में प्रयुक्त दो अदद डंडों सहित गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## एपस्टीन फाइल से जुड़े लोगों ने दरिंदगी की हदें पार की : काजी जियाउर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने कहा कि एपस्टीन फाइल में जिन दरिंदों के नाम शामिल हैं, उन्हें कुदरत भयानक सजा देगी।

उन्होंने कहा कि एपस्टीन फाइल से जुड़े लोगों ने दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी हैं। इन्होंने मानवता के विरुद्ध ऐसे अपराध किए हैं, जिन्हें न दुनिया माफ कर सकती है न कुदरत इन्हें छोड़ेगी। अमेरिका द्वारा ईरान पर बिना कारण युद्ध थोपना एपस्टीन फाइल के रिलीज होने से ध्यान भटकाना है।

उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पागलपन की वजह से अमे. रिका और समूचे विश्व को तबाही की आग में झोंक दिया है। इस युद्ध की भयावहता के कारण पूरे विश्व में हा-हाकार मच गया है तथा शांति भंग हो गई है। डोनाल्ड ट्रम्प जैसे सनकी जिन्होंने अपने आप को हिटलर द्वितीय साबित किया है।

# शिक्षक एक अप्रैल को मनाएंगे काला दिवस

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एक अप्रैल को प्रांतीय आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में काला दिवस मनाया जाएगा। इस सम्बंध में जिला संरक्षक अतुल कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता एवं ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबो. धित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एक अप्रैल 2005 को सरकार द्वारा प्रदेश के शिक्षकों एवं कर्मचारी से पुरानी पेंशन को छीनने का कार्य किया गया था। संगठन लंबे समय से एक अप्रैल को काला दिवस के रूप में अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज करने का कार्य कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। एक अप्रैल को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी काला फीता बांधकर कार्य करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा दृढ़संकल्पित है। एक अप्रैल को सभी शिक्षक एवं कर्मचारी अपना विरोध दर्ज करेंगे। अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत ने विरोध प्रदर्शन को सफल करने का आह्वान किया। इस मौके पर बालेश कुमार, योगेश कुमार, आत्माराम, धीरेंद्र तिवारी, हारून, अजय कुमार आदि ने संबोधित किया।



# IPL 2026: धोनी की शुरुआती गैरमौजूदगी

### राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स मुकाबले की रूपरेखा तय करेगी

**गुवाहाटी, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच पहला मैच सिर्फ रन और विकेट के बारे में नहीं है, जिसे अगले हफ्ते तक भुला दिया जाएगा। यह सैमसन के किसी जगह पर लौटने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बदलाव के बारे में है, वह ऐसे रंग पहनता है जो उसके अतीत से बिल्कुल मेल नहीं खाते।

संजू सैमसन, जो कभी राजस्थान की महत्वाकांक्षाओं का शांत चेहरा थे, अब एक विरोधी के रूप में बाहर हो गए हैं। क्रिकेट एडमिनिस्ट्रेटर इसे एक ट्रेड कह सकते हैं, कमेंटेटर इसे स्ट्रैटेजी बता सकते हैं, लेकिन जो लोग अभी भी मानते हैं कि खेल में आत्मा है, उनके लिए यह उन रास्तों के अलग होने जैसा है जो कभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए। वह किसी अजनबी की तरह नहीं, बल्कि ऐसे खिलाड़ी की तरह आते हैं जो क्रीज, अपने पुराने ड्रेसिग रूम के मूड और शायद ओवरों के बीच की खामोशी को भी जानता है। जान-पहचान में आराम है, लेकिन दूसरी तरफ लौटना भी एक तरह की शरारत है। सैमसन उस तरह के फॉर्म में हैं जिससे सिलेक्टर हैरान रह जाते हैं और बॉलर की नींद उड़ जाती है - रन तेजी से बन रहे हैं, टाइमिग आसानी से हो रही है, और ज्यादातर बल्ला ही बोल रहा है। ऐसा फॉर्म सिर्फ उनकी नई टीम को ही मजबूत नहीं करता( बल्कि कहानी में वजन भी जोड़ता है। अगर वह सफल होते हैं, तो इसे सुधार के तौर पर पढ़ा जाएगा( अगर वह असफल होते हैं, तो इसे दबाव में लड़खड़ाना कहा जाएगा। क्रिकेट, आखिरकार, पीछे मुड़कर देखने पर ही उदार होता है। इस मुकाबले में एक अहम सबप्लॉट चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एमएस धोनी की गैरमौजूदगी है। एमएस धोनी के इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन के पहले कुछ मैच नहीं खेलने की उम्मीद है, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ओपनर भी शामिल है, क्योंकि वह पिडली की चोट के कारण कम से कम पहले दो हफ्तों के लिए बाहर हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी से न सिर्फ एक अनुभवी फिनिशर और विकेटकीपर लाइनअप से बाहर हो गए हैं, बल्कि लीडरशिप और धैर्य की भी कमी हो गई है, जिस पर सीएसके मुश्किल हालात में हमेशा निर्भर रहा है। उनकी गैरमौजूदगी में, टीम को बैलेंस और दिशा बनाए रखने के लिए रुतुराज गायकवाड़ की लीडरशिप और टीम के सभी खिलाड़ियों के अनुभव पर ज्यादा निर्भर रहना होगा। राजस्थान के लिए, एक जाने-पहचाने लीडर के जाने से एक कमी और एक मौका दोनों पैदा हुए हैं। रियान पराग के नेतृत्व में लीडरशिप युवा हाथों में आ गई है, जो अपने साथ युवाओं की बेसब्री और यह साबित करने का बोझ लेकर आया है कि बदलाव सिर्फ दिखावटी नहीं हो सकता। उनकी बैटिंग काफी हद तक आक्रामक ओपनिग जोड़ी पर निर्भर है, जिसमें यशस्वी जायसवाल से उम्मीद है कि वे टॉप पर अपने अटैकिग इरादे से लय सेट करेंगे। असल में, रॉयल्स एक बदलाव की टीम है-एनर्जेटिक, निडर, लेकिन अभी भी दबाव में कंसिस्टेंसी की तलाश में है। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स ने सोच-समझकर खुद को नया रूप दिया है। सैमसन के आस-पास, रुतुराज गायकवाड़ जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से उम्मीद है कि वे पारी को संभालेंगे, टॉप पर स्थिरता सुनिश्चित करेंगे और दूसरों को उनके आस-पास खेलने देंगे। मिडिल ऑर्डर में, डेवाल्ड ब्रेविस की मौजूदगी से जबरदस्त पोटेंशियल आता है, जो मोमेंटम की सबसे ज्यादा जरूरत होने पर बिना डरे स्ट्रोक खेलकर स्कोरिग रेट को तेज कर सकते हैं। हालांकि, राजस्थान का अपना बैलेंस भी है। रवींद्र जडेजा के शामिल होने से एक्सपीरियंस और वर्सेटिलिटी दोनों मिलती है, जिससे बीच के ओवरों में कंट्रोल मिलता है और बैट से फिनिशिग की काबिलियत मिलती है।



# ऑस्ट्रेलियाइयों के दम पर मुल्तान सुल्तांस की जीत के साथ शुरुआत

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग के 2026 एडिशन में मुल्तान सुल्तांस की जीत की शुरुआत रही है, जिसमें उनके चार ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने इस्लामाबाद यूनाइटेड पर पहले मैच में पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। जीत के लिए 172 रनों का पीछा करते हुए, विकेटकीपर जोश फिलिप के 55 और कप्तान एश्टन टर्नर के नाबाद 43 रनों की बदौलत सुल्तांस ने आठ गेंद बाकी रहते अपना लक्ष्य हासिल कर लिया।

पूर्व टेस्ट कप्तान के हेड कोच के तौर पर, टर्नर को कप्तान बनाया गया है, जबकि उनके साथी स्टीव स्मिथ उसी एक्सआई में थे और उन्होंने टॉप ऑर्डर में उनकी जगह ली थी।

स्मिथ, जिन्हें फ्रेंचाइजी ने 'पीएसएल इतिहास की सबसे बड़ी साइनिग' करार दिया था, ने अपने पीएसएल डेब्यू में तीन छक्के मारे, लेकिन 31 रन पर आउट हो गए,

जब वह मिड ऑफ पर शादाब खान की गेंद को क्लियर नहीं कर सके। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई उप-कप्तान ने इस्लामाबाद की पारी के दौरान तीन जरूरी कैच लेकर मैच पर पहले ही बड़ा असर डाल दिया था। न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन ने बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश की, लेकिन जब स्मिथ ने उन्हें लॉन्ग ऑन पर कैच किया (21 गेंदों पर 40 रन पर), तो इस्लामाबाद यूनाइटेड की रफ्तार रुक गई। सदाबहार पीटर सिडल ने अपने चार ओवर में सिर्फ 29 रन दिए और रात का पहला विकेट लिया, डेवोन कॉनवे का, जिन्हें पॉइंट बाउंड्री पर कैच किया गया।

**खेल विशेष**

### आदिवासी खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय खिलाड़ी बनाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व महिला मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने रविवार को भारत के आदिवासी समुदायों के बीच खेलों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि इन समुदायों के लोगों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने के लिए जरूरी शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता मौजूद है। एआईबीए महिला विश्व बॉक्सिग चैंपियनशिप में छह बार स्वर्ण पदक जीतने वाली कॉम ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिग कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम के दौरान यूनीवार्ता को दिए एक साक्षात्कार मे कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि अगर आदिवासी खिलाड़ियों (पुरुष और महिला दोनों) को सही तरह का सहयोग मिले, तो वे निश्चित रूप से बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा किमैं खुद 'कॉम' समुदाय से आने वाली एक आदिवासी महिला हूं। आदिवासी लोग ऐसे इलाकों में रहते हैं जहां की परिस्थितियां काफी कठिन होती हैं, उनमें जबरदस्त शारी. रिक और मानसिक दृढ़ता होती है और उन्हें अपने रोजमर्रा के जीवन में बहुत अधिक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आदिवासी लोग स्वभाव से ही मजबूत होते हैं, और मुझे लगता है कि अगर उन्हें सही मात्रा में सहयोग और जागरूकता मिले।

### इंडिया अंडर-23 मेन्स ने ट्राई-नेशन चैंपियनशिप में भूटान को 5.0 से हराया

**इटानगर, वार्ता।** इंडिया अंडर-23 मेन्स नेशनल टीम ने अरुणाचल प्रदेश के यूपिया के गोल्डन जुबली स्टेडियम में अंडर-23 ट्राई-नेशन चैंपियनशिप 2026 में भूटान को पांच गोल से हराया। सुहैल अहमद भट (51', 81') ने शनिवार को दो गोल किए, जबकि रिकी मीतेई हाओबाम (44'), टोम्बा सिंह हाओबाम (79'), और मुहम्मद अजसल (85') ने एक-एक गोल किया। इस जीत से इंडिया अंडर-23 ट्राई-नेशन चैंपियनशिप में टेबल में टॉप पर पहुंच गया है। ब्लू कोल्ट्स के पॉइंट्स (तीन) बराबर हैं और ताजिकिस्तान ने इस हफ्ते की शुरुआत में भूटान को 1-0 से हराया था।

# दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को दो विकेट से हराया


**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** अयाबा. ंगा खाका (छह विकेट) के बाद एनरी डर्कसन (72), सुने लूस (53) और कायला रेनेके (नाबाद 42) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पहले दिनरात्रि एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को दो विकेट से शिकस्त दी।

कायला रेनेके को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। तेजमिन ब्रिट्स (शून्य) और लॉरा वुलफॉर्ट (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद एनरी डर्कसन और सुने लूस की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी हुई। 29वें ओवर में सूजी बेट्स ने एनरी डर्कसन (72) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में अमेलिया केर ने सूजी बेट्स (53) का शिकार बना लिया।

जल्द ही दक्षिण अफ्रीका के सिनालो जाफ्टा (13) और क्लोई ट्राइऑन (नौ) को आउट कर न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने मैच में वापसी की। इसके बाद नदीन डी क्लर्क और कायला रेनेके ने एक बार फिर से पारी को संभाला और टीम को जीत की ओर ले गए। 46वें ओवर में रोजमेरी मेयर ने एन डी क्लर्क (39) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़कर मैच को रोमांचक बना दिया।

# जब भी खेलने आता हूं, 120 प्रतिशत के साथ आता हूं: कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट में वापसी करते हुए 38 गेंदों पर 69 रन बनाए और गत विजेतारॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ पहले ही मैच में जीत दिलाई। जीत के बाद उन्होंने कहा कि इस फॉर्मेट से दूर बिताए गए समय से उन्हें तरोताघ व उत्साहित रहने और 120 प्रतिशत के साथ लौटने में मदद मिली।



कोहली का आखिरी टी-20 मैच आईपीएल 2025 फाइनल था, जिसे आरस. ीबी ने जीतकर अपना पहला आईपीएल खिताब हासिल किया था। उन्होंने अपने टाइटल डिफेंस की शुरुआत 202 रन के लक्ष्य को 15-4 ओवर में हासिल करके की। इस चेज में कोहली नाबाद रहे। उन्होंने कहा कि देखिए, पिछले 15 साल में जिस तरह का शेड्यूल रहा है और मैंने जितना क्रिकेट खेला है, मेरे लिए हमेशा थकान का जोखिम ज्यादा था। इसलिए ए ब्रेक मेरे लिए बहुत मददगार रहे। मैं तरोताघ और उत्साहित रहता हूं। जब भी मैं खेलने लौटता हूं, 120 प्रतिशत के साथ लौटता हूं। मैं बिना तैयारी के वापस नहीं आता। असल में, अतिरिक्त आराम मुझे मान. सिक रूप से भी तरोताजा कर देती है। जब आप शारीरिक रूप से फिट और मानसिक रूप से उत्साहित हों, तो आप टीम के लिए योगदान दे पाते हैं। एक खिलाड़ी के रूप में आप यही चाहते हैं। आप सिर्फ अपनी जगह बनाए रखने के लिए नहीं खेलते। आप लगातार अच्छा प्रदर्शन और टीम के लिए मेहनत करते रहना चाहते हैं। कोहली ने आईपीएल में आने से पहले जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे में 93, 23 और 124 रन बनाए थे। वह उस सीरीज में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उससे पहले दिसम्बर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी उन्होंने 302 रन बनाए थे, जिसमें दो शतक शामिल थे। एसआरएच के खिलाफ कोहली ने पांच चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने 16वें ओवर में हर्षल पटेल के खिलाफ 6, 4, 4, 4 मारकर मैच समाप्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले साल जून के बाद टी-20 नहीं खेलने के बावजूद, हालिया वनडे प्रदर्शन ने उन्हें 'उसी तरह की मोमेंटम में बने रहने' में मदद की। उन्होंने एसआरएच के खिलाफ अपनी पारी के बारे में कहा कि मैंने ऐसे शॉट्स खेलने के प्रयास नहीं किए, जो मैं आमतौर पर नहीं खेलता। मुझे पता था कि मेरा रिदम सही है और मैंने फिटनेस के लिए काफी मेहनत की है।

### कोहली अपना स्ट्राइक रेट कभी भी बढ़ा सकते हैं: बांगड़


**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल 2025 फाइनल के बाद अपना पहला टी-20 खेलते हुए विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2026 के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ बड़ी जीत दिलाई।

उनकी 38 गेंदों पर नाबाद 69 रन की पारी में पांच चौके और पांच छक्के शामिल थे और उन्होंने आरसीबी को 15-2 ओवर में ही 202 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू के मुताबिक कोहली का अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी है। रायुडू ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर कहा कि पूरी पारी के दौरान कोहली अभी भी थोड़े रस्टी लग रहे थें। जैसे-जैसे वह और सेट होंगे, उनसे बहुत कुछ और देखने को मिलेगा। शुरुआत में कोहली थोड़ा असहज दिखे।

# सबालेंका ने मियामी खिताब जीता

**फ्लोरिडा, वार्ता।** आर्यना सबालेंका ने वर्ल्ड नंबर 4 कोको गॉफ पर 6-2, 4-6, 6-3 से जबरदस्त जीत हासिल कर 2022 में इगा स्वियाटेक के बाद तक सनशाइन डबल पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। वह यह कामयाबी हासिल करने वाली पांचवीं महिला हैं, उनसे पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और स्वियाटेक यह कारनामा कर चुकी हैं। सबा. लेंका ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह बहुत मायने रखता है। मेरा लक्ष्य हमेशा से इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है, और मैंने बस वही किया। यह सुनने में बहुत अजीब लगता है।

मुझे नहीं पता कि मैं यह कैसे कर पाई, लेकिन मुझे अभी बहुत गर्व है। बेशक, बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं। इस जीत के साथ, सबालेंका ने डब्ल्यूटीए टूर लेवल पर गॉफ के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-6 पहुंचा दिया, अब उन्होंने अपनी पिछली दो मीटिग जीती हैं। उन्होंने मियामी ओपन टाइटल भी सफलतापूर्वक डिफेंड किया, जिसमें उन्होंने सिर्फ एक सेट गंवाया। वह 2019 और 2021 में एश्ले बार्टी के बाद इस इवेंट में बैक-टू-बैक टाइटल जीतने वाली पहली प्लेयर हैं, और 2013 से 2015 तक सेरेना विलियम्स के बाद लगातार सालों में ऐसा करने वाली पहली प्लेयर हैं। ट्रॉफी प्रेजेंटेशन के दौरान सबालें. का ने कहा कि कोको, तुम स्पीच देने में बहुत अच्छी हो। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे नहीं पता कि और क्या कहूं। लेकिन मैं तुमसे शुरू करना चाहती हूं। तुम एक फाइटर हो। तुमने मुझे एक बेहतर प्लेयर बनने के लिए बहुत पुश भी किया, और मुझे हमारी राइवलरी पसंद है। तुम कमाल की हो। मैं तुम्हें फाइनल में वापस देखकर खुश हूं और मुझे सच में उम्मीद है कि मैं और भी कई मैच खेलूंगी। तो तुम्हें और तुम्हारी टीम को बधाई। यह जीत उनके करियर का 24वां डब्ल्यूटीए सिगल्स टाइटल और कुल मिलाकर 30वां टाइटल है, जिसमें छह डबल्स शामिल हैं। इनमें चार ग्रैंड स्लैम सिगल्स टाइटल, दो डबल्स, 11 डब्ल्यूटीए 1000 सिगल्स टाइटल और दो और डबल्स -- जिनमें से एक 2019 में मियामी में जीता था। उन्होंने ए सभी टोटल वर्ल्ड नंबर 1 पर 83 हफ्ते बिताते हुए हासिल किए हैं, जिसमें एक एक्टिव स्ट्रीक भी शामिल है जो 75 हफ्तों तक पहुंच गई है।



लगातार बेहतरीन प्रदर्शन का यह लेवल न केवल शनिवार के फाइनल में, बल्कि एलेना रायबाकिना पर उनकी जबरदस्त सेमीफाइनल जीत जैसे प्रदर्शन से आया है। गॉफ के खिलाफ -- एक खिलाड़ी जिसने उन्हें अपने पूरे करियर में परेशान किया है, सबालेंका ने एक और पूरा, और सबसे जरूरी, शांत प्रयास किया। उन्होंने खुद को साबित करने में कोई समय बर्बाद नहीं किया। उन्होंने तुरंत ब्रेक लिया, एक शार्प-एंगल बैकहैंड विनर का इस्तेमाल करके 1-0 से आगे होने में मदद की, जो उस अप्रोच का शुरुआती प्रीव्यू था जो मैच को तय करेगा। उन्होंने बैकहैंड विनर मारकर पहला सेट 38 मिनट में अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में सबालेंका ने और भी शानदार खेल दिखाया, लेकिन यह गॉफ की लड़ाई थी जिसने आखिरकार इसे अमेरिकी खिलाड़ी के पक्ष में कर दिया। 3-3 के ब्रेक पॉइंट से पीछे होने के बाद, 22 साल की खिलाड़ी एक बार फिर खतरे से बाहर निकली, यह जानते हुए कि देर से ब्रेक लेने से उनके सारे मौके खत्म हो जाएंगे। कुछ गेम बाद उन्हें अपनी मेहनत का इनाम मिला जब उन्होंने ब्रेक किया। सबालेंका ने पहली बार -- और सिर्फ एक बार -- सेट गंवाया और मैच डिसाइडर में चला गया। लेकिन तीसरा सेट पूरी तरह से सबालेंका का था। गॉफ ने अच्छी सर्व की, लेकिन सबालेंका ने शानदार सर्व किया, अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 74 प्रतिशत और दूसरे सर्व में 61 प्रतिशत अंक जीते, इन नंबरों ने गॉफ का लगातार विरोध करना लगभग नामुमकिन बना दिया। वह दोनों विंग्स से विनर्स स्प्रे करती रहीं। उन्होंने लाइन के नीचे एक बैकहैंड विनर मारकर 2-0 से होल्ड पक्का किया, फिर एक फोरहैंड विनर मारकर 5-3 के लिए एक जरूरी होल्ड पक्का करने में मदद की।

# मोदी ने रणजी चैंपियन जम्मू-कश्मीर की सराहना की

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में खेलों में मिली सफलता का उल्लेख करते हुए टी-20 विश्व कप का खिताब अपने नाम करने वाली भारतीय टीम और रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर टीम की सराहना की और आठ मार्च को आयोजित हुए अस्मिता लीग का भी जिक्र किया।

श्री मोदी ने 'मन की बात' के 132वीं कड़ी में टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और पहला रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली जम्मू-कश्मीर की टीम की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने खेलों के बारे में बात करते हुए कहा कि देशभर के खेल प्रेमियों के लिए यह महीना जोश और उत्साह से भर देने वाला रहा है। जब भारत ने टी-20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की तो देश में हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई। अपनी टीम की इस शानदार सफलता पर हम सभी को बहुत गर्व है। पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला। इस मुकाबले को जीतकर जम्मू- कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया।



# आठ स्वर्ण और एक रजत के साथ चमके कर्नाटक के मणिकांता एल


**रायपुर, वार्ता।** पिछले कुछ दिनों से कर्नाटक के तैराक मणिकांता एल का जीवन किसी ऐसे खिलाड़ी जैसा रहा है जिसे हर कुछ मिनटों में खुद को फिर से तैयार कर अगली चुनौती के लिए उतरना होता है। 21 वर्षीय मणिकांता ने रायपुर में चल रहे पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किए।

नौ स्वर्ण पदकों का लक्ष्य भले ही अधूरा रह गया, लेकिन उनका दबदबा पूरे प्रतियोगिता में साफ नजर आया। इस दौरान उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ रेस जीतना नहीं, बल्कि हर रेस के बीच बहुत कम समय होने के कारण खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना भी था। कई बार उन्हें पूल से निकल. कर सीधे पदक समारोह में जाना पड़ता और फिर तुरंत अगली रेस के लिए लौटना होता था। ब्रेस्टस्ट्रोक एक्सपर्ट मणिकांता ने खुद को चुनौती देते हुए चारों स्ट्रोक 'ब्रेस्टस्ट्रोक, फ्रीस्टाइल, बटरफ्लाई और बैकस्ट्रोक' भाग लिया, ताकि अपनी टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा पदक जीत सकें। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के पहले संस्करण के सबसे सफल खिलाड़ी मणिकांता ने साई मीडिया से कहा कि अलग-अलग स्ट्रोक्स के बीच तालमेल बैठाना आसान नहीं होता, क्योंकि हर रेस की रणनीति अलग होती है। ऊपर से रेस के बीच समय भी बहुत कम था, जो इसे और चुनौतीपूर्ण बना रहा था। प्रतिदिन सिर्फ छह रेस होने के बावजूद मणिकांता पहले तीन दिनों में लगभग हर दूसरी रेस में उतर रहे थे। इस दौरान उन्हें रेस के बीच पदक समारोह में भी शामिल होना पड़ता था। इस कठिन शेड्यूल का असर तीसरे दिन की आखिरी रेस में दिखा, जहां 50 मीटर फ्रीस्टाइल में उन्हें अपने ही राज्य के धुनीश एम से पीछे रहते हुए रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उस रेस तक पहुंचते-पहुंचते मेरे पेट की मांसपेशियों में जकड़न होने लगी थी, जिससे मेरी गति प्रभावित हुई। लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। पहली बार मैंने इतने सारे इवेंट्स में, वो भी अलग-अलग स्ट्रोक्स में हिस्सा लिया। मणिकांता को तैराकी की प्रेरणा उनके चाचा मंजूनाथ से मिली, जो खुद राष्ट्रीय स्तर के तैराक रह चुके हैं। इससे पहले वह इस साल जयपुर में हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चार स्वर्ण पदक जीत चुके हैं, जिनमें 100 मीटर और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक के व्यक्तिगत खिताब शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि अपने करियर की शुरुआत में मणिकांता बटरफ्लाई इवेंट पर ज्यादा ध्यान देते थे, लेकिन 2019 में कंधे की चोट के बाद उनके कोच सिन्जो ने उन्हें ब्रेस्टस्ट्रोक पर फोकस करने की सलाह दी। मणिकांता ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं ब्रेस्टस्ट्रोक के लिए ही बना हूं। जब मैं बटरफ्लाई की ट्रेनिग करता था, तब भी मेरा पहला राष्ट्रीय पदक 2016 में एक रिले रेस में आया था, जिसमें मैंने ब्रेस्टस्ट्रोक तैरा था। दावणगेरे के रहने वाले मणिकांता वर्तमान में बेंगलुरु के बसवनगुड़ी एक्वाटिक सेंटर में कोच राजीव आरएस के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे हैं। हालांकि रायपुर में कई इवेंट्स में सफलता पाने के बावजूद मणिकांता अपने भविष्य को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि कई इवेंट्स में हिस्सा लेना शरीर पर काफी दबाव डालता है और इससे मेरे मुख्य इवेंट में प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। मैं अब पूरी तरह ब्रेस्टस्ट्रोक पर ध्यान देना चाहता हूं और इस साल होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। खेलो इंडिया में 20 से अधिक पदक जीत चुके मणिकांत के पास सीनियर नेशनल्स में भी दो रजत और एक कांस्य पदक है। हालांकि एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें अपने प्रदर्शन में बड़ा सुधार करना होगा। 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में एशियाई खेलों का क्वालीफिकेशन समय 2:13-03 सेकंड है, जबकि मणिकांत का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2:20-55 सेकंड है। इस इवेंट का भारतीय रिकॉर्ड संदीप सेजवाल के नाम है, जिन्होंने 2009 में 2:12-02 सेकंड का समय दर्ज किया था। मणिकांता ने कहा, षपिछले दो महीनों से मैं इसी लक्ष्य के साथ कड़ी मेहनत कर रहा हूं और यही वजह है कि मैं यहां इतने सारे इवेंट्स में अच्छा प्रदर्शन कर पाया। मुझे पता है कि एशियाई खेलों की टीम में जगह बनाना आसान नहीं है, लेकिन अगर मैं लगातार मेहनत करता रहा तो यह संभव है। मणिकांता का सपना भविष्य में अपनी तैराकी उपलब्धियों के आधार पर कर्नाटक पुलिस में नौकरी हासिल करना भी है।

# जम्मू मैराथन 2019 से आए गहरे बदलाव का प्रतीक है: मनोज सिन्हा

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि 2019 में शुरु हुई जम्मू मैराथन के बाद से प्रदेश में गहरे बदलाव आए है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में जम्मू मैराथन के सम्मान समारोह में कहा कि शांति, समृद्धि और अनुकूल परिस्थितियों ने इस केंद्र शासित प्रदेश को विश्व स्तरीय आयोजनों के लिए एक पसंदीदा जगह बना दिया है।

इसका सपना आखिरकार पूरा हो गया है, क्योंकि सात दशकों के बाद, जम्मू-कश्मीर वैश्विक मंच पर अपना सही स्थान हासिल कर रहा है। जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित जम्मू की पहली अंतर्राष्ट्रीय हाफ मैराथन, जिसमें 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी दौड़ की श्रेणियां शामिल थीं, में देश और विदेश से 3,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि मैं इस मैराथन को एक ऐसे आयोजन के रूप में देखता हूं जहां धावक ट्रॉफी, रैंकिग या पदकों की चिंता नहीं करते। वे बस अगले कदम के बारे में सोचते हैं। और यही मैराथन से मिलने वाला सबसे बड़ा सबक है। जम्मू और कश्मीर स्वयं इसी सिद्धांत का प्रतीक है। 2019 से, हमने एक-एक कदम करके आगे बढ़ते हुए, इस केंद्र शासित प्रदेश के लिए एक नई पहचान गढ़ी है। हमने इसे शांति और समृद्धि के केंद्र में बदल दिया है, जो अब अंतर्राष्ट्रीय मैराथन, क्रिकेट टूर्नामेंट और यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबा. नी करने में भी सक्षम है। उन्होंने कहा कि जम्मू मैराथन के माध्यम से, प्रतिभागियों ने न केवल अपने भीतर नए अनुभवों की खोज की है, बल्कि जम्मू और कश्मीर में आ रहे गहरे बदलावों को भी करीब से देखा है। यह नया संकल्प हमारे खेल जगत में भी अपनी जड़ें जमा रहा है। मुझे विशेष रूप से खुशी है कि 'फिट इंडिया' के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में, हम जम्मू और कश्मीर में एक नई खेल क्रांति की शुरुआत भी कर रहे हैं। फिल्म अभिनेता मिलिंद सोमन और गुल पनाग, प्रमुख नागरिक, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में युवाओं ने भी इस सम्मान समारोह में भाग लिया।



# निगम बोर्ड का 752 करोड़ 76 लाख का बजट पारित

## मेयर डा.अजय की अनुमति से बजट के अतिरिक्त आठ अन्य प्रस्ताव भी सर्वसम्मति के साथ पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय सिंह की अध्यक्षता में नगर निगम बोर्ड की बैठक में आज वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 752 करोड़ 76 लाख 37 हजार रुपये का मूल बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह बजट कार्यकारणी की बैठक में पारित किये गए मूल बजट 738 करोड़ 48 लाख 57 हजार रुपये से 14 करोड़ 27 लाख 80 हजार ज्यादा है। सदन ने प्रदेश सरकार से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत ढमोला की सफाई के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये स्वीकृत कराने के लिए तालियों की गड़गड़ाहट के बीच महापौर डॉ. अजय कुमार का आभार जताया। ढमोला क्षेत्र से सम्बंधित पार्षदों ने महापौर का बार-बार आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महानगर के लिए यह महत्वपूर्ण कार्य है, इससे शहर की बड़ी आबादी को राहत मिलेगी।



लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संशोधित 752 करोड़ 76 लाख 37 हजार रुपये का मूल बजट सदन में प्रस्तुत किया जिसे चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पारित किया गया। लेखाधिकारी ने बताया कि कार्यकारणी में पारित 738 करोड़ 48 लाख 57 हजार रुपये के बजट में निर्माण विभाग के 14 करोड़ 27 लाख 80 हजार का बजट बढ़ जाने के कारण ये वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि निर्माण विभाग के इस 14 करोड़ के बजट में प्रदेश सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत सहारनपुर के शहरी क्षेत्र (शाकुंभरी विहार से ग्राम पिंजौरा तक) में ढमोला नदी की सिल्ट/गार्बेज/स्लश आदि के सफाई व निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत करीब दस करोड़ रुपये का कार्य भी शामिल है। उन्होंने बताया कि उक्त धनराशि की पहली किश्त लगभग पांच करोड़ रुपये जिलाधिकारी कोष में प्राप्त हो चुके है जिन्हें सोमवार को नगर निगम द्वारा अपने कोष में प्राप्त कर लिया जायेगा।

लेखाधिकारी ने बताया कि बजट में 32 गांवों के लिए अलग से 06 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अंतयेष्टि स्थल विकास के लिए दो करोड़ तथा विकास निधि के रुप में 12 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। पारित बजट में जलकल के लिए 59 करोड़ 20 लाख, निर्माण के लिए 284 करोड़ 15 लाख, स्वास्थय के लिए 21 करोड़ 30 लाख, गौशाला के लिए 08 करोड़ 25 लाख रुपये, उद्यान के लिए 06 करोड़ 18 लाख तथा पथ प्रकाश के लिए 18 करोड़ 07 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है।

महापौर की अनुमति से बजट के अतिरिक्त सदन में आठ नये प्रस्ताव भी सर्व सम्मति से पारित किये गए। जिनमें प्रशासनिक दक्षता के लिए स्वास्थय एवं गैराज विभाग के कार्यो एवं बजट को अलग-अलग विभाजित करना शामिल रहा। इसके अलावा महानगर के विभिन्न शमशान घाटों में निर्माण कार्य की महापौर द्वारा पूर्व में दी गयी स्वीकृति पर भी सदन ने अपनी मुहर लगायी। इसके अलावा बेहट रोड स्थित निगम की भूमि पर स्थित बस पार्किंग के शुल्क में 10 प्रतिशत की वृद्धि कर नवम्बर 2025 से सितम्बर 2026 तक एक लाख 58 हजार 400 रुपये प्रतिमाह के लिए अस्थायी स्वीकृति दी गयी।


सहारनपुर स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित सीनियर सिटीजन केयर सेंटर का संचालन करने के लिए सीनियर सिटीजन वेल्फेयर सोसायटी को वार्षिक शुल्क निर्धारित करते हुए पांच वर्ष के लिए आवंटित किये जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। शुल्क निर्धारण के लिए सर्वसम्मति से महापौर को अधिकृत किया गया। बैठक में पार्षदों द्वारा उठाये गए प्रश्नों पर महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगरायुक्त शिपू गिरि ने जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। संचालन सहायक नगरायुक्त जेपी यादव ने किया।

### एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया में चुनाव

# डा.कलीम सर्वसम्मति से बने अध्यक्ष







■ **डा.विकास अग्रवाल सचिव व डा.अनुपम मलिक कोषाध्यक्ष बने**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया सहारनपुर ब्रांच के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से डा.कलीम अहमद को अध्यक्ष, डा.विकास अग्रवाल को सचिव व डा.अनुपम मलिक को कोषाध्यक्ष चुना गया।

जी.पी.ओ. रोड स्थित होटल के सभागार मे चुनाव अधिकारी डॉक्टर प्रवीण मित्तल की देखरेख मे सम्पन्न हुए चुनाव में डा.कलीम अहमद को अध्यक्ष, डा.विकास अग्रवाल को सचिव, डा.अनुपम मलिक को कोषाध्यक्ष, डा. संजीव मित्तल को अध्यक्ष 2027-28, डा. मोहन पाण्डेय, डा. रजनीश दहूजा, डा. रीना गर्ग उपाध्यक्ष, डा. सौम्या जैन वैज्ञानिक सचिव, डा. नरेश नौसरान संयोजक एन.आई.एम. सी., डा. प्रवीण शर्मा संयोजक ए.पी.आई. बिल्डिंग कमेटी चुने गए। डा. कलीम अहमद ने कहा कि भारतवर्ष मे करीब 10 करोड डायबिटीज के रोगी तथा 36 करोड प्री-डायबिटीज के रोगी पाए जाते है। इसका सबसे महत्वपूर्ण कारण बदलती जीवन शैली, तनावपूर्ण जिंदगी, खान-पान का ध्यान नही रखना है।जीवन-शैली मे बदलाव करके इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

इस मौके पर डा. प्रवीण चावला, डा. अंकुर उपाध्याय, डा. अंशुल गुप्ता, डा. संजीव मित्तल, डा. नरेश नौसरान, डा. सौम्या जैन, डा. रजनीश दहूजा, डा. विकास अग्रवाल, डा. मनोज कुमार आदि चिकित्सक उपस्थित थे।

## हवन यज्ञ संपन्न

**तीतरों।** श्री रामलीला कमेटी की ओर से राम लीला भवन परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

पंडित दीपांकर शर्मा, आचार्य मदनपाल वशिष्ठ, रामकुमार पाराशर ने संयुक्त रूप से हवन यज्ञ को संपन्न कराया। यजमान कमेटी संरक्षक चौधरी तेज सिंह रहे। इस दौरान प्रधान विनोद जैन ने कहा कि भगवान राम सभी के आराध्य हैं। भगवान श्री राम की आरती उतारी गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। चौधरी कुशल पाल सिंह, नेत्रपाल सिंह, राकेश कुमार, विनोद कुमार जैन, राजीव सिंह देशवाल, अशोक कुमार, महावीर सिंह चौहान, सभासद राजेंद्र कश्यप, मेघराज सिंह सैनी, कपिल कुमार, सुनील रावल, सुनील सैनी, लहरी वर्मा, मुकुल मौजूद रहे।

# खजूर दिवस पर निकाला जुलूस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सेक्रेट हार्ट चर्च में खजूर रविवार के मौके पर जुलूस निकाला गया। इस दौरान विशेष प्रार्थना भी की गई।

प्रार्थना सभा में फादर जॉन चिमन ने लोगों को उपदेश में बताया जब यीशु मसीह यरुशलम में प्रवेश कर रहे थे तो उन्होंने अपने शिष्यों से कहा एक गधी को पैर पकड़ कर लेकर आओ शिष्यों ने वैसे ही किया उसे गधी पर यीशु मसीह बैठ गए लोगों ने अपने वस्त्र डाल दिए और लोगों ने पेड़ों की डालियां काटकर रास्ते में डालकर यीशु मसीह का स्वागत किया और लोगों को नारे लगाए जो प्रभु के नाम पर आते हैं स्वर्ग में होस्ना होस्ना और इसके बाद पूरे शहर में यीशु मसीह के आने की खबर से खलबली मच गई। इस मौके पर एक जुलूस निकाला गया यह जुलूस चर्च के प्रांगण में ही निकाला और लोगों ने अपने हाथों में खजूर की डालियां ले रखी थी और आगे आगे दोनों फादर और पीछे ईसाई समाज के लोग प्रार्थना करते हुए चल रहे थे।



इस मौके पर फादर संत टियागो, सेंट मेरिज एकेडमी की प्रधानाचार्य शीला सोलंकी, सिस्टर जीवन लता, सिस्टर उषा, अर्चना जॉय, लुइजा, सुनीता, मधु, दिलीप, विलियम, अनु विलियम, नीरज जॉय, एवलिन मेसी, माइकल सोला. मन, मास्टर अजय, जीनत, रिचर्ड, कोमल मौजूद रहे।

# बालाजी जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर यात्रा के साथ ही नगर में बाला जी जन्मोत्सव के लिए कार्यक्रम शुरू हो गए है। समापन व भंडारा सोमवार को आयोजित होगा।

बाला जी जन्मोत्सव के अवसर पर बाला जी धाम सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को भव्य नगर यात्रा निकाली गई। यात्रा आरंभ होने पर उसका रास्ते में सैंकड़ों लोगों ने फूलों की बारिश के साथ स्वागत किया गया। यात्रा ढोल ढमाकों के साथ शिव चौक आदि स्थानों से होते हुए मोहल्ला ईशरा के शिव दुर्गा भुवनेश्वरी देवी पंचायती मंदिर पर समाप्त हुई। इससे पूर्व होली चौंक पर जन कल्याण यज्ञ व भुवनेश्वरी देवी पंचायती मंदिर पर प्रसाद वितरण किया गया। यज्ञ में अनेक श्रद्धालु यजमान रहे। मुख्य पूजन डा. सुरेंद्र कुमार, दोपहर में बाला जी मूर्ति पर चोला वस्त्र अर्पण अमित गोयल ने किया। शाम के समय भुवनेश्वरी पंचायती मंदिर पर ही एक सौ आठ दीप प्रदीप गोयल व अर्पित गोयल द्वारा प्रज्ज्वलित किए गए। बाला जी पर चोला व सिंदूर शोभित विश्व. विद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शोखर बिजेंद्र ने अर्पित किया। होली चौक पर भंडारा सोमवार को आयोजित होगा। कार्यक्रमों में शामिल रहने वालों में अशोक गोयल, अंकित नामदेव, बंटी माहेश्वरी, प्रवीण, सचिन, राकेश गोयल, सतीश सिंघल, विभोर गर्ग, विजय गर्ग, वरूण शर्मा आदि सैंकड़ों महिला पुरुष शामिल रहे।



# विश्व जैन संगठन ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर विश्व जैन संगठनद्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया।

जे वी जैन कालेज में आयोजित इस शिविर उद्घाटन जेवी जैन डिग्री कॉलेज के सचिव मोहित जैन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राक. ेश जैन उपस्थित रहे। संगठन के अध्यक्ष अरिहंत जैन ने बताया कि शिविर में आमजन को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में हृदय रोग जांच, सामान्य रोग परामर्श, नेत्र जांच, दंत जांच, फिजियोथैरेपी, पैथोलॉजी जांच एवं बोन डेंसिटी चेकअप जैसी सुविधाएं विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क प्रदान की गईं। शिविर में कुल 178 मरीजों की जांच एवं परामर्श किया गया।

शिविर के मुख्य संयोजक आयुष जैन एवं अंकुर जैन रहे, जबकि कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी आयुष जैन द्वारा निभाई गई। आयोजन को सफल बनाने में एडवोकेट आयुष जैन, मीडिया प्रभारी निखिल जैन, पीयूष जैन, विनीत जैन, प्रियंक जैन, नमन जैन, ऋषभ जैन, पंडित जितेंद्र शास्त्री, आकृषित जैन, एकांश जैन, उमंग जैन सहित अनेक कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## युवक पर जानलेवा हमला

**बिजनौर।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम चमरिया निवासी बंटी पुत्र हुकम सिंह देसी शराब की दुकान पर अपनी बाइक पर बैठा था। इसी दौरान काशीरामपुर निवासी भोलू पुत्र कर्मवीर उर्फ मुन्नु अंदर से निकला और बंटी पर लोहे की रॉड से कई बार हमला किया। हमले में बंटी बाइक से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल बंटी को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर होगा 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री सालासर बाला. जी हनुमत धाम में हनुमान जन्मोत्सव पर 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जायेगा।

दिल्ली रोड स्थित श्री सालासर बालाजी हनुमत धाम में तीन दिवसीय गीतामय हनुमत चर्चा की। सुंदर व्याख्या एवं पंचम अष्टोत्तर शत 108 श्रीमद् भागवत गीता के पाठ का आयोजन किया जाएगा धाम के संस्थापक पंडित अभिषेक कृष्णात्रेय ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर धाम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के द्वारा गीतामय हनुमत चर्चा की सुंदर व्याख्या 31 मार्च से 2 अप्रैल तक की जाएगी एवं 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह, गीता यज्ञ, प्रभु जी का अभिषेक का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हनुमान जी की कृपा से मनुष्य की इच्छाएँ पूरी होने की प्रक्रिया केवल चमत्कारिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक भी है। हनुमान जी को अष्ट सिद्धि और नौ निधि का दाता माना जाता है।

# बीच सड़क पर खड़े बिजली के खंभे दे रहे हादसों को दावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर-विकासनगर मार्ग पर फोरलेन निर्माण कार्य में बिजली विभाग और निर्माण कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। गंदेवड़ से सहारनपुर तक बन रही इस फोरलेन सड़क पर विद्युत लाइनों और खंभों की शिफ्टिंग का कार्य कछुआ गति से चलने के कारण राहगीरों की जान जोखिम में बनी हुई है। क्षेत्रीय विधायक ने इस संबंध में कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से वार्ता की, परन्तु आश्वासन के अलावा आज तक भी कोई समाधान नहीं हो सका।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क को चौड़ा करने का काम तो तेजी से किया गया है, लेकिन जो बिजली के खंभे पहले सड़क के किनारे हुआ करते थे, वे अब सड़क के बिल्कुल बीच में आ गए हैं। नियमत: सड़क निर्माण के साथ-साथ इन खंभों को किनारे शिफ्ट किया जाना था, लेकिन शिफ्टिंग का कार्य अधूरा होने के कारण ये पोल मौत का जाल बन चुके हैं। कलसिया से आगे के हिस्से में हालांकि शिफ्टिंग का काम शुरू हुआ है, लेकिन इसकी रफ्तार बेहद धीमी है और सडक बनाने की प्रक्रिया भी आईस्ता-आईस्ता आगे सरकाई जा रही है।



गंदेवड़ से बेहट के बीच पिछले दिनों कई हादसे इन खंबों की वजह से हो चुके है। जिसमें दर्जन लोग घायल होकर अस्पतालों में जेरे इलाज है और अगर शीघ्र ही इन बीचोबीच खडे खंबों को हटाकर साइड में न लगाया गया तो आने वाले दिनों में कितने ओर वाहन इन खंबों से टकरायेंगे इसका अंदाजा लगाना नामुमकिन है।

बन रही पूरी बेल्ट में जगह-जगह सड़क के बीच खड़े ये खंभे किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय निवासी अनस, गुलजार, रामकुमार सहित क्षेत्र की जनता ने इस पर गहरा रोष व्यक्त किया है। विद्युत लाइन शिफ्टिंग की जिम्मेदारी उसी कंपनी की है जो सड़क बना रही है, फिर भी काम लटका हुआ है। रात के समय दृश्यता कम होने पर इन खंभों से टकराकर वाहन चालकों के साथ अनहोनी की पूरी आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द खंभों को हटाया जाए ताकि जनता सुरक्षित सफर कर सके।



क्षेत्रीय विधायक उमर अली खान से जब इस बारे में बातचीत की गई तो उनका कहना था कि इस पूरी सडक बनाने का पैसा भी शासन द्वारा रिलीज कर दिया गया था और सडक पर लगे हुए खंबों को हटाकर शिफ्ट करने का पेमेंट विद्युत विभाग के पास जा चुका है परन्तु लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारी उदासीन है और वह इन कार्यो को तेजी से कराने के बजाये धीमी गति से करा रहे है। इस बारे में अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है।

■ **बेहट विधायक उमर अली खान बोले-गंदेवड से सहारनपुर तक बन रहा विकास नगर मार्ग की समस्याओं से अधिकारियों से कराया अवगत**



# दिगंबर जैन मंदिर में किया भव्य बेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** कस्बे के मोहल्ला महाजनान स्थित दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को जैन धर्म की परंपराओं एवं विधि-विधानों के अनुसार भव्य बेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना एवं भक्तिमय कार्यक्रम चलते रहे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व सभासद मोहित जैन और उनके परिवार ने बेदी में मूल प्रतिमा को विराजमान किया। कार्यक्रम में सो धर्म इंद्र व इंद्राणी के रूप में मिकी जैन एवं स्वाति जैन ने अपनी भूमिका निभाई। महायक नायक के रूप में अमित जैन व पूजा जैन तथा कुबेर पात्र में बॉबी जैन व रेणु जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे। इन सभी पात्रों ने जैन परंपरा के अनुरूप धार्मिक विधान को सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

ध्वजारोहण का पुण्य कार्य अजय जैन उर्फ पप्पू जैन के परिवार द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया। इस पावन अवसर पर अखंड सौभाग्यवती रीना जैन एवं स्वर्ण सौभाग्यवती निधि जैन को विशेष धार्मिक सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसे समाज में अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है।

कार्यक्रम में जिनेंद्र जैन, बृजेश जैन, सुरेश जैन, योगेश जैन, संजय जैन, हर्ष जैन, निकेतन जैन एवं अंकित जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे। महिलाओं में सरिता जैन, वीणा जैन, नीरा जैन, अनीता जैन, कविता जैन, रूपाली जैन, संगीता जैन, कमल जैन, सुरभि जैन एवं पूनम जैन सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

पूरे धार्मिक आयोजन को विद्वान आचार्य परंपरा के अनुसार पंडित चंद्रभान द्वारा मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में लवीन जैन, राजीव जैन एवं प्रदीप जैन का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

# आकाश पोसवाल को बनाया सपा छात्र सभा प्रदेश सचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** समाजवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह की संस्तुति पर समाज वादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर विनीत कुशवाह ने सपा छात्र सभा के प्रदेश सचिव पद पर आकाश कुमार पोसवाल को नियुक्त किया है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव की संस्तुति पर सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. नियर विनीत कुशवाह ने बेहट विधान सभा क्षेत्र के गांव अंबेहटा निवासी आकाश पोसवाल को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है।सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर विनीत कुशवाह ने उन्हे मनोयन पत्र सौंपते हुए कहा कि आकाश कुमार पोसवाल को प्रदेश सचिव नियुक्त करने पर पार्टी को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। नवनियुक्त प्रदेश सचिव आकाश कुमार पोसवाल ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे इस भरोसे को कायम रखते हुए पार्टी के लिए दिन रात काम करेंगे और खासतौर पर वे छात्रों और युवा वर्ग को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे आने वाले प्रदेश में 2027 के चुनाव मे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व मे पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनेगी। उनकी नियुक्ति से सपा विधायक उमर अली खान, सपा के वरिष्ठ नेता चौधरी इंद्र सेन , चौधरी रूद्र सेन, अजीम मलिक, फैजान कुरैशी चौधरी राशिद किरणपाल राणा नासिर खान

रहमान खान, जुनेद खान, ताहिर कुरैशी, शादाब कुरैशी आदि कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है।

# क्रिकेट अंडर 16 व 19 के ट्रायल संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-16 और अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल रविवार को अंबाला रोड स्थित ज्ञान कलश क्रिकेट ग्राउंड पर सफलतापूर्वक संपन्न हुए। ट्रायल में जिले भर के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

ट्रायल में अंडर-16 वर्ग में कुल 103 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जबकि अंडर-19 वर्ग में 124 खिलाड़ी शामिल हुए। खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया।ट्रायल प्रक्रिया एनआईएस कोच नागेंद्र कुमार की देखरेख में संपन्न कराई गई। उन्होंने खिलाड़ियों की तकनीक, फिटनेस और खेल कौशल का बारीकी से आकलन किया।एसडीसीए के चेयरमैन मोहम्मद अकरम ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता के अनुसार, यह ट्रायल उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित किए गए। ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को आगे की प्रतियोगिताओं के लिए मौका दिया जाएगा। राजीव गुप्ता ने बताया कि ट्रायल पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ियों को आगे बेहतर मंच प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपने खेल कौशल को निखार सकें।अंडर-16 वर्ग के ट्रायल सुबह 10 बजे से शुरू हुए, जबकि अंडर-19 वर्ग के ट्रायल दोपहर 2 बजे से आयोजित किए गए। आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से पूरा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में एसडीसीए के सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा, संरक्षक अमर गुप्ता और राज कुमार राजू, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, संयुक्त सचिव महेश शर्मा, मोहम्मद वकार, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार, सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राक. ेश शर्मा, रणधीर कपूर, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल खान, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, अंजर अली, प्रीति मेहरा, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी, प्रिंस पटेल और ललित पंवार सहित एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों व सदस्यों का सहयोग रहा।



### नगर क्षेत्र में जनसंपर्क

**गंगोह।**श्री महर्षि कश्यप गुरू कालू बाबा के जन्मोत्सव को सफल बनाने के लिए महर्षि कश्यप गुरू कालू बाबा युवा समिति रजि के लोगों ने नगर व क्षेत्र में जनसंपर्क तेजी से हो रहा है। घर-घर जाकर समाज के लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील कर रहे है।

महर्षि कश्यप गुरू कालू बाबा का जन्मोत्सव पांच अप्रैल को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को इकट्ठा करने के लिए समिति के लोग नगर में जनसंपर्क तेजी से कर रहे हैं। समाज के लोग टोलियों में जाकर लोगों से मिल रहे हैं। मोहल्ला मौहम्मद गौरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर से कार्यक्रम की शुरूआत झंडा पूजन से होगी। उसके बाद प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

**सोमवार, 30 मार्च 2026**

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

# नो किंग को लेकर प्रदर्शन

ईरान के साथ अमेरिका–इस्राईल युद्ध को 30 दिन हो गए हैं और इसका अंत होता दिखाई नहीं दे रहा है, बल्कि अगर हम यह कहें कि इसका और विस्तार ही हो रहा है, तो गलत नहीं होगा, क्योंकि सुनने में आ रहा है कि अमेरिका ईरान के साथ जमीन पर दो हाथ करने के लिए सैनिक भेज रहा है, लेकिन कहते हैं कि अति हर चीज की बुरी होती है। लोगों की जिस तरह कठिनाइयां इस संघर्ष से बढ़ती जा रही हैं उससे लगता है कि अब लोगों का धैर्य टूटता जा रहा है। जिस तरह कई देशों में इस युद्ध को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए हैं, उससे साफ हो गया है कि अब आम जनता ने मान लिया है कि बस बहुत हो चुका। और देशों की बात तो छोड़िए खुद अमेरिका में ही बेहद बड़े स्तर पर राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए हैं। बताया जा रहा है कि इसमें 80 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया, दिलचस्प बात यह है कि यह प्रदर्शन अमेरिका के सभी पचास राज्यों में 3300 से ज्यादा जगहों पर हुए। इन प्रदर्शनों के आयोजकों का कहना था कि अक्टूबर में पिछले प्रदर्शनों की तुलना में इस बात करीब दस लाख ज्यादा लोग शामिल हैं। लोग इतने उत्तेजित दिखाई दिए कि राष्ट्रपति ट्रम्प और उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स के खिलाफ पोस्टर दिखा रहे थे और उन पोस्टरों पर उन्हें पद से हटाने की मांग की गई थी। लोगों का कहना था कि हमें किंग नहीं चाहिए। वह नॉ किंग का नारा लगा रहे थे। प्रदर्शन के दौरान कई जगह पुलिस के साथ टकराव भी देखने में आया। बात केवल अमेरिका की नहीं है। ग्रीस की राजधानी एथेन्स में अमेरिकी दूतावास के बाहर भी युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। इटली भी प्रदर्शन से अछूता नहीं रहा, वहां की राजधानी में कई बड़े नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। लोग इस्राईल के पीएम नेतन्याहू, इटली की पीएम मिलोनी और ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन खुलकर कर रहे हैं। अमेरिकी डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने प्रदर्शनों को संबोधित करते हुए कहा भी कि ट्रम्प और नेतन्याहू ने अमेरिका को ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी बेपरवाह दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि उनके फैसले देश को मजबूत बनाने के लिए हैं और साथ ही कहा कि वह राजा नहीं हैं। उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप गलत हैं। ट्रम्प कुछ भी कह रहे हैं, लेकिन पेरिस, लंदन जैसे शहरों में जिस तरह बड़े प्रदर्शन उनके खिलाफ हो रहे हैं, उससे साफ हो जाता है कि दुनिया अब इस युद्ध से ऊब चुकी है और शीघ्र इसे खत्म होते देखना चाहती है और डोनाल्ड ट्रम्प और नेतन्याहू के लिए भी यह फैसला ठीक होगा कि वह किंग के बर्ताव से हटकर आम जनता का प्रतिनिधित्व करते दिखाई दें, जो बहुत कठिनाइयों का सामना इस समय कर रही है।

## बसपा में ही बन जाता जेवर एयरपोर्ट



जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम बसपा की सरकार में पूरे हो गए थे, अगर केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस पर रोड़े न अटकाए होते, तो इसका निर्माण काफी पहले ही पूरा हो जाता, काफी लम्बे इंतजार के बाद जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल हवाई अड्डे के प्रथम चरण का कल उद्घाटन हुआ, जबकि इसकी रूपरेखा ही नहीं, बल्कि इसके सभी जरूरी बुनियादी कार्य बीएसपी की मेरी सरकार में ही शुरू हो गये थे, इतना ही नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार अगर रोड़ा नहीं अटकाती, तो विकास का यह कार्य, यमुना एक्सप्रेसवे आदि की तरह, काफी पहले मेरी सरकार में ही पूरा हो गया होता, सपा का तो ज्यादातर समय गरीबी व पिछड़ेपन आदि को दूर करने हेतु विकास के ठोस कार्य करने के बजाय, कमजोर तबकों के हित, कल्याण व उनके उत्थान हेतु लिये गये ऐतिहासिक फैसलों व किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को निष्क्रिय बनाने खर्च हुआ।

**–सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# ट्रम्प की हठधर्मिता से धराशायी हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा





**तनवीर जाफरी**

निःसंदेह संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व के सर्वशक्तिशाली देशों में अपना सर्वोच्च स्थान रखता है। यही वजह है कि दुनिया के अधिकांश देश श्सर्वशक्तिमान अमेरिकाश से अपने मधुर सम्बन्ध बनाए रखना ही बेहतर समझते हैं। अपने प्रभुत्व या दबदबे को कायम रखने के लिए अमेरिका भी अन्य देशों के बीच श्बांटो और राज करोश का खेल खेलता आ रहा है। इसी घिनौने खेल के तहत वह दुनिया के लगभग 57 इस्लामिक देशों में शिया सुन्नी मतभेद को हवा देता रहता है। और इसी प्रोपेगेंडा की आड़ में अमेरिका कई इस्लामिक देशों में सामरिक महत्व के अनेक अड्डे संचालित कर रहा है। विदेश संबंध परिषद के अनुसार अमेरिका इस क्षेत्र में कम से कम 19 देशों पर स्थाई और अस्थाई दोनों तरह के सैन्य ठिकानों का एक व्यापक नेटवर्क संचालित करता है। इनमें बहरीन, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित आठ स्थाई सैन्य अड्डे भी शामिल हैं।

अधिकांश इस्लामिक देशों में सैन्य अड्डे संचालित करने के बदले अमेरिका को वहां की सरकारों से भारी धन भी मिलता है। उदाहरण के तौर पर सऊदी अरब जैसा इस्लामिक देश अमेरिका को अपने यहां तैनात अमेरिकी सैनिकों के खर्च को आंशिक तौर पर उठाने के बदले में लगभग 500 मिलियन डॉलर देता आ रहा है। अमेरिका और मेजबान देश आमतौर पर स्टेटस ऑफ फोर्सेज एग्रीमेंट और अन्य रक्षा समझौतों के तहत तय करते हैं कि कौन कितना खर्च उठाएगा। इन देशों को भी अमेरिकी संरक्षण, हथियारों की बिक्री, प्रशिक्षण, रक्षा गठबंधन और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ने के रूप में लाभ होता है, जिसके बदले वे अमेरिकी सैनिकों के खर्च या उपयोग के लिए कुछ न कुछ भुगतान या संसाधन देते हैं। अमेरिका दशकों से इसी नीति पर चलते हुए अनेक तेल उत्पादक इस्लामिक देशों से अपनी आवश्यकतानुसार तेल लेता है साथ ही इनकी सुरक्षा के नाम पर इन्हें हथियार भी बेचता है। कुल मिलकर इस प्रपंच के पीछे वह इन देशों को यही सन्देश देता आ रहा है कि –श्अमेरिका ही तुम्हारा रक्षक है अन्यथा ईरान जैसा देश मध्य एशिया के खाड़ी देशों को निगल जाएगा, परन्तु गत 28 फरवरी से अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध के बाद ईरान ने स्वयंभू महाबली अमेरिका को जिस तरह उसकी औकात दिखाई है उसने अमेरिका व इस्राईल सहित स्वयं को अमेरिकी सैन्य ठिकानों के बल पर सुरक्षित रहने की दशकों से गलत धारणा पाले बैठे इस्लामिक देशों को भी बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया है। ईरान ने जिन लगभग 8 मुस्लिम देशों पर हमले किए इनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, बहरीन, जॉर्डन व इराक जैसे देशों के नाम शामिल हैं। इन ईरानी हमलों में असली निशाना खाड़ी देशों में फैले अमेरिकी सैन्य ठिकाने थे, न कि इन देशों के सार्वभौमिक इलाके। इन हमलों से अमेरिका की रडार, संचारघसिस्टम,थाड एंटी–मिसाइल रडार, हैंगर, रिफ्युलिंग विमान और ढांचा जैसे संवेदनशील टार्गेट पर निशाने साधे जिससे अमेरिकी सैन्य संचालन की क्षमता कहीं घटी तो कहीं बिल्कुल ही समाप्त हो गई। इन्हीं ईरानी हमलों के बाद अमेरिका को अपना रक्षक समझने वाले खाड़ी के इस्लामिक देशों को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि जब अमेरिका खुद अपने सैन्य ठिकानों की हिफाजत नहीं कर सका तो वह दूसरे देशों की रक्षा कैसे करेगा ? इन्हीं हालात ने इस्लामिक देशों को यह सोचने के लिए भी मजबूर किया है कि अमेरिका पर सुरक्षा हेतु निर्भर रहने से बेहतर है इस्लामिक देशों के परस्पर मधुर संबंध बनाना। और साथ ही इनमें से कई इस्लामिक देशों ने अमेरिका व इस्राईल द्वारा खड़े किए गए शिया–सुन्नी मतभेद के पीछे की चाल को भी पहचान लिया है। इसीलिए पूर्णतयः अमेरिकी अनुकम्पा पर आश्रित रहने वाले चंद पिछलग्गू देशों के सिवा अधिकांश देशों ने अमेरिका से फासला बनाकर रखने का मन बना लिया है। ट्रंप ने इस्राईल के दबाव अथवा बहकावे में आकर अपने जिद्दीपन के चलते ही ईरान विरोधी सैन्य अभियान में शामिल होने जैसा जो घातक फैसला किया है उससे दुनिया के अनेक देश ही खिलाफ नहीं बल्कि अमेरिका में घरेलू स्तर पर भी काफी विरोध के स्वर बुलंद हुए हैं। गत दिनों किए गए अनेक सर्वेक्षणों में लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक अमेरिकियों ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य हमलों का विरोध किया है या ट्रंप के इस निर्णय से अपनी असहमति जताई है। कई सर्वेक्षणों में तो इन्हें अत्यधिक हस्तक्षेप या अनावश्यक युद्ध तक की संज्ञा भी दी गई है। डेमोक्रेट पार्टी के विशेष जनसमूह और कई उदारवादी व प्रगतिशील संगठनों ने ट्रंप की ऐसी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किए ऑनलाइन अभियान चलाए और कांग्रेस में प्रस्ताव लाकर इसका विरोध भी किया है। कांग्रेस में डेमोक्रेट नेता टिम केन द्वारा रिपब्लिकन रेंड पॉल के साथ एक द्विदलीय वार पावर रेजोल्यूशन भी लाया गया जिसका उद्देश्य ट्रंप को ईरान के खिलाफ हथियारबंद अभियान सीमित करने के लिए बाध्य करना था। हालांकि यह प्रस्ताव खारिज जरूर हो गया, परन्तु इसके द्वारा अमेरिका में ही ट्रंप की नीतियों का औपचारिक विरोध जरूर उजागर हुआ। कई प्रमुख अमेरिकी मीडिया और विदेश नीति विशेषज्ञों ने ईरान में युद्ध को गलत अमेरिकी रणनीति बताया और इसे ह्इस्राईल के दबावह्न में घसीटा गया युद्ध और अमेरिकी संसाधनों के व्यर्थ बर्बादी के रूप में वर्णित किया गया है । ट्रंप की नीतियों का यह विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि अमेरिकी राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी केंद्र के निदेशक जोसेफ केंट ने ईरान के साथ जारी युद्ध के विरोध में अपने पद से इस्तीफा तक दे दिया। अपने इस्तीफे के पत्र में जोसेफ केंट ने स्पष्ट लिखा कि ईरान से अमेरिका को ह्कोई तत्काल खतराह्न नहीं था और यह युद्ध इस्राईल और उसकी अमेरिकी लॉबी के दबाव में शुरू किया गया है, इसलिए वे इसका समर्थन नहीं कर सकते। ट्रंप प्रशासन के भीतर कुछ राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया विभाग के अधिकारियों में भी ईरान युद्ध के विरुद्ध असंतोष और मौन विरोध है। कहना गलत नहीं होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी इतिहास के अब तक के सबसे पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं जिन्होंने अपने बड़बोलेपन,घातक व अगंभीर निर्णयों से अमेरिका की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है। जब जिस देश पर चाहे मनमाना टेरिफ लगाकर अन्य देशों को विचलित करना,कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बता देना,कभी वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै व उनकी पत्नी का जबरन अपहरण कर लेना कभी ग्रीन लैंड पर कब्जे की बात करना कभी क्यूबा पर हमला करने की बातें कर दूसरे देशों की संप्रभुता को ठेंगा दिखाना तो कभी ईरान युद्ध को लेकर बुरी तरह फंसने के बाद युद्ध से बाहर निकलने के लिए तरह तरह के झूठ बोलना व बहाने तलाशना और सोने पर सुहागा यह कि एप्सटीन फाइल्स में ट्रंप जैसों का नाम आने के बाद इनकी बौखलाहट का और अधिक बढ़ जाना इस नतीजे पर पहुंचने के लिए काफी है कि ट्रंप की हठधर्मिता ने अमेरिकी प्रभुत्व की वैश्विक धारणा को पूरी तरह धराशाई कर दिया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**गत 79 वर्षों में हमारी सरकारों ने अगर इस अनुभव का लाभ उठाया होता और आर्थिक विकास के मॉडल को इस तरह दिशा दी होती की गांव का जीवन आत्मनिर्भर बनता तो शहरीकरण और उससे पैदा हुई हजारों चुनौतियां आज हमारे सामने मुंह बाय न खड़ी होती। गांव की लक्ष्मी गांव में रहती और गांव का युवा गांव में ही रोजगार पाता तो करोड़ों भारतवासियों को गंदी बस्तियों में नारकीय जीवन न जीना पड़ता। मुझे लगता है कि अगर गौ रक्षा के मामले में एक नई और समेकित सोच को केंद्र में रखते हुए विकास का मॉडल तैयार किया जाए तो गो वंश और भूमिहीन परिवारों का बहुत कल्याण हो सकता है। ए कोरी कल्पना नहीं है। इस दिशा में हमने एक छोटा सा प्रयोग 20 बरस पहले मथुरा में करके देखा था। जिसके सकारात्मक परिणाम आए।**

# आ अब लौट चलें...



**विनीत नारायण**



जो लोग एक्स (ट्विटर) पर गंभीर विषयों को तलाशते रहते हैं उन्हें पता है कि किस तरह बाजारू शक्तियां हमारे दैनिक जीवन पर शिकंजा कसती जा रही हैं। हमारे खाद्यान, सब्जियां, फल व दूध ही नहीं, हमारी दवाईयां और वैक्सीन तक सब पर इन ताकतों का कब्जा है। इनका उद्देश्य ना तो हमें स्वस्थ रखना है और ना ही सुखी। अरबों खरबों रुपये का मुनाफा कमाना ही इनका उद्देश्य होता है। इनके लिए हम सब प्रयोगशाला के जानवर हैं, जिन पर यह लगातार खतरनाक परीक्षण करते रहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का ताना–बना इस तरह बुना जाता है कि दुनिया के तमाम देशों का नेतृत्व इन ताकतों के चंगुल में फसा रहे और अपनी प्रजा के हितों का बलिदान करके भी इनके मुनाफे बढ़ाने में मदद करे। इन ताकतों का मुख्य केंद्र है अमरीका। यह सर्वविदित है कि अमरीका की शस्त्र उद्योग लॉबी अमरीकी शासकों को मोहरा बना कर दुनिया भर में युद्ध करवाती रहती है। जिससे उसका माल बिकता रहे। इन ताकतों के आगे अमरीका का सभ्य और सुसंस्कृत समाजभी लाचार है। 'एपस्टीन फाइल्स' में जिस क्रूर, पाशविक प्रवृत्तियों का खुलासा हुआ है उसके बाद अमरीका के तमाम मशहूर बड़े लोग जेल के सीखचों के पीछे होने चाहिए थे, पर वहां ऐसा नहीं हो रहा। गोस्वामी तुलसीदास जी लिख गए हैं कि समरथ को नहीं दोष गुसाईं। जिस तरह के संकट और महामारियां अब लगातार हमारे जनजीवन पर बार–बार हमला करने लगी हैं, उससे यह स्पष्ट है कि हमारा और हमारी अगली पीढ़ियों का भविष्य अंधकार मय है। राष्ट्र का 'सकल घरेलू उत्पादन' या आर्थिक वृद्धि की दर उस राष्ट्र के लोगों के सुखी और स्वस्थ होने का पैमाना नहीं होते। ये आंकड़े उन्हें मुट्ठी भर लोगों को हर्षित करते हैं जो देश के तीन चौथाई संसाधनों पर कब्जा किए बैठे हैं। अगर लोगों की खुशहाली देखना है तो हमें पड़ोसी देश भूटान की ओर रुख करना पड़ेगा। जो अपनी प्रगति को सकल घरेलू उत्पादन के पैमाने पर नहीं बल्कि सकल घरेलू उल्लास हैप्पीनेस इंडेक्स के पैमाने पर नापता है। हमें अपने विकास की दिशा और दशा बदलनी चाहिए। देश के 5.5 लाख गांवों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। जिससे आम भारतीय बाजारू शक्तियों के मकड़ जाल से बच कर सुखी और स्वस्थ जीवन जी सके। खाड़ी के देशों में चल रहा भयानक युद्ध, उससे निरंतर बढ़ता ऊर्जा संकट और वायु में घुलता जहर पूरी दुनिया के लिए हर दिन चिंता बढ़ा रहा है। इसका बुरा असर अर्थव्यवस्था और रोजगार पर भी पड़ रहा है। समस्या भयावय होती जा रही है। हर घर में अनिश्चितता और हताशा बढ़ने लगी है। कुकिंग गैस पर से निर्भरता हटा कर गोबर के कंडों और लकड़ी पर लौटना पड़ सकता है।

क्यों न इस दिशा में एक नई पहल की जाए। सनातन हिन्दू संस्कृति में गाय को मां माना जाता है। धर्म शास्त्र कहते हैं कि गाय में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है। गाय का दूध, उससे बना दही, छाछ, पनीर व घी स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। देशी गाय के गोबर और मूत्र के गुण वैज्ञानिक परीक्षणों से सिद्ध हो चुके हैं। सदियों से हर सनातनी के घर गौ पालन की प्रथा थी, पर शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली ने इस परंपरा को बहुत तेजी से नष्ट किया है। गौ वंश और कृषि आधारित जीवन आम भारतीय को स्वस्थ और सुखी रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ सिद्ध हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओली की गिरफ्तारी से दहशत और सन्नाटे में नेपाल की राजनीति





**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में सत्ता परिवर्तन की अनुभूति का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, नेपाल की जनता ने ऐसा नहीं सोचा था। ठीक है राजनीति में बदले की भावना भी एक अध्याय है लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार ठीक था। माना कि पूर्व पीएम और कम्युनिस्ट विचारधारा के वरिष्ठ नेता केपी शर्मा ओली के खिलाफ की गई कार्रवाई कानून का हिस्सा है लेकिन इसकी जो टाइमिंग है वह बालेन सरकार पर सवाल खड़ा करती है। अब इसे कोई नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा पर प्रहार मान रहा है तो कोई हिन्दू राष्ट्र का आगाज। सच क्या है,यह जानने के लिए कयासबाजी और शंका आशंका से बचना होगा।

बालेन शाह को जनता ने अटूट विश्वास के साथ सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाया है। उन्हें जनता के हित को वरियता देनी चाहिए थी। कानून तो अपना काम देर सबेर करता ही। पूर्व सांसद महेश बस्नेत और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक खड़का को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस तरह गिरफ्तारी अभियान चल रहा है उससे ऐसा लगता है अभी और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी मुमकिन है। शपथ ग्रहण के बाद जनता के हित के लिए कुछ निर्णय लिया गया होता तो परिवर्तन की अनुभूति का यह अच्छा संकेत होता। ओली अथवा उनकी सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक तथा पूर्व आईजी चंद्र कुबेर खापुंग के खिलाफ कार्रवाई तय थी क्योंकि पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में जेन जी आंदोलन के समय हुई जनहानि और सरकारी संपत्तियों के नुकसान के कारणों की जांच हेतु गठित आयोग ने इन तीनों को जिम्मेदार ठहराया है। सवाल केवल आंदोलन के समय नुकसान और जनहानि का ही नहीं है,ओली और उनके तत्कालीन सरकार के तमाम मंत्री और बड़े अफसरों के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। बड़े बड़े धन्ना सेठों के करोड़ों करोड़ बिजली बिल को भारी धनराशि वसूल कर रफा–दफा किया गया है। एक तरह से यह सरकारी खजाने की लूट है जिसमें सत्ता दल के नेता और अफसरों ने जमकर लूट की।नकली भूटानी नागरिकता मामले में विभिन्न दलों के तमाम बड़े नेता और मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। इनमें कई तो अभी भी जेल में हैं, जबकि कुछ जमानत पर बाहर आ गए। नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा के भी इस लूट में शामिल होने की चर्चा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने ने ऐसे तमाम भ्रष्टाचार की जांच की पहल की थी, लेकिन ओली सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। नतीजा रवि लामी छाने को गृहमंत्री पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था।इस तरह देखें तो नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद जिसके भी नेतृत्व में सरकारों का गठन हुआ,सब के सब सिर्फ अपनी जेबें भरते रहे, अपने बेटी बेटों और रिश्तेदारों का ख्याल करते रहे। कहना न होगा कि पूर्व की लोकतांत्रिक सरकारें जनता की सरकार न रहकर प्रायवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम कर रहीं थीं, बेशर्मी की हद पार करते हुए। जिन आरोपों में पूर्व पीएम ओली और उनके गृह मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है, देखें तो उसकी जद में पूर्व पीएम और माओवादी केंद्र के अध्यक्ष प्रचंड भी आ सकते हैं। राजशाही के खिलाफ लंबे समय तक चले जनयुद्ध में हजारों लोग मारे गए थे। प्रचंड ने कुछेक मौकों पर इस नरसंहार की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ली थी। सार्वजनिक मंच से प्रचंड के इस कबूलनामें को अपराध स्वीकार करना मानते हुए ओली ने ही जांच आयोग गठित करने की बात कही थी। यदि बालेन सरकार ने ऐसा कर दिया तो प्रचंड की भी मुश्किलें बढ़ सकती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए बालेन सरकार के इस जंग में अच्छे अच्छों की मुसीबतें बढ़नी तय है और तब ऐसा हो सकता है कि अभी जो सारे दल अलग–अलग हैं वे एक साथ मिलकर बालेन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को एक जुट हो जाएं।बालेन सरकार की कार्रवाई यदि ओली, रमेश लेखक की गिरफ्तारी तक ही रही तो उन पर दुर्भावना का आरोप लग सकता है। इस तोहमत से बचने के लिए एक एक करके सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई मुमकिन है। इस बीच ओली की गिरफ्तारी के बाद उपजे आंदोलन और प्रदर्शन को लेकर नेपाली कांग्रेस में अलग–अलग मत उभर कर सामने आया है। बालेन सरकार को सोचना होगा कि आंदोलन और प्रदर्शनों की दशा में उनके समक्ष जनता से किए गए वादों को पूरा कर पाना मुश्किल होगा क्योंकि फिर उन्हें कानून व्यवस्था से निपटने में ही वक्त जाया करना पड़ेगा।

ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ काठमांडू में जिस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई, जाहिर है नवनियुक्त सरकार उससे असहज हुई है। हजारों की संख्या में एमाले कार्यकर्ता राजधानी की सड़कों पर उतर कर कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए। काठमांडू की मुख्य सड़कों पर मशाल जुलूस निकाल कर बालेन और गृहमंत्री सुडान गुरूंग के स्तीफे की मांग करते रहे। यह आंदोलन कुछ दिन और चल सकता है। एमाले के पूर्व सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता कहते हैं कि जेन जी आंदोलन के उग्र होते ही ओली और गृहमंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था ऐसे में सरकारी संपत्तियों के नुकसान और जनहानि की जिम्मेदारी इन पर कैसे हो सकती है। वहीं इस घटना की जांच हेतु गठित आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हामी नेपाल के संचालक सुडान गुरूंग जो अब गृहमंत्री हैं ने काठमांडू जिला प्रशासन से शांति पूर्वक आंदोलन की अनुमति ली थी फिर भी ओली सरकार उग्र और हिंसक प्रदर्शन को काबू करने में नाकामयाब रही। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में जिन्हें आरोपित किया है उनके खिलाफ और गहनता से जांच की आवश्यकता बताई है। हालांकि जांच आयोग ने ओली के खिलाफ तीन साल से दस साल तक कारावास के सजा की संस्तुति की है यह जानते हुए भी कि ओली किडनी रोग के गंभीर मरीज हैं और उनका जीवन डायलिसिस पर निर्भर है। फिलहाल ओली और रमेश लेखक को अभी पांच दिन की पुलिस हिरासत में रखा गया है। ओली की गिरफ्तारी से नेपाल की राजनीति में दहशत भरा सन्नाटा पसरा हुआ है, भ्रष्टाचारी नेता और अफसर किसी कोने में दुबके हुए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जम्मू-कश्मीर। जम्मू में आयोजित 'जम्मू मैराथन 2026' के दौरान पदक प्रदर्शित करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## पाक ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर सकेंगे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने रविवार को कहा कि ईरान ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को व्यस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दो जहाज इस जलडमरूमध्य क्षेत्र से गुजरेंगे। डार ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ईरान सरकार ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है। उन्होंने इसे 'शांति का संकेत' और ईरान का 'स्वागत योग्य और रचनात्मक कदम' बताते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र में स्थिरता लाने में सहायक होगा।

## रूसी वायु रक्षा बलों ने 200 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूसी वायु रक्षा बलों ने शनिवार रात रूसी क्षेत्रों के ऊपर मंडरा रहे 203 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट करने में सफलता हासिल की है। मंत्रालय ने मीडिया एजेंसी मैक्स को बताया कि पिछली रात, वायु रक्षा चेतावनी तंत्र ने बेलगोरोड, ब्रायन्स्क, वोल्गोग्राद, वोरोनेज, कलुगा, कुर्स्क, लेनिनग्राद, नोवगोरोड, ओरयोल, पेन्जा, प्सकोव, रोस्तोव, समारा, सारातोव, स्मोलेंस्क, टवर, तुला क्षेत्रों, मॉस्को क्षेत्र, क्रास्नोदार क्षेत्र, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर 203 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया। यह भी कहा गया है कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है और इन्हें नष्ट कर सुरक्षा बलों ने काफी उपलब्धि हासिल की है।

# किम जोंग उन ने बढ़ाई ट्रम्प की बढ़ी टेंशन

### उत्तर कोरिया ने अमेरिका तक मार करने वाले मिसाइल इंजन का किया परीक्षण, अमेरिकी रक्षा तंत्र के लिए खतरा

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक नए और शक्तिशाली मिसाइल इंजन के परीक्षण का जायजा लिया। सरकारी मीडिया ने रविवार को इसकी जानकारी दी। यह इंजन एक अपग्रेडेड, हाई-थ्रस्ट, सालिड-फ्यूल पर आधारित है और इसकी ताकत पहले से कहीं ज्यादा है। किम जोंग उन ने इसे देश की सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। इस परीक्षण का मकसद ऐसी मिसाइलें बनाना है जो अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकें।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इन मिसाइलों को पहचानना और रोकना बहुत मुश्किल है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, यह इंजन कार्बन फाइबर से बना है। इस इंजन की अधिकतम ताकत 2500 किलोटन मापी गई है। इससे पहले सितम्बर में हुए परीक्षण में यह ताकत 1970 किलोटन थी। यह टेस्ट देश के पांच साल के हथियार विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। इसका लक्ष्य परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को और आधुनिक बनाना है। किम जोंग उन ने कहा कि इस टेस्ट से देश की रणनीतिक ताकत सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि,



■ इस परीक्षण का मकसद ऐसी मिसाइलें बनाना है जो अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकें

यह टेस्ट कब और कहां हुआ, इसकी सटीक जानकारी नहीं दी गई है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया के दावे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हो सकते हैं। दक्षिण कोरिया के एक शोधकर्ता ली चुन ग्यून ने कहा कि उत्तर कोरिया इसमें कुछ बातें छिपा रहा है। उन्होंने इंजन के जलने के कुल समय जैसी जरूरी जानकारी नहीं दी है। उत्तर कोरिया ने सितम्बर के परीक्षण को सालिड-फ्यूल इंजन का नौवां और अंतिम ग्राउंड परीक्षण बताया था, और पहले कहा था कि इस इंजन का उपयोग इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) के लिए किया जाएगा। उस समय पर्यवेक्षकों ने अनुमान लगाया था कि उत्तर कोरिया जल्द ही उस इंजन से लैस एक आईसीबीएम का परीक्षण-प्रक्षेपण करेगा, लेकिन उसने अभी तक ऐसा नहीं किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के इस कार्यक्रम में कुछ देरी हो रही है। यह भी संभव है कि वह रूस की तकनीकी मदद से बेहतर इंजन बना रहा हो। हाल के समय में रूस और उत्तर कोरिया के बीच संबंध गहरे हुए हैं। उत्तर कोरिया ने यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद के लिए अपने सैनिक और हथियार भी भेजे हैं। ठोस ईंधन वाले इंजन से उत्तर कोरिया छोटी मिसाइलें भी बना सकता है। इन्हें पनडुब्बियों या मोबाइल ट्रकों से लान्च करना आसान होगा। जो कि अमेरिका के रक्षा तंत्र के लिए खतरा बढ़ाएगा। उत्तर कोरिया ने पिछले कुछ वर्षों में कई मिसाइलों का परीक्षण किया है। ये मिसाइलें अमेरिका तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया को अभी भी कुछ तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती मिसाइल के वारहेड को वायुमंडल में दोबारा प्रवेश कराते समय सुरक्षित रखना है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान संकट पर रूस की मददगारों को नसीहत

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि ईरान संकट का समाधान निकालने में मदद करने की कोशिश कर रहे बाहरी पक्षों को सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे पर ध्यान नहीं देना चाहिए। यह बात रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के लिए विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सैफ्रोनकोव ने कही है। सैफ्रोनकोव ने कहा कि यहां मुझे यह बताना जरूरी लगता है कि, कुल मिलाकर, खाड़ी में मौजूदा संकट के साथ-साथ अन्य संघर्षों का समाधान बाहरी पक्षों की समन्वित कार्रवाई पर निर्भर करता है। यह जरूरी है कि हर कोई 'खेल के एक ही नियम' के अनुसार काम करे और सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे से निर्देशित न हो।

### रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच हो: लीबिया

**बेनगाजी।** लीबिया की सर्वोच्च राज्य परिषद (एसएससी) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदेल अब्देलकाफी ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को देश के तट से दूर भूमध्य सागर में रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि रूस के परिवहन मंत्रालय ने तीन मार्च को कहा था कि रूसी गैस टैंकर 'आर्कटिक मेटागाज' पर लीबिया के तट से दूर, भूमध्य सागर में माल्टा के क्षेत्रीय जल क्षेत्र में यूक्रेन की मानवरहित नावों द्वारा हमला किया गया था।

### ड्रोन कार्रवाई में रूस के उस्त-लूगा तट को हुआ नुकसान

**मॉस्को।** रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में 27 ड्रोन मार गिराए जाने से उस्त लूगा तट को नुकसान पहुंचा है। लेनिनग्राद के गवर्नर अलेक्सांद्र ड्रोज्डेन्को ने यह जानकारी दी है। उन्होंने मैक्स पर कहा सत्ताईस यूएवी मार गिराए गए। उस्त-लूगा तट को नुकसान पहुंचा है। कोई हताहत नहीं हुआ। गवर्नर ने बताया कि हमले की जवाबी कार्रवाई जारी है।

### अमेरिका में 48 रूस विभिन्न जेलों में बंद: संघीय जेल ब्यूरो

**वाशिंगटन।** अमेरिका में वर्तमान में 48 रूसी नागरिक विभिन्न जेलों में बंद हैं, जो देश की जेलों में बंद सभी विदेशी नागरिकों का लगभग 0.2 प्रतिशत है। विधि विभाग के संघीय जेल ब्यूरो (बीओपी) की प्रेस सेवा ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती को यह जानकारी दी है। फिलहाल अमेरिकी गोपनीयता कानूनों के तहत प्रतिबंधों का हवाला देते हुए इन व्यक्तियों के नाम और व्यक्तिगत विवरण का खुलासा नहीं किया गया है। एजेंसी ने यह भी बताया कि वर्तमान में 48 यूक्रेनी नागरिक और चार बेलारूसी नागरिक अमेरिकी जेलों में हैं। बीओपी के अनुसार, अमेरिकी जेलों में बंद सभी विदेशियों में से आधे से अधिक, यानी लगभग 12500 लोग, मैक्सिको के नागरिक हैं।

# IRGC टारगेट पर अब इजरायली-अमेरिकी विश्वविद्यालय

### तेहरान में विश्वविद्यालय पर हमले के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अपना वैध लक्ष्य करार दिया

**मॉस्को/तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने तेहरान में एक विश्वविद्यालय पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में इजरायली और अमेरिकी विश्वविद्यालयों को हमलों के लिए वैध लक्ष्य मानना शुरू कर दिया है। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। चैनल ने टेलीग्राम पर बताया कि तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में मौजूद सभी अमेरिकी और इजरायली विश्वविद्यालय वैध लक्ष्य हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस्फाहान यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और तेहरान स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, उन कई विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केंद्रों में से केवल दो हैं, जिन पर पिछले 30 दिनों के दौरान ईरानी राष्ट्र के खिलाफ छेड़े गए अपने अवैध युद्ध के दौरान हमलावरों ने जानबूझकर हमले किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि वास्तव में, ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की आक्रामकता का असली मकसद लगातार सामने आ रहा है: विश्वविद्यालयों, अनुसंधान केंद्रों, ऐतिहासिक स्मारकों और प्रमुख वैज्ञानिकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाकर हमारे देश की वैज्ञानिक नींव और सांस्कृतिक विरासत को पंगु बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का यह दावा कि वह ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम' और 'आसन्न खतरे' का मुकाबला कर रहा है कि सिवाय दुर्भावनापूर्ण बहानों के और कुछ नहीं है-ये केवल मनगढ़ंत बातें हैं जिनका मकसद उनके असली इरादों को छिपाना है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में विभिन्न लक्ष्यों पर हमले शुरू कर दिए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। इसके जवाब में ईरान इजरायली क्षेत्र में सैन्य लक्ष्यों के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है। दूसरी ओर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण बीते एक माह में जान माल का बेहिंसाब नुकसान हुआ है, लेकिन इस संघर्ष का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। दोनों देश अपने-अपने संघर्षविराम मसौदे पेश कर चुके हैं लेकिन अब तक आम सहमति नहीं बन सकी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बीते एक माह में ईरान में मृतकों की संख्या 1900 से अधिक हो गई है। लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के कारण 1100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जिनमें 121 बच्चे शामिल हैं।




■ ईरान युद्ध में बीते एक माह के दौरान जान माल का बेहिंसाब नुकसान, हजारों लोग हताहत, लाखों विस्थापित

इजरायल पर हुए हमलों में करीब 20 लोगों की जान गई, जबकि खाड़ी क्षेत्र में लगभग 25 लोगों के मारे जाने की खबर है। अरब देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमलों में कई सैनिक हताहत हुए हैं, जिनमें कम से कम छह सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है। लेबनान में 12 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। ईरान में करीब 10,000 नागरिक ठिकानों को नुकसान पहुंचा है। यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ जब अमेरिका और इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई शहरों पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौत हुई। इसी दिन ईरान के होर्मोजगान प्रांत के मिनाब शहर का एक बालिका विद्यालय भी अमेरिकी मिसाइल का निशाना बना, जिसमें 165 लोगों की मौत हुई।

मृतकों में ज्यादातर 7-12 वर्ष की छात्राएं थीं, हालांकि अमेरिका ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और कहा कि घटना की जांच हो रही है। अमेरिका-इजरायल ने आयतुल्ला खामेनेई की हत्या को 'पूर्ववर्ती हमला' करार दिया। इसके जवाब में ईरान ने अपनी पूर्व की चेतावनियों पर अमल किया और इजरायल के साथ-साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले किए। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज जलडमरुमध्य को भी बंद कर दिया, जहां से पूरी दुनिया का 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। युद्ध के शुरुआती दिनों में ही हिजबुल्लाह भी संघर्ष में शामिल हो गया, जिसके बाद इजरायल ने लेबनान में जमीनी कार्रवाई शुरू की। इस दौरान खाड़ी देशों ने हमलों की निंदा की, जबकि अमेरिका ने कहा कि उसका लक्ष्य ईरान की सैन्य क्षमता को नष्ट करना है। युद्ध के दूसरे सप्ताह तक यह स्पष्ट हो गया कि ईरानी शासन ध्वस्त नहीं हुआ है और युद्ध लंबा खिच सकता है। तीसरे सप्ताह में संघर्ष और तेज हुआ जब इजरायल ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों, विशेषकर साउथ पार्स गैसफील्ड पर हमला किया। इस हमले के बाद धधकती आग के कारण कई किलोमीटर दूर तक काले बादल छा गए और आसपास के इलाकों में काली बारिश भी हुई। इसके जवाब में ईरान ने क्षेत्र के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया। इस दौरान इजरायल ने सुरक्षा सचिव अली लारिजानी और बासिज प्रमुख गुलामरजा सुलेमानी सहित ईरान के कई शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की हत्या की। दूसरी ओर, ईरान ने अमेरिका की सैन्य क्षमता पर हमला जारी रखा। अमेरिकी सेना की केन्द्रीय कमान के अनुसार, वह ईरान में 11000 से ज्यादा सैन्य लक्ष्यों पर हमला कर चुका है और उसे करीब 3500 ठिकानों पर हमला करना बाकी है। उधर, होर्मुज जलडमरुमध्य बंद होने के कारण तेल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं और वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। चौथे सप्ताह में अमेरिका ने संकेत दिया कि वह कूटनीतिक समाधान की तलाश में है और ईरान को युद्धविराम का प्रस्ताव भेजा।

## लेबनान में पत्रकारों की मौत पर ईरान की कड़ी प्रतिक्रिया

**तेहरान/बेरूत।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए इसे 'सिर्फ मीडिया जगत के लिए बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी' बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेझीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन के पत्रकार सुफातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजराइल रक्षा बल द्वारा किया गया बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में अराघची ने इस हमले को 'स्पष्ट रूप से लक्षित हत्या' करार दिया और कहा कि यह 'सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश' है। उधर इजरायल की सेना ने अली शोएब की मौत की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि वह हिजबुल्लाह का सदस्य था और पत्रकार के रूप में काम कर रहा था। गौरतलब है कि लेबनान में संघर्ष शुरू होने के बाद यह दूसरी बार है जब इजराइल पर पत्रकारों को निशाना बनाने के आरोप लगे हैं, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है।

## ईरान जंग पर पाकिस्तान की 3 देशों के साथ मीटिंग

**इस्लामाबाद।** ईरान जंग को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू हो गई है। पाकिस्तान इस बैठक को होस्ट कर रहा है। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात की हैं। इसके साथ ही इशाक डार तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे। यहां वे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की भूमिका निभाने की भी पेशकश भी कर चुका है। उसने ईरान को 15 सूत्रीय अमेरिकी प्रस्ताव भी सौंपा है। इसमें ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को पूरी तरह बंद करना, मिसाइल कार्यक्रम घटाना, क्षेत्रीय प्राक्सी ग्रुप्स से समर्थन रोकना और सैंक्शन्स में राहत जैसे मुद्दे शामिल हैं। ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है।

■ रूस, सऊदी-तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्री इस्लामाबाद पहुंचे
■ इशाक डार तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे

## कुर्दिस्तान के राष्ट्रपति आवास पर ड्रोन अटैक

### अमेरिका ने बताया कायरतापूर्ण हमला

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया का पूरा इलाका इन दिनों बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है। ताजा मामला इराक के कुर्दिस्तान से आया है, जहां राष्ट्रपति के आवास को निशाना बनाकर एक बड़ा ड्रोन हमला किया गया। इस हमले ने न सिर्फ कुर्दिस्तान बल्कि अंतर्राष्ट्रीय गलियारों में भी हड़कंप मचा दिया है। घटना के बाद से अमेरिका बेहद तल्ख तेवर में नजर आ रहा है।

वहीं, ईरान भी चुप नहीं है। दोनों देशों के बीच का पुराना विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। जैसे ही राष्ट्रपति आवास पर हमले की खबर आई, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बिना देर किए एक बयान जारी किया। अमेरिका ने हमले को 'कायरतापूर्ण आतंकवादी कृत्य' बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। अमेरिका ने साफ लफ्जों में कहा है कि वह कुर्दिस्तान और इराक की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ मजबूती से खड़ा है। अमेरिका ने इराकी प्रशासन से मांग की है कि इस साजिश के पीछे जो भी चेहरे हैं, उन्हें बेनकाब कर सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस एक हमले ने जितनी दहशत जमीन पर नहीं फैलाई, उससे कहीं ज्यादा इसने कूटनीतिक गलियारों में तनाव पैदा कर दिया है। हमले के कुछ ही घंटों के भीतर अमेरिका और ईरान के बीच आरोपों के तीर चलने लगे। अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों का दावा है कि इस हमले के पीछे उन उग्रवादी गुटों का हाथ है, जिन्हें सीधे तौर पर ईरान से खाद-पानी और हथियार मिलते हैं। अमेरिका ने कहा कि ईरान समर्थित ये गुट क्षेत्र में अपनी धमक बनाए रखने के लिए ऐसे हमलों को अंजाम देते रहते हैं। दूसरी तरफ, ईरान ने भी इन आरोपों पर चुप रहना ठीक नहीं समझा। ईरान ने अमेरिका के इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।



■ ईरान के साथ छिड़ी जुबानी जंग, अंतर्राष्ट्रीय गलियारों में भी हड़कंप मचा

## जमीनी हमले की साजिश रच रहा अमेरिका: गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों को रोकने के कूटनीतिक प्रयास लगातार जारी हैं। हालांकि, हमलों का स्तर कम न होने से पश्चिम एशिया में तनाव गहराता जा रहा है। इस बीच ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने रविवार को दावा किया कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का दिखावा कर रहा है, लेकिन हकीकत में वह एक जमीनी हमले की योजना बना रहा है।

मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि दुश्मन सार्वजनिक रूप से बातचीत और संवाद के संदेश भेज रहा है, जबकि गुप्त रूप से जमीनी हमले की साजिश रच रहा है। गालिबाफ ने यह भी कहा कि ईरान के सैनिक अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर उतरने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें आग लगाकर खाक कर सकें। उन्होंने कहा कि दुश्मन बातचीत की बात करता है, लेकिन जमीनी आक्रमण की योजना बना रहा है। अमेरिका संघर्षविराम के लिए 15 सूत्रीय सूची के जरिए से वह हासिल करने की कोशिश कर रहा है जो वह युद्ध में नहीं जीत सका। हमारी सेनाएं तैयार हैं और हम कभी अपमानित नहीं होंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने कहा कि अमेरिका को जवाब देकर उनके क्षेत्रीय सहयोगियों को हमेशा के लिए सबक सिखाएंगे।

■ ईरानी सैनिक अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर उतरने के इंतजार में ताकि उन्हें आग लगाकर खाक कर सकें

# ईरान में जमीनी अभियान की अमेरिका कर रहा तैयारी

### अभियान मे विशेष ऑपरेशन बलों व पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों की कार्रवाई शामिल होगी

■ अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी अभियान की तैयारी कर रहा है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है।

अखबार के अनुसार किसी भी संभावित जमीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। अखबार ने बताया कि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पेंटागन की उन योजनाओं में से किसी को मंजूरी देंगे। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली के पहुंचने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों पर जवाबी हमले कर रहा है। वहीं अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए है। अमरीकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) यह जानकारी दी है। सेंटकॉम द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने अब तक 11000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किए है, जिसमें 150 से ज्यादा क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए जहाज शामिल हैं। सेंटकॉम ने दावा है कि अमरीकी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने 11000 से ज्यादा उड़ानें भरी हैं। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमला करना शुरू किया था। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी जवाबी हमला कर रहा है।

## परमाणु स्थलों पर रेडिएशन का स्तर बढ़ने की सूचना दे ईरान: आईएईए

**वियना।** ईरान के परमाणु स्थलों पर अगर रेडिएशन का स्तर बढ़ता है, तो वह इसकी सूचना अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को देगा। वियना में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने आरआईए नोवोस्ती को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। उल्यानोव ने कहा कि रेडिएशन प्रदूषण के संबंध में कुछ ईरानी एजेंसियां हैं जो निश्चित रूप से रेडिएशन के स्तर को माप रही हैं और अगर यह स्तर बढ़ता है, तो वे आईएईए सचिवालय को सूचित करेंगी। मुझे लगता है कि इस बात का भरोसा किया जा सकता है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108